सूर्योदय 5:49 सूर्यास्त 7:01

आज का तापमान

शिमला	17.0 न्यू	23.0 अधि
धर्मशाला	20.0 न्यू	29.0 अधि

बाजार

सेंसेक्स	77,728
निफ्टी	24,287
सोना	1,54,000
चांदी	2,36,000

www.anantgyaan.in

अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | मंगलवार, 18 अगस्त 2026 | 2 भाद्रपद, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 230, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

न्यूज शॉर्ट्स

केरल अब 'केरलम' राष्ट्रपति ने विधेयक को दी अपनी मंजूरी

एजेंसी, नई दिल्ली। केरल का नाम बदलकर 'केरलम' हो गया है। दरअसल, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को केरल का नाम बदलकर 'केरलम' करने वाले विधेयक को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही यह विधेयक अब कानून बन गया है। लोकसभा ने केरल (नाम परिवर्तन) विधेयक-2026 को मंगलवार को मंजूरी दी थी। इसके बाद अगले दिन यानी बुधवार को राज्यसभा ने भी इसे पारित कर दिया था। राज्यसभा में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा था कि केरल विधानसभा ने 2024 में एक प्रस्ताव पारित किया था। इसमें केंद्र सरकार से राज्य का नाम बदलकर 'केरलम' करने के लिए कानून बनाने की मांग की गई थी। उन्होंने कहा, इस विधेयक में यह प्रावधान किया गया है कि केरल राज्य को अब 'केरलम राज्य' के नाम से जाना जाएगा। (अनंत ज्ञान)

जयपुर एयरपोर्ट पर छोटे विमान से टकराया वाहन

एजेंसी, जयपुर। जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सोमवार को माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट (छोटे विमान) के साथ हादसा हो गया। ट्रेनिंग के लिए उड़ान भरने जा रहे विमान को रनवे पर ले जाते समय ग्राउंड हैंडलिंग वाहन ने टक्कर मार दी। इससे प्लेन क्षतिग्रस्त हो गया। राहत की बात यह रही कि विमान में सवार पायलट और ट्रेनी एनसीसी कैडेट सुरक्षित हैं। दरअसल, एनसीसी का माइक्रोलाइट विमान सुबह करीब 9 बजे हैंगर से निकलकर उड़ान भरने के लिए टैक्सी कर रहा था। विमान को विंग कमांडर संचालित कर रहे थे। उनके साथ एनसीसी कैडेट ट्रेनिंग के लिए जा रहा था। (अनंत ज्ञान)

7 दिन में फाइनल करें हवाई किराया नियम

एजेंसी, नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि भारतीय वायुयान अधिनियम,

2024 के तहत नियम बनाने का काम तेज कर दिया गया है। इन नियमों का मकसद भारत के विमानन क्षेत्र को आधुनिक बनाना है और इन्हें तीन हफ्ते में अंतिम रूप दे दिया जाएगा। सरकार ने जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच के सामने नियमों का ड्राफ्ट सीलबंद लिफाफे में रखा। केंद्र ने बताया कि ड्राफ्ट पर कुछ अंतिम चर्चा चल रही है। बेंच ने कहा, 'इसे सात दिन के भीतर प्रकाशित कीजिए। अगर एयरलाइंस पालन नहीं कर रही हैं तो उन्हें जमीन पर खड़ा कर दीजिए।' (अनंत ज्ञान)

सुप्रीम कोर्ट ने सिक्किम की वोटर लिस्ट में दखल देने से किया इनकार

एजेंसी, नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सिक्किम में वोटर लिस्ट के एसआईआर के लिए 2002 को बेस ईयर रखने के चुनाव आयोग के फैसले में दखल देने से इनकार कर दिया। सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने 1993 को बेस ईयर बनाने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। याचिकाकर्ता संगठन ने कहा था कि 2002 में जो मतदाता सूची तैयार हुई, उसका डेटा सिक्किम के जनसांख्यिकीय आंकड़ों से मेल नहीं खाता। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एसआईआर के बीच में बेस ईयर नहीं बदला जा सकता। (अनंत ज्ञान)

एचआरटीसी को 5 साल में बनाएंगे आत्मनिर्भर : सीएम

मंडी जिले के लिए 25 टाइप-1 ई-बसों को वर्चुअली दिखाई हरी झंडी

अनंत ज्ञान टीम

शिमला/मंडी। हिमाचल प्रदेश में पर्यावरण-अनुकूल और हरित सार्वजनिक परिवहन को गति देते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंडी जिले के लिए 25 नई टाइप-1 इलेक्ट्रिक बसों को शिमला से वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने स्पष्ट किया कि सरकार का मुख्य लक्ष्य आगामी पांच वर्षों में एचआरटीसी को पूरी तरह आत्मनिर्भर बनाना है।

पड्डल मैदान से शुरू हुई इस सेवा के साथ ही प्रदेश सरकार ने अपने पर्यावरण संरक्षण संकल्प को और मजबूती दी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश भर में इलेक्ट्रिक बस नेटवर्क को सशक्त करने के लिए 297 नई टाइप-1 ई-बसें खरीदी गई हैं, जिनका सफल संचालन शिमला, नाहन, नालागढ़, ऊना, बिलासपुर, धर्मशाला, हमीरपुर और पालमपुर सहित कई प्रमुख क्षेत्रों में पहले से जारी है। पहाड़ी भू-भाग की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में इन इलेक्ट्रिक बसों का प्रदर्शन बेहद शानदार और भरोसेमंद रहा है। टाइप-1 बसें 80 प्रतिशत चार्ज पर लगभग 180 किलोमीटर की दूरी तय करने में सक्षम हैं, जबकि शिमला-चंडीगढ़ मार्ग पर यह सिंगल चार्ज में करीब 270 किलोमीटर तक सफलतापूर्वक चल रही हैं। यह तकनीकी दक्षता साबित करती है कि लंबी दूरी के अंतर-शहरी मार्गों पर भी ई-बसें बेहद उपयुक्त और कारगर हैं। ग्रीन ट्रांसपोर्ट की ओर बढ़ते इस कदम से निगम की वित्तीय स्थिति में भी बड़ा सुधार देखा जा रहा है। पारंपरिक डीजल बसों की तुलना में इन इलेक्ट्रिक बसों के चलने से प्रति किलोमीटर 12 से 13 रुपए तक की परिचालन व ऊर्जा लागत बच रही है। राज्य सरकार हर साल एचआरटीसी को अनुदान के रूप में 840 करोड़ रुपये उपलब्ध करवा रही है, जबकि निगम भी अपने संसाधनों से इतनी ही आय अर्जित कर रहा है।

1000 ई-बसें और 200 हाइड्रोजन बसें खरीदेगी सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले समय में प्रदेश के बेड़े में 1000 नई इलेक्ट्रिक बसें और 200 अत्याधुनिक हाइड्रोजन बसें शामिल की जाएंगी। इस वर्चुअल कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार चंद शर्मा, प्रबंध निदेशक शिवम प्रताप सिंह, एचआरटीसी उपाध्यक्ष अजय वर्मा तथा अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एवं जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

नितिन नवीन की नई टीम में राम माधव-स्मृति ईरानी की वापसी

भाजपा आईटी सेल इंचार्ज मालवीय की छुट्टी

एजेंसी, नई दिल्ली

टीम में 13 उपाध्यक्ष 8 महासचिव, 6 सचिव और 28 सदस्य

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने पद संभालने के 209 दिन बाद 17 अगस्त-2026 को 65 सदस्यों की नई कार्यकारिणी का ऐलान कर दिया। राम माधव को उपाध्यक्ष और स्मृति ईरानी को महासचिव बनाकर वापस लाया गया है। वहीं, भाजपा आईटी सेल के प्रभारी अमित मालवीय को हटा दिया गया है, दीपक म्हस्के उनकी जगह लेंगे। उधर, राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे नई टीम में भी उपाध्यक्ष बनी रहेंगी। राष्ट्रीय संगठन मंत्री बीएल संतोष भी पद पर बने रहेंगे। नई टीम में 13 उपाध्यक्ष, 8 महासचिव, 16 सचिव और 28 सदस्य शामिल हैं। नितिन नवीन की टीम में 12 महिलाएं हैं। इसमें यूपी से दो मुस्लिम चेहरों तारिक मंसूर और बासित अली को शामिल किया गया है। (अनंत ज्ञान)

नई टीम में 12 महिलाएं, यूपी से तीन

भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन की नई राष्ट्रीय टीम में 12 महिलाओं को जिम्मेदारी दी गई है। इनमें वसुंधरा राजे, डी. पुरंदेश्वरी, रेखा वर्मा, वर्षाबेन दोशी, डॉ. भारती पवार और डॉ. मधुचंद्र कर को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं स्मृति ईरानी को महासचिव बनाया गया है। कविता पाटीदार, फांग्नोन कोन्यक और संगीता यादव को मंत्री बनाया गया है। इसके अलावा रूप कुमारी चौधरी को महिला मोर्चा अध्यक्ष और प्रीति गांधी को सोशल मीडिया सह-संयोजक की जिम्मेदारी मिली है। सबसे ज्यादा प्रतिनिधित्व उत्तर प्रदेश की 3 महिलाओं का है, जबकि महाराष्ट्र की 2 और बाकी राज्यों की 1-1 महिला हैं।

राष्ट्रीय नेतृत्व में सीनियर नेताओं की हुई वापसी

नई टीम में उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत को भी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वरिष्ठ नेता स्मृति ईरानी और त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब को राष्ट्रीय महामंत्री के पद पर नियुक्त किया गया है। दूसरी ओर, पंजाब से कांग्रेस छोड़कर आए मनप्रीत सिंह बादल को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष का पद दिया गया है। इसके साथ ही सुनील बंसल, विनोद तावड़े, तरुण चुघ और सतीश पूनिया को भी अहम जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

हिमाचल में आज भारी बारिश की चेतावनी

कांगड़ा, मंडी, ऊना, कुल्लू, सोलन, सिरमौर और शिमला के लिए येलो अलर्ट

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने 18 अगस्त को हिमाचल के कई भागों में अति भारी वर्षा की संभावना जताते हुए कांगड़ा, मंडी, ऊना, कुल्लू, सोलन, सिरमौर और शिमला सहित सात जनपदों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। आगामी 19 से 22 अगस्त तक भी राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में रुक-रुक कर मूसलाधार बारिश का क्रम जारी रहने की चेतावनी दी गई है।

मौसम विभाग ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय प्रशासन ने आम जनमानस और पर्यटकों को सतर्क रहने, उफनते नदी-नालों के समीप न जाने तथा भूस्खलन संभावित जोखिम भरे मार्गों पर यात्रा करने से बचने की सख्त हिदायत दी है। राज्य राजस्व विभाग की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार 30 जून से 17 अगस्त की अवधि में प्राकृतिक आपदाओं तथा सड़क हादसों के चलते कुल 187 नागरिकों की असमय मृत्यु हो चुकी है, जबकि 294 व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुए हैं और एक लापता बताया जा रहा है। इस प्राकृतिक विभीषिका के कारण राज्य की अधोसंरचना को करीब 973.15 करोड़ रुपए के व्यापक नुकसान का आकलन किया गया है, जिसमें सबसे अधिक क्षति लोक निर्माण विभाग को 733.95 करोड़ रुपए तथा जल शक्ति विभाग को करीब 216.40 करोड़ रुपए का नुकसान उठाना पड़ा है।

चंबा जिले के बलोठ में लोहे का पुल बहा

अनंत ज्ञान, भरमौर। भरमौर क्षेत्र की ग्राम पंचायत बलोठ के 84 चला में भारी सैलाब से लोहे का पुल बह गया। तेज बहाव के कारण श्रद्धालुओं के पैदल आवागमन के लिए बनी सड़क भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मार्ग और पुल के क्षतिग्रस्त होने से मां भगवती खुंढी वाली के दर्शनों के लिए जा रहे करीब 40 से 50 श्रद्धालु बीच रास्ते में ही फंस गए। गनीमत रही कि इस प्राकृतिक आपदा में किसी भी तरह के जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है। बताया जा रहा है कि इन दिनों इसी रास्ते से होकर सैकड़ों श्रद्धालु मां भगवती खुंढी वाली मंदिर के दर्शनों के लिए पहुंच रहे हैं। मंगलवार को ज्येष्ठ मंगलवार के अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा माता के डल झील में पवित्र स्नान करने की भी परंपरा है। इसके चलते बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के यहां पहुंचने की संभावना रहती है। श्रद्धालु करीब 35 से 40 किमी की दूरी पैदल तय कर मंदिर तक पहुंचते हैं।

40 से 50 श्रद्धालु बीच रास्ते में फंसे

पश्चिम बंगाल के बीरभूम में होटल में आग, आठ की मौत

एजेंसी, बीरभूमी। पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में तारापीठ मंदिर के पास एक होटल में आग लगने से 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 9 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगने की आशंका है। घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया है। बीरभूम क एसपी विदित राज भुंडेश के मुताबिक, होटल के बाहर से धुआं या आग की लपटें दिखाई नहीं दे रही थीं। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमों ने सीढ़ियों की मदद से 22 लोगों को बाहर निकाला, जबकि 11 लोगों को अस्पताल भेजा गया। होटल संचालकों के खिलाफ स्नह्क, दर्ज कर उन्हें हिरासत में लिया गया है। मामले की जांच के लिए स्नस्रु टीम भी मौके पर पहुंचेगी। (अनंत ज्ञान)

सीजेपी के बाद अब 'दिमागी नक्सल पार्टी'

प्रधानमंत्री मोदी के बयान ने नए डिजिटल कैंपेन को दिया जन्म

एजेंसी, नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 15 अगस्त के भाषण में 'दिमागी नक्सल' शब्द के इस्तेमाल के बाद सोशल मीडिया पर इस नाम से नया राजनीतिक कैंपेन चर्चा में आ गया है। 'कॉकरोच जनता पार्टी' यानी सीजेपी के बाद अब 'दिमागी नक्सल जनता पार्टी' और 'दिमागी नक्सल पार्टी' नाम से अकाउंट सामने आए हैं।

रातोंरात जुड़े 1.9 लाख फॉलोअर्स

जानकारी के अनुसार, इंस्टाग्राम के एक अकाउंट ने 24 घंटे में 1.9 लाख से अधिक फॉलोअर्स जुटाए, जबकि एक्स पर @DNJP_India अकाउंट राहुल गांधी, अखिलेश यादव, अरविंद केजरीवाल, ध्रुव राठी, कुणाल कामरा और प्रकाश राज जैसे चर्चित चेहरों को फॉलो करता है। अकाउंट इसी महीने बना है और इसके संचालक की पहचान अभी सार्वजनिक नहीं हुई है। (अनंत ज्ञान)

आय से अधिक संपत्ति मामले में राहुल गांधी को सुप्रीम राहत

एजेंसी, नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के रोपों से जुड़े मामले में बड़ी राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी की याचिका पर इलाहाबाद हाई कोर्ट में होने वाली अगली सुनवाई पर अंतरिम रोक लगा दी है। इसके साथ ही सीबीआई और ईडी को भी निर्देश दिया है कि वे हाई कोर्ट द्वारा आदेशित जांच से संबंधित अपनी कोई भी रिपोर्ट इलाहाबाद हाईकोर्ट समेत किसी भी प्राधिकरण को न सौंपें। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाई कोर्ट ने प्रथम दृष्टया प्राकृतिक न्याय के सिद्धातों का पालन नहीं किया। सर्वोच्च अदालत ने इलाहाबाद हाई कोर्ट को 20 अगस्त को होने वाली सुनवाई को अपनी अगली सुनवाई तक स्थगित करने को कहा है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट की सुनवाई पर लगाई अंतरिम रोक

वहीं, केंद्रीय जांच एजेंसियों की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि इस मामले में अभी तक उनकी कोई भूमिका नहीं है। (अनंत ज्ञान)

केंद्र सरकार के सलाहकार बोले-फिर शुरू हो ई10 पेट्रोल

ई20 ईंधन से गाड़ियों को नुकसान : वी. अनंत

एजेंसी, नई दिल्ली

सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन (CEA) का कहना है कि ई20 पेट्रोल से गाड़ियों में नुकसान हो रहा है। पुराने टू-व्हीलर्स के लिए ई10 पेट्रोल की बिक्री फिर से शुरू की जानी चाहिए। नागेश्वरन ने एक राष्ट्रीय समाचार पत्र के लिए लिखे अपने आर्टिकल में कहा कि भारत ने पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने का लक्ष्य समय से पहले हासिल करके अरबों रुपए तो बचा लिए, लेकिन अब नया संकट खड़ा हो रहा है। सरकार का दावा है कि पेट्रोल में एथनॉल मिलाने से कच्चे तेल के इम्पोर्ट में कमी आई है। इससे अरबों रुपए की बचत हुई है।

एथेनॉल की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए गन्ना, मक्का और चावल जैसी खाद्य फसलों को बड़े पैमाने पर एथेनॉल फैक्ट्रियों में भेजा जा रहा है।

अगर एथेनॉल बनाने वाली कंपनियां ज्यादा दाम देकर मक्का खरीदने लगेंगी, तो पोल्ट्री और डेयरी इंडस्ट्री के लिए चारा महंगा हो जाएगा। नतीजा यह होगा कि अंडे, चिकन और दूध के दाम बढ़ेंगे, जिससे सीधे तौर पर खाद्य महंगाई को बढ़ावा मिलेगा। (अनंत ज्ञान)

8 करोड़ गाड़ियों को ई20 पेट्रोल से खतरा

वी. अनंत नागेश्वरन के मुताबिक देश में इस समय करीब 8 करोड़ पुराने बाइक-स्कूटर सड़कों पर दौड़ रहे हैं। ये पुरानी 'कार्बोरेटर' तकनीक पर चलते हैं, जो बीएस-आईवी इंजन नियमों के आने से पहले बनती थीं। ई20 पेट्रोल से इन वाहनों के खराब होने का खतरा है।

ABHILASHI
GROUP OF INSTITUTIONS
NER CHOWK, TEHSIL BALH, DISTT. MANDI (H.P.)
COURSES OFFERED 2026-27
Approved By: AICTE, PCI, NCTE, INC, HPNRC,
Affiliated to: HPU/SPU, HPTU, HPTSB & HPBOSE
T.R. ABHILASHI MEMORIAL INSTITUTE OF ENGG. & TECH.
B.TECH (CE/EE/CSE) DIPLOMA (CE/EE)
T.R. ABHILASHI MEMORIAL ITI INSTITUTE
ITI in SANITARY HEALTH INSPECTOR ELECTRICIAN, FITTER
ABHILASHI COLLEGE OF PHARMACY
B. PHARMACY
ABHILASHI P.G. INSTITUTE OF SCIENCES
M.Sc in CHEMISTRY/ BOTANY
ABHILASHI COLLEGE OF NURSING
B.Sc. NURSING | M.Sc. NURSING
POST BASIC B.Sc. NURSING
GNM
ABHILASHI COLLEGE OF EDUCATION
B.Ed
D.EL.Ed
Accredited by NAAC with B++ Grade
SCHOLARSHIP available to SC/ST STUDENTS
*T & C Apply
H.O. NER CHOWK, TEHSIL BALH, DISTT. MANDI, HIMACHAL PRADESH
9816005139, 9459052533, 9816102238
9816242139, 9418006520, 9816700520
Website: www.tramiet.in, www.abhilashi-edu.in Email: abhilashigroup@gmail.com

खुलासा | सुप्रीम कोर्ट में राजनीति के अपराधीकरण पर रिपोर्ट पेश

326 सांसदों, 14 सीएम पर आपराधिक केस

एजेंसी, नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में राजनीति के अपराधीकरण पर पेश रिपोर्ट के मुताबिक, लोकसभा के 251 सदस्यों और राज्यसभा के 75 सदस्यों यानी 326 सांसदों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल एफिडेविट के मुताबिक, सांसदों और विधायकों के खिलाफ 4 हजार से ज्यादा आपराधिक मामले लंबित हैं।

28 राज्यों में से 14 राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने भी अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं, जिनमें गंभीर मामले भी शामिल हैं। यह एफिडेविट वरिष्ठ वकील विजय हंसारिया ने दाखिल किया है। वे सांसदों और विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामलों का जल्द निपटारा कराने की मांग वाली जनहित याचिका में कोर्ट की मदद कर रहे हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की रिपोर्ट का हवाला देते हुए एफिडेविट में कहा गया है, 'लोकसभा में 543 सदस्यों में से 251 पर आपराधिक मामले हैं। इनमें 170 मामले गंभीर हैं, जिनमें 5 साल या उससे ज्यादा की सजा हो सकती है।' एफिडेविट में कहा गया है, 'राज्यसभा में 233 में से 75 यानी 33% सदस्यों पर आपराधिक मामले हैं। इनमें 40 यानी 18% मामले गंभीर हैं, जिनमें 5 साल या उससे ज्यादा की सजा हो सकती है।' (अनंत ज्ञान)

लोकसभा के 251 और राज्यसभा के 75 सदस्यों पर आपराधिक मामले

तेलंगाना के सीएम रेड्डी पर 89 मामले

तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी पर 89 केस हैं। इसके बाद पश्चिम बंगाल के सीएम सुवेंदु अधिकारी पर 29 और कर्नाटक के सीएम डीके शिवकुमार पर 19 मामले हैं। हंसारिया ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट मामलों की निगरानी कर रहे हैं, ताकि सुनवाई जल्द पूरी हो। इसके बावजूद 2018 से सांसदों और विधायकों के खिलाफ पेंडिंग केस की संख्या लगभग उसी स्तर पर बनी हुई है।

SRI SAI GROUP OF INSTITUTES
Transforming Dreams into Reality
SSGI Since : 1996
IBM Innovation Centre For Education
QS I-GAUGE Institution Of Happiness
NBA NATIONAL BOARD of ACCREDITATION D.PHARMACY
Transforming Dreams into Reality
SRI SAI
GROUP OF INSTITUTES
Dalhousie Road, Badhani Pathankot (Punjab) -145001
ADMISSION OPEN
84271 84271 | 94170 50602 www.srisaigroup.in
COURSES OFFERED
ENGINEERING
POLYTECHNIC
PHARMACY
EDUCATION
MANAGEMENT
HOTEL MANAGEMENT
PARAMEDICAL

हिमाचल में आईएएस-आईपीएस के पदों में होगी कटौती : सीएम सुक्खू

कहा-प्रशासनिक तंत्र को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए घटेंगे अफसरों के स्वीकृत पद

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। सूबे के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रशासनिक ढांचे को सुदृढ़ और व्यावहारिक बनाने के उद्देश्य से शीर्ष पदों को तर्कसंगत करने का ऐलान किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश को बड़े अधिकारियों की भारी-भरकम फौज की नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर नीतियों को लागू करने वाले अफसरों की आवश्यकता है। सरकार के निर्णय के तहत भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के स्वीकृत पदों की संख्या 153 से घटाकर 130 की जा रही है। इसी क्रम में भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के 118 पदों को कम कर 83 किया जाएगा और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 96 पदों में भी कटौती की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशासनिक खर्चों को नियंत्रित करना जरूरी है, क्योंकि सेवाकाल में एक आईएएस अधिकारी पर करीब 200 करोड़ रुपये का व्यय आता है। प्रदेश का कार्य 100 से 110 अधिकारियों से भी चल सकता है, परंतु सुझावों के बाद इसे 130 तय किया गया है। इसके अलावा, जो अधिकारी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाना चाहते हैं, उन्हें सरकार नहीं रोक रही है और फाइलों को तेजी से मंजूरी दी जा रही है। व्यवस्था सुधार के इसी क्रम में हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) में भी अधिकारियों की संख्या घटाई जाएगी।



विपक्ष के झूठे आरोपों पर सीएम का तीखा पलटवार

कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों पर विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार कर्मचारियों के हितों का पूरा ध्यान रख रही है और चरणबद्ध तरीके से उनके वित्तीय लाभ जारी किए जा रहे हैं। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर पलटवार करते हुए कहा कि विपक्ष को बयानबाजी से पहले अपने कार्यकाल को देखना चाहिए, जब वे प्रदेश पर करोड़ों रुपये की देनदारियां छोड़कर गए थे। वर्तमान सरकार उन वित्तीय चुनौतियों से निपटते हुए व्यवस्था को पूरी पारदर्शिता के साथ आगे बढ़ा रही है।

- केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए अधिकारियों को सरकार तुरंत दे रही मंजूरी
- पूर्व भाजपा सरकार पर करोड़ों की देनदारियों का लगाया आरोप

मुख्यमंत्री ने चौपाल को 27 करोड़ की परियोजनाओं को दी मंजूरी

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने शिमला जिले के चौपाल विधानसभा क्षेत्र को विकास की बड़ी सौगात देते हुए विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए 27 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की है। सरकार के इस फैसले से क्षेत्र में लंबे समय से अपेक्षित विकास कार्यों को गति मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने संयुक्त कार्यालय भवन नेरवा के लिए दो करोड़, संयुक्त कार्यालय भवन चौपाल के लिए तीन करोड़ तथा संयुक्त कार्यालय भवन कुपवी के लिए दो करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। इन परियोजनाओं के पूरा होने से क्षेत्र के लोगों को प्रशासनिक सुविधाएं अपने आसपास उपलब्ध होंगी और विभिन्न सरकारी कार्यों के लिए दूरदराज के क्षेत्रों की दौड़ कम होगी।

विकास पैकेज में आधारभूत ढांचे से जुड़ी कई अहम परियोजनाओं को शामिल किया गया है। नेरवा में दुग्ध अभिशीतन संयंत्र के लिए दो करोड़, नेरवा बाईपास के लिए चार करोड़, लखावटी पुल के निर्माण के लिए 12 करोड़ तथा छवाला-चौपाल जलापूर्ति योजना के लिए दो करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। विशेष रूप से लखावटी पुल और नेरवा बाईपास के लिए स्वीकृत धनराशि से क्षेत्र की कनेक्टिविटी मजबूत होने और आवागमन को सुगम बनाने की उम्मीद है। वहीं जलापूर्ति योजना से लोगों को बेहतर पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

कांग्रेस नेताओं ने जताया सीएम सुक्खू का आभार

चौपाल विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेता रजनीश किमटा, एचपीएमसी के उपाध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा और चौपाल नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष चन्द्र मोहन ने विभिन्न विकास परियोजनाओं के लिए पर्याप्त धनराशि जारी करने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से चौपाल क्षेत्र में विकास को नई गति मिलेगी और लोगों का समय तथा धन दोनों बचेंगे। उल्लेखनीय है कि रजनीश किमटा, सुरेन्द्र शर्मा, चन्द्र मोहन सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाल ही में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर क्षेत्र की विकास परियोजनाओं के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध करवाने का आग्रह किया था।

अब बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी हुई आसान, संशोधित मॉडल पेपर जारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश में आगामी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने संशोधित आदर्श प्रश्न-पत्र (मॉडल पेपर) अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर जारी कर दिए हैं। इनका उद्देश्य विद्यार्थियों को नए परीक्षा पैटर्न, अंक-विभाजन और प्रश्नों की प्रकृति से समय रहते परिचित करवाना है।

बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि संशोधित मॉडल पेपर राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की भावना के अनुरूप तैयार किए गए हैं। अब विद्यार्थियों की केवल विषय-वस्तु याद करने की क्षमता के बजाय समझ, तार्किक क्षमता, विश्लेषण और व्यावहारिक प्रयोग को भी परखा जाएगा। मॉडल पेपर के अभ्यास से विद्यार्थियों को परीक्षा की बेहतर तैयारी, समय प्रबंधन और उत्तर लेखन में मदद मिलेगी। बोर्ड ने कक्षा 9वीं में कला, 10वीं में कला एवं संगीत, 11वीं में कंप्यूटर साइंस तथा 12वीं में राजनीतिक विज्ञान, संगीत, उर्दू और गणित के संशोधित मॉडल पेपर उपलब्ध करवाए हैं। विद्यार्थी इन्हें बोर्ड की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

- 9वीं से 12वीं तक नए परीक्षा पैटर्न के अनुरूप अध्ययन सामग्री उपलब्ध

डॉ. शर्मा ने विद्यार्थियों से नियमित अभ्यास करने तथा शिक्षकों व स्कूल प्रमुखों से कक्षाओं में इन प्रश्न-पत्रों के माध्यम से नए पैटर्न की जानकारी देने का आग्रह किया। इससे विद्यार्थी अपनी कमजोरियों को पहचानकर परीक्षा की तैयारी को और बेहतर बना सकेंगे।

फीस बढ़ोतरी के खिलाफ एबीवीपी की भूख हड़ताल 15वें दिन भी जारी

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में फीस वृद्धि के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की क्रमिक भूख हड़ताल सोमवार को 15वें दिन भी जारी रही। आंदोलन के 14वें दिन शोध इकाई के कार्यकर्ता अमन बनयाल और संजीव धीमान ने 24 घंटे का अनशन पूरा किया। इसके बाद विश्वविद्यालय इकाई के विस्तारक आशीष शर्मा और आकर्षित ने आंदोलन की कमान संभालते हुए अगले 24 घंटे के क्रमिक अनशन की जिम्मेदारी ली। एबीवीपी ने स्पष्ट किया कि विद्यार्थियों की मांगों का समाधान होने तक आंदोलन लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से जारी रहेगा।

- हॉस्टल फीस में 75 फीसदी बढ़ोतरी का विरोध, पुरानी फीस बहाल करने की मांग

इसी बीच एबीवीपी ने विश्वविद्यालय में हॉस्टल फीस में 75 प्रतिशत की बढ़ोतरी का भी कड़ा विरोध किया है। परिषद का कहना है कि फीस में इतनी बड़ी वृद्धि से विद्यार्थियों और उनके परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा, जिसका सबसे अधिक असर दूरदराज और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों से आने वाले छात्रों पर होगा। एबीवीपी ने विश्वविद्यालय प्रशासन से हॉस्टल फीस की बढ़ोतरी तत्काल वापस लेकर पुरानी फीस बहाल करने की मांग की है। परिषद का कहना है कि छात्रहित में शिक्षा और आवास जैसी मूलभूत सुविधाएं सुलभ रहनी चाहिए, उन्हें लगातार महंगा नहीं किया जाना चाहिए।

राज्यसभा सांसद सिकंदर एनआईएफटीईएम काउंसिल के सदस्य निर्वाचित

अनंत ज्ञान, नादौन। हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा सांसद प्रोफेसर (डॉ.) सिकंदर कुमार को राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमशीलता एवं प्रबंधन संस्थान (एनआईएफटीईएम) की काउंसिल का सदस्य निर्वाचित किया गया है। राज्यसभा सचिवालय की ओर से 14 अगस्त को जारी कार्यालय ज्ञापन के अनुसार उनका निर्वाचन 13 अगस्त को संपन्न हुआ।

यह जिम्मेदारी मिलने से हिमाचल के खाद्य प्रसंस्करण, बागवानी उत्पादों के मूल्य संवर्धन और युवा उद्यमिता को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। एनआईएफटीईएम खाद्य प्रसंस्करण, कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन, सप्लाई चेन और खाद्य सुरक्षा से जुड़े क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। डॉ. सिकंदर कुमार की काउंसिल में मौजूदगी से हिमाचल के सेब, कीवी, मशरूम, अदरक, लहसुन और अन्य कृषि-बागवानी उत्पादों के प्रसंस्करण तथा कोल्ड-चेन सुविधाओं को बढ़ावा देने के प्रयासों को बल मिल सकता है। इससे राष्ट्रीय स्तर पर फूड प्रोसेसिंग यूनिट और ग्रामीण युवाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर बढ़ने की उम्मीद है। जिला हमीरपुर के कांगू क्षेत्र से संबंध रखने वाले प्रोफेसर सिकंदर कुमार शिक्षाविद और पूर्व कुलपति रहे हैं। राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने से उनके गृह क्षेत्र सहित प्रदेश में खुशी का माहौल है।

जेल में कैदियों और वार्डरों के बीच खूनी झड़प में 15 घायल, एक टांडा में भर्ती

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। लाला लाजपतराय जिला मुक्त एवं सुधार गृह कांगड़ा धर्मशाला में रविवार दोपहर को कैदियों और जेल वार्डरों के बीच हुआ विवाद में कुल 15 लोग घायल हो गए, जिनमें 11 जेल वार्डर और चार कैदी शामिल हैं। दो वार्डरों और एक कैदी को गंभीर चोटें आने पर डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा में उपचार करवाया गया। जिसमें वार्डर कांस्टेबल अजीत का उपचार चल रहा है, जबकि एक वार्डर व कैदी को उपचार के बाद वापस भेज दिया गया है। वहीं, तीन कैदियों को क्षेत्रीय अस्पताल धर्मशाला में उपचार करवाने के बाद छुट्टी दे दी गई। इस मामले जेल महानिरीक्षक आईजी जेल की ओर से विभागीय जांच बिठा दी गई है। वहीं, पुलिस ने भी जांच को आगे बढ़ाते हुए सीसीटीवी फुटेज सहित अन्य पहलुओं को खंगाला है।

गौरतलब है कि रविवार दोपहर करीब 12 बजे कुछ कैदियों को अस्पताल ले जाने के लिए गार्ड उपलब्ध करवाने को लेकर जेल प्रबंधन और कैदियों के बीच बातचीत चल रही थी। इसी दौरान बहसबाजी बढ़ गई और मामला मारपीट तक पहुंच गया। आरोप है कि एक कैदी ने जेल की खिड़की का कांच तोड़ दिया, जिसके बाद कांच के टुकड़ों से वार किए गए। घटना में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हुए। सूचना मिलते ही जिला पुलिस, सदर थाना धर्मशाला और क्यूआरटी की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज सहित अन्य पहलुओं की जांच शुरू कर दी है।

- दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस एफआईआर, आईजी जेल ने बैठाई विभागीय जांच

उधर, एसपी कांगड़ा कुलभूषण वर्मा ने बताया कि मामले में चारों कैदियों के खिलाफ कैदी अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता के तहत केस दर्ज किया गया है। वहीं, कैदियों की शिकायत पर जेल वार्डरों के खिलाफ भी मारपीट का मामला दर्ज हुआ है। दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है।

उधर, लाला लाजपतराय जिला मुक्त एवं सुधार गृह कांगड़ा धर्मशाला के डिप्टी सुपरिंटेंडेंट जेल संजीव कुमार ने बताया कि मामले की पुलिस की ओर से जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि जेल प्रशासन आईजी की ओर से विभागीय जांच के भी निर्देश मिले हैं, जेल प्रशासन की ओर से सभी पहलुओं व नियमों को ध्यान में रखते हुए जांच करवाई जाएगी।

राजधानी में टैंकर और कार में भिड़ंत, दो पुलिस जवानों की मौत

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। राजधानी शिमला के टालैंड-खलीनी मार्ग पर रविवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में दो पुलिस जवानों की जान चली गई। पुलिस लाइन कैथू में तैनात हेड कांस्टेबल प्रवीण मेहता और कांस्टेबल हेमंत कुमार अपनी ऑल्टो कार (एचपी-52ए-2767) में सवार होकर टालैंड से खलीनी की तरफ जा रहे थे। सीपीडब्ल्यूडी कॉलोनी के समीप सामने से आ रहे तेज रफ्तार टैंकर (एचपी-92ए-9229) के साथ कार की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भयावह थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और दोनों जवान गंभीर रूप से घायल हो गए।

- हादसे में हेड कांस्टेबल प्रवीण मेहता और कांस्टेबल हेमंत कुमार की गई जान

दुर्घटना की सूचना मिलते ही शिमला पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों जवानों को आईजीएमसी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस दर्दनाक हादसे के बाद सड़क पर काफी देर तक यातायात बाधित रहा। एसपी शिमला ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस घटना के कारणों की गहन तफ्तीश कर रही है। वहीं, प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने इस दुखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की है।

अनुराग ठाकुर के प्रयासों से हमीरपुर-कांगड़ा के ऐतिहासिक स्मारकों के संरक्षण को मंजूरी

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। सांसद अनुराग ठाकुर के सक्रिय प्रयासों के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हुई है। संस्कृति मंत्रालय ने कांगड़ा जिले के हरिपुर-गुलेर स्थित ऐतिहासिक मंदिरों तथा हमीरपुर जिले के सुजानपुर टीहरा किले में आवश्यक संरक्षण एवं जीर्णोद्धार कार्य करवाने की प्रतिबद्धता जताई है।

संस्कृति मंत्रालय के सचिव विवेक अग्रवाल द्वारा सांसद अनुराग ठाकुर को हाल ही में भेजे गए पत्र में इन कार्यों की जानकारी दी गई है। यह पहल अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा 15 जुलाई 2026 को संस्कृति मंत्रालय को लिखे गए पत्र का परिणाम है, जिसमें उन्होंने हिमाचल प्रदेश की समृद्ध ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए तत्काल आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया था।

केंद्र द्वारा संरक्षित सुजानपुर टीहरा किले के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए नए संरक्षण कार्य प्रस्तावित किए हैं। इनमें बारादरी तक पहुंचने के लिए एमएस रेलिंग सहित एप्रोच पाथवे का निर्माण तथा मुख्य प्रवेश द्वार परिसर की लकड़ी की छत की मरम्मत एवं पुनर्स्थापना शामिल है।

इसके अतिरिक्त किले का विस्तृत निरीक्षण किया जाएगा, जिसके आधार पर भविष्य में आवश्यक संरक्षण कार्यों के लिए विस्तृत अनुमान तैयार किए जाएंगे। इससे किले के संरक्षण एवं रखरखाव का कार्य चरणबद्ध तरीके से जारी रखा जा सकेगा। इससे पहले वर्ष 2022-23 में चामुंडा देवी मंदिर तथा मुख्य प्रवेश द्वार की संरचनाओं में आवश्यक मरम्मत कार्य करवाए गए थे।

हरिपुर के 3 ऐतिहासिक मंदिरों के संरक्षण को मंजूरी

कांगड़ा जिले के हरिपुर में स्थित गोवर्धन धारी मंदिर, सरस्वती देवी मंदिर और कल्याण राय मंदिर के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के महानिदेशक ने वार्षिक संरक्षण कार्यक्रम को मंजूरी प्रदान कर दी है। मंत्रालय द्वारा इन स्मारकों के लिए आवश्यक धनराशि शीघ्र ही असुरक्षित स्मारक मद के अंतर्गत एएसआई के शिमला सर्किल को जारी की जाएगी। गोवर्धन धारी मंदिर के लिए अनुमान पहले ही स्वीकृत हो चुका है, जबकि अन्य मंदिरों के संशोधित अनुमान तैयार किए जा रहे हैं। संस्कृति मंत्रालय ने आश्वस्त किया है कि इन स्मारकों का संरक्षण एवं जीर्णोद्धार कार्य शीघ्र शुरू होने की उम्मीद है और चालू वित्तीय वर्ष के भीतर इन्हें पूरा करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। यह कदम हिमाचल प्रदेश की ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षित करने के प्रति केंद्र सरकार और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। साथ ही, यह सुनिश्चित करेगा कि प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और संरक्षित रहे।

भाद्रपद के पहले दिन गोबिंदसागर के घाटों पर गूंजे मंत्र-भजन

सदियों पुरानी 'बेड़ा तारने' की परंपरा में उमड़े सैकड़ों श्रद्धालु, नावों संग तैरी आस्था

अनंत ज्ञान

अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर। ज्यों ही भाद्रपद महीने का आगमन हुआ, त्यों ही गोबिंद सागर की नीली गोद में एक अनोखा धार्मिक लहर दौड़ पड़ी। सोमवार को इस पावन मौसम के पहले दिन झील के किनारे बसे अलग-अलग घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पूरे वातावरण में मंत्रों की गूंज और भक्ति का रंग बिखर गया, जब लोगों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ बेड़े (छोटी नावें) को जल में प्रवाहित कर युगों पुरानी इस प्रथा को जीवंत किया।

गोबिंद सागर के तट पर लुहणू, ऋषिकेश, बैरी और नाले नौण घाट इस रस्म के मुख्य केन्द्र बने। सुबह से ही यहां श्रद्धालु अपने घरों से लड्डू, फल-फूल और पूजन सामग्री लेकर पहुंचने लगे। सबसे पहले वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मल्लाहों (नाविकों) को नए वस्त्र, चांदी-सोने के आभूषण और दक्षिणा अर्पित की गई। यह कृत्य मानव-प्रकृति और धर्म के अटूट रिश्ते को दर्शाता है।

इसके उपरांत परिजनों और आस-पास खड़े भक्तों को नावों पर बिठाकर झील की परिक्रमा कराई गई। जब नावें लहरों पर झूलीं, तो किनारे खड़ी महिलाओं ने भजनों की फुलवारी बिखेरनी शुरू कर दी। कहीं हाथ थिरके तो कहीं भक्ति में झूमती हुई महिलाओं ने समूह नृत्य से माहौल को और भी भक्तिमय बना दिया। सूर्यास्त तक घाटों पर यह उत्सवी-गंभीर नज़ारा बरकरार रहा। इस परंपरा को समझने वाले बुजुर्ग बताते हैं कि यह केवल एक रस्म नहीं, बल्कि आत्मा के अंतिम सफर से जुड़ी गहरी आस्था है।

पितरों की शांति और सुख-समृद्धि के लिए श्रद्धालुओं ने निभाई अनूठी धार्मिक परंपरा। ❋अनंत ज्ञान

पौराणिक मान्यता के अनुसार, मृत्यु के बाद जीवात्मा को वैतरणी नामक दुर्गम नदी को पार करना पड़ता है। ऐसा विश्वास है कि भाद्रपद में बेड़ा तारने से जो पुण्य मिलता है, वह उस पारलौकिक यात्रा में सहायक सिद्ध होता है - मानो पूर्वजों को भवसागर (संसार-रूपी समुद्र) के पार पहुंचाने का सेतु हो। यही कारण है कि यहां हर परिवार परिजनों की सुख-समृद्धि और दिवंगत पितरों की शांति के लिए, संकल्प लेकर इस अनुष्ठान में शामिल होता है। बेड़ा तैराने के दौरान घाटों पर ऐसा वातावरण बनता है, मानो साक्षात देवलोक का आभास हो - एक ओर वेदमंत्रों का पाठ, दूसरी ओर भजनों की मादकता।

क्षेत्र के निवासियों के लिए यह महज एक त्योहार नहीं, बल्कि उनकी सांस्कृतिक पहचान का जीता-जागता दस्तावेज है। सदियां बीत गईं, पीढ़ियां बदल गईं, लेकिन भादों के आते ही इन घाटों पर जुटने वाली श्रद्धालुओं की चहल-पहल बताती है कि यह विरासत आज भी उतनी ही प्राणवान है, जितनी सदियों पहले थी।

तैयारी विपक्ष के हमले के लिए सरकार तैयार, मुख्यमंत्री और मंत्रियों की होगी अग्निपरीक्षा

900 से ज्यादा सवालों से तपेगा मानसून सत्र

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल विधानसभा का मानसून सत्र इस बार बेहद गर्मागर्म रहने के आसार हैं। 21 अगस्त से शुरू होकर 3 सितंबर तक चलने वाले चौदहवीं विधानसभा के 11वें सत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी राजनीतिक तकरार देखने को मिल सकती है। विधानसभा सचिवालय में अब तक 900 से अधिक सवाल पहुंच चुके हैं और सत्र आगे बढ़ने के साथ इनकी संख्या और बढ़ने की संभावना है। सवालों की बड़ी संख्या ने साफ कर दिया है कि विधायक अपने-अपने क्षेत्रों से जुड़े मुद्दों के साथ प्रदेश के व्यापक जनसरोकारों को भी सदन में प्रमुखता से उठाने की तैयारी में हैं।

जानकारी के अनुसार 21 अगस्त को सुबह 11 बजे विधानसभा की कार्यवाही शुरू होते ही प्रश्नकाल में सबसे पहले मुख्यमंत्री सवालों के जवाब देंगे। इसके बाद उपमुख्यमंत्री, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, राजस्व और शिक्षा विभाग से जुड़े मंत्री सदन में विधायकों के सवालों का जवाब देंगे। आगे ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, लोक निर्माण, नगर एवं ग्राम योजना तथा आयुष विभाग से संबंधित प्रश्नों पर भी सरकार को जवाब देना होगा। प्रश्नों का यह व्यापक दायरा सरकार के सामने विभागवार अपनी तैयारियों और उपलब्धियों को सदन में रखने की बड़ी चुनौती पेश करेगा।

मानसून सत्र में विपक्ष सरकार को घेरने की पूरी तैयारी में नजर आ रहा है। विभिन्न मुद्दों को लेकर विपक्षी विधायक सरकार पर हमलावर रुख अपना सकते हैं। वहीं सत्ता पक्ष भी विपक्ष के सवालों का आक्रामक और तथ्यों के साथ जवाब देने की रणनीति पर काम कर रहा है। सत्र शुरू होने से एक दिन पहले 20 अगस्त को भाजपा और कांग्रेस विधायक दलों की बैठक प्रस्तावित है, जिसमें दोनों दल सदन के भीतर अपनी रणनीति को अंतिम रूप दे सकते हैं। ऐसे में विधानसभा के भीतर मुद्दों की लड़ाई के साथ राजनीतिक तेवर भी तेज होने के आसार हैं।

स्थानीय मुद्दों से लेकर जनसरोकार तक रहेगी गूंज

विधायकों ने अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों की समस्याओं को भी प्रश्नों के माध्यम से प्रमुखता से उठाया है। सचिवालय पहुंच चुके सवालों में सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, विकास कार्यों और विभिन्न विभागों से संबंधित स्थानीय समस्याएं शामिल हैं। इससे स्पष्ट है कि इस बार सदन में प्रदेश के बड़े राजनीतिक मुद्दों के साथ आम लोगों की रोजमर्रा की परेशानियां भी चर्चा के केंद्र में रहेंगी। विधायक अपने क्षेत्रों की आवाज को सरकार तक पहुंचाने और लंबित मामलों पर जवाब मांगने का प्रयास करेंगे।

18 अगस्त तक सवाल भेज सकेंगे विधायक

सत्र के दौरान कुल 10 बैठकें होंगी। विधायकों को मंगलवार, 18 अगस्त तक अपने प्रश्न भेजने का अवसर है और सचिवालय स्तर पर प्राप्त प्रश्नों को संबंधित विभागों को भेजकर जवाब तैयार किए जा रहे हैं। 900 से अधिक सवालों का आंकड़ा अपने आप में इस सत्र की गंभीरता और विधायकों की सक्रियता को दर्शाता है। अब निगाह इस बात पर रहेगी कि विपक्ष किन मुद्दों को सबसे ज्यादा धार देता है, सरकार किन सवालों पर घिरती है और किन विषयों पर मुख्यमंत्री व मंत्री अपने जवाब से सदन का रुख बदलने में सफल होते हैं। यही कारण है कि मानसून सत्र को हिमाचल की राजनीति के लिए खासा महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

पहली कैबिनेट में एक लाख नौकरियों का वादा निकला धोखा: राजीव बिंदल

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने प्रदेश मुख्यालय दीपकमल में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार पर बेरोजगारी, बढ़ते टैक्स, महंगाई, कर्ज और ठप पड़े विकास को लेकर जोरदार हमला बोला।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने पहली ही कैबिनेट में एक लाख सरकारी नौकरियां और कुल पांच लाख रोजगार देने का वादा किया था, लेकिन आज कार्यकाल पूरा होने की ओर है और प्रदेश में लगभग एक लाख पद रिक्त पड़े हैं। बेरोजगार युवा वर्षों से लाइब्रेरियों में भर्ती परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं मगर प्रक्रियाएं आगे नहीं बढ़ रहीं। पेपर लीक न होने के सरकारी दावों पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि जब परीक्षाएं आयोजित ही नहीं हुईं तो पेपर लीक कहां से होगा। उन्होंने बिना परीक्षा और बिना इंटरव्यू के की गई नियुक्तियों की पारदर्शी जांच की मांग उठाई। डॉ. बिंदल ने आरोप लगाया कि सरकार ने आम नागरिक की आय बढ़ाने के लिए कोई कदम नहीं उठाया, बल्कि जनता पर चौतरफा टैक्स और महंगाई का भारी बोझ डाल दिया। पेट्रोल-डीजल पर वैट वृद्धि और हाल ही में लगाए गए 60 पैसे के नए सेस से जनता की जेब से लगभग 600 करोड़ रुपये अतिरिक्त निकाले गए हैं। इसके अलावा सीमेंट, स्टांप ड्यूटी, राशन डिपो के सामान, बस किराये, बिजली और पानी की दरों में बढ़ोतरी ने गरीब और मध्यम वर्ग का बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है। सरकारी अस्पतालों में हिमकेयर योजना प्रभावित होने और महंगी जांचों से आम जनता परेशान है, वहीं खाद, बीज और कीटनाशकों के दाम बढ़ने से किसान-बागवान भी संकट में हैं।

कर्ज लेकर भी पूरी तरह से विकास कार्य ठप

डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि वर्तमान सरकार ने अपने कार्यकाल में हजारों करोड़ रुपए का नया कर्ज लिया, फिर भी धरातल पर विकास कार्य पूरी तरह ठप हैं। वहीं कर्मचारियों और पेंशनरों के एरियर व मेडिकल भत्तों की देनदारियां लंबित पड़ी हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर की जा रही बयानबाजी को उन्होंने सरकार की वैचारिक हताशा करार दिया और कहा कि संघ सेवा और अनुशासन की पाठशाला है जिसे किसी के प्रमाणपत्र की जरूरत नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आगामी मानसून सत्र में भाजपा विधायक दल बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और जनविरोधी नीतियों को मजबूती से उठाएगा और पार्टी वर्ष 2027 के चुनावों के लिए पूरी तरह तैयार है।

न्यूज ब्रीफ

परागपुर में दंपती से मारपीट, मामला दर्ज

अनंत ज्ञान, परागपुर। देहरा थाना के तहत परागपुर में दंपती से गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता विशाल धीमान ने पुलिस को बताया कि 16 अगस्त को गौरव धीमान और रामस्वरूप धीमान ने उनके तथा उनकी पत्नी के साथ दुर्व्यवहार किया। आरोप है कि दोनों ने गाली-गलौज और मारपीट करने के साथ रास्ता रोककर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एसपी संदीप धवल ने मामले की पुष्टि की है। जांच जारी है।

साबा पंचायत में शहीदों को किया नमन

अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह। सुलह विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत साबा में 80वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। पंचायत परिसर में आयोजित समारोह में पंचायत प्रधान संजय गुलेरिया ने शहीदों को याद करते हुए राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सलामी दी। कार्यक्रम में पंचायत प्रधान संजय गुलेरिया, उपप्रधान कश्मीर सिंह राणा, पंचायत सचिव सतीश कुमार, तकनीकी सहायिका, पंचायत के पांचों वार्ड सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। प्रधान संजय गुलेरिया ने शहीदों को नमन करते हुए ग्रामीणों से एकता, स्वच्छता और विकास में सहयोग करने का आह्वान किया।

द्रोणाचार्य कॉलेज में निकाली तिरंगा बाइक रैली

अनंत ज्ञान, शाहपुर। द्रोणाचार्य पीजी कॉलेज ऑफ एजुकेशन रैत में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर तिरंगा बाइक रैली निकाली गई। संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, पटियाला के सौजन्य से आयोजित रैली में करीब 80 छात्र-छात्राओं और 15 से 20 प्राध्यापकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली कॉलेज परिसर से शुरू होकर लदवाड़ा, बनोई, रजोल होते हुए रैत गांव पहुंची और वापस लौटी। समन्वयक डॉ. जन्मेजय गुलेरिया ने हरी झंडी दिखाकर रैली रवाना की। इस अवसर पर निदेशक जीएस पठानिया, प्राचार्य डॉ. प्रवीण कुमार शर्मा सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

जोगी बल्ला से महिला लापता, तलाश शुरू

अनंत ज्ञान, राजकुमार चौधरी, गगल। कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र के जोगी बल्ला निवासी 54 वर्षीय सुजाता पत्नी शमशेर सिंह के शनिवार से लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने काफी तलाश के बाद गगल पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई। थाना प्रभारी उधम सिंह राजपूत ने बताया कि पुलिस संभावित स्थानों पर महिला की तलाश कर रही है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि सुजाता के संबंध में कोई जानकारी मिलने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें।

पूर्व सैनिक राजीव को भेंट की ऑटोमेटिक व्हीलचेयर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। स्वतंत्रता दिवस पर 12 जेएके आरआईएफ के पूर्व सैनिकों और वीर नारियों ने अनुकरणीय पहल करते हुए पूर्व साथी राइफलमैन राजीव को ऑटोमेटिक व्हीलचेयर भेंट की। राजीव 8 अक्तूबर 2005 के विनाशकारी भूकंप में गंभीर रूप से घायल हुए थे। उस दौरान उनकी यूनिट 12,500 फीट की ऊंचाई पर तैनात थी और पोस्ट पूरी तरह नष्ट हो गई थी। हादसे में 14 सैनिक शहीद हुए थे, जबकि राजीव 100 प्रतिशत लकवाग्रस्त हो गए। समारोह में ब्रिगेडियर एससी पाठक सहित कई पूर्व सैनिक और वीर नारियां मौजूद रहीं।

टांडा में दवाइयों की कमी से मरीज परेशान

अनंत ज्ञान, आशीष दमीर, कांगड़ा। प्रदेश के सबसे बड़े डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल टांडा में पर्याप्त दवाइयां न मिलने से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मरीजों का आरोप है कि लंबी कतारों में इंतजार के बाद उन्हें एक-दो दवाइयां ही मिलती हैं, जबकि अन्य दवाइयां उपलब्ध न होने की बात कह दी जाती है। मरीजों रमेल सिंह, कश्मीर सिंह, हरदेव कुमार सहित कई लोगों ने स्वास्थ्य विभाग और अस्पताल प्रशासन के प्रति रोष जताया। लोगों ने अस्पताल में सभी आवश्यक दवाइयां उपलब्ध करवाने की मांग की है।

पैहग गांव से महिला लापता, पुलिस ने शुरू की तलाश

अनंत ज्ञान, गगल। गगल थाना क्षेत्र के पैहग गांव निवासी तेज सिंह ने अपनी माता सुजाता देवी के लापता होने की शिकायत पुलिस में दर्ज करवाई है। शिकायत के अनुसार 16 अगस्त को सुबह करीब 10 बजे तेज सिंह काम पर गया था। दोपहर घर लौटने पर उसकी माता गायब थीं। आसपास और रिश्तेदारों से तलाश के बावजूद कोई जानकारी नहीं मिली। शिकायत पर पुलिस ने धारा 127(6) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। एएसपी धर्मशाला आशीष कुमार जांच कर रहे हैं। पुलिस महिला की तलाश के साथ मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

गज खड्ड में मिला महिला का शव

अनंत ज्ञान, शाहपुर। शाहपुर थाना क्षेत्र के बटवाल पुल (गज खड्ड) के नीचे पानी में महिला का सड़ा-गला शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने खड्ड में शव देखा और इसकी सूचना तुरंत शाहपुर पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार, मृतका की पहचान हिलो देवी निवासी बोडू, सरना के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि महिला कुछ दिनों से लापता थी। शव काफी पुराना होने के कारण बुरी तरह गल-सड़ चुका था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप जाएगा।

पालमपुर में 205वें मशरूम प्रशिक्षण का शुभारंभ

अनंत ज्ञान, अजय पाल, पालमपुर। बागवानी विभाग की मशरूम विकास परियोजना पालमपुर में 17 से 21 अगस्त तक 205वां मशरूम प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण का शुभारंभ परियोजना निदेशक डॉ. समीर सिंह राणा ने किया। उन्होंने कहा कि मशरूम उत्पादन किसानों की आय बढ़ाने और रोजगार सृजन का बेहतर माध्यम है। प्रशिक्षण में ऊना और कांगड़ा जिले के 20-20 किसान भाग ले रहे हैं।

सुलह में कांग्रेस की मजबूती को लेकर जुटे कार्यकर्ता

अनंत ज्ञान, डरोह। सुलह विधानसभा क्षेत्र के खैरा स्थित सामुदायिक भवन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित हुई। पूर्व विधायक एवं पूर्व मुख्य संसदीय सचिव जगजीवन पाल ने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने और एकजुटता के साथ काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल की ताकत उसके कार्यकर्ता होते हैं। कार्यकर्ता जनता के बीच सक्रिय रहकर उनकी समस्याएं उठाएं और संगठनात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लें।

नवीन सिंह राणौत बने कांगड़ा संयुक्त पटवारी-कानूनगो संघ के जिला अध्यक्ष

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। संयुक्त ग्रामीण राजस्व अधिकारी (पटवारी एवं कानूनगो) एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश की कांगड़ा जिला इकाई में नवीन सिंह राणौत को कार्यकारी जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति जिला अध्यक्ष विपित्र सिंह के नायब तहसीलदार पद पर पदोन्नत होने के बाद रिक्त हुए पद पर की गई। राज्य अध्यक्ष राजनेश शर्मा और महासचिव अनमोल ठाकुर ने नियुक्ति आदेश जारी किए। नवीन सिंह आगामी चुनाव तक दायित्व संभालेंगे।

हादसे में घायल व्यक्ति की मौत पर गुस्साए परिजन, इलाज व पुलिस कार्रवाई पर उठाए सवाल

शीला-गगल मार्ग पर परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर किया चक्का जाम

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। जिला मुख्यालय के समीप शीला-गगल मार्ग पर शव को सड़क पर रखकर चक्का जाम किया गया। हादसे में घायल व्यक्ति की मौत पर गुस्साए मृतक के परिजनों ने ग्रामीणों के साथ चक्का जाम किया तथा इलाज व पुलिस कार्रवाई पर भी सवाल उठाए। धर्मशाला में 10 अगस्त को हुए सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की रविवार को टांडा मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान मौत के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों ने अस्पताल प्रबंधन तथा हादसे में शामिल डॉक्टर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सोमवार सुबह हादसे के मृतक अंकुश सोनी (42) को न्याय दिलाने की मांग को लेकर परिजनों और ग्रामीणों ने धर्मशाला-चैतड़ू-कांगड़ा मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। सुबह करीब साढ़े 10 बजे लोगों ने अंकुश का शव सड़क पर रखकर धरना-प्रदर्शन शुरू किया। इससे मार्ग पर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद हो गई। वहीं परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच, जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई और परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की है।

दोषियों के खिलाफ की जाए सख्त कार्रवाई : शिवानी

मृतक की पत्नी शिवानी सोनी ने आरोप लगाया कि हादसे के बाद उन्हें समय पर सूचना नहीं दी गई और कथित तौर पर घटनास्थल की सीसीटीवी फुटेज भी डिलीट की गई। उन्होंने गलत दिशा से वाहन आने का आरोप लगाया। अस्पताल में आईसीयू से वार्ड में शिफ्ट करने पर भी सवाल उठाते हुए डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई व निलंबन की मांग की।

आरोपों की करवाई जाएगी जांच : एसडीएम

एसडीएम धर्मशाला मोहित रत्न ने कहा कि 10 अगस्त के हादसे को लेकर परिजनों के आरोपों की जांच करवाई जाएगी। प्रशासन तत्काल मुआवजे की प्रक्रिया शुरू कर रहा है, जबकि पुलिस ने मामला मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल में रिपोर्ट किया है। चालक का मेडिकल और ब्लड सैंपल लिया गया था। एसडीएम ने कहा कि एफआईआर समय पर दर्ज हुई है। आईसीयू से वार्ड शिफ्ट करने का कारण जांच के बाद स्पष्ट होगा।

विस्थापन का दर्द: 'खाई' में तब्दील हो जाएंगे मकान

अनंत ज्ञान

◆ **आंशिक अधिग्रहण के विरोध में उतरे ग्रामीण, डीसी से की पूरे घर के अधिग्रहण की मांग**

ब्यूरो, धर्मशाला। भूमि अधिग्रहण और विस्थापन की मार झेल रहे सनौरा ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

ग्रामीणों का स्पष्ट कहना है कि प्रशासन द्वारा किए जा रहे आंशिक अधिग्रहण से उनके घर एक 'खाई' में तब्दील हो जाएंगे और बरसात में पानी और मिट्टी में डूब जाएंगे। अपनी इन्हीं मांगों और आरआर स्कीम को लेकर ग्रामीणों के एक प्रतिनिधिमंडल ने डीसी से मुलाकात की और अपनी समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। पंचायत सनौरा के प्रधान (ऑर्डिनरी कैप्टन) अश्वनी कुमार ने बताया कि आरएंडआर स्कीम को लागू करने के लिए आज डीसी कार्यालय में अहम बैठक बुलाई गई है। इससे पूर्व पंचायत के 8-10 प्रभावित लोगों ने अपनी-अपनी समस्याओं की एक विस्तृत फाइल तैयार कर डीसी के समक्ष प्रस्तुत की। अश्वनी कुमार के अनुसार, डीसी ने सभी पत्रों को स्वीकार कर लिया है और दोपहर 3 बजे होने वाली फाइनल मीटिंग में इन सभी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा का आश्वासन दिया। प्रधान ने कहा कि विस्थापित होने वाले लोगों की हरसंभव मदद की जाएगी।

50-60 फुट ऊंची दीवार और सड़क के बीच डूब जाएंगे घर: सनौरा खास से आए प्रभावित ग्रामीण रमेश चंद और नरेंदर सिंह ने प्रशासन की अधिग्रहण नीति पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि 2013 के भूमि अधिग्रहण कानून के तहत उनकी जमीनें अधिग्रहित की जा रही हैं। हाल ही में 2024 में 12 मीटर चौड़ी परिधीय सड़क बनाने की नोटिफिकेशन जारी की गई है, जिसकी जद में ग्रामीणों के घर आंशिक रूप से आ रहे हैं। ग्रामीणों ने इस आंशिक अधिग्रहण को सिरे से नकार दिया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि नोटिफिकेशन के अनुसार उनके मकानों का आंशिक नहीं, बल्कि पूर्ण रूप से अधिग्रहण किया जाए। अब सभी की नजर डीसी के साथ होने वाली बैठक के नतीजों पर टिकी हैं।

सरकारी भूमि पर बने ढांचों को आरएंडआर का लाभ नहीं विस्थापित परिवारों की बढ़ी चिंता

अनंत ज्ञान, राजकुमार चौधरी, गगल। गगल एयरपोर्ट विस्तारीकरण परियोजना को लेकर सोमवार को आयोजित बैठक में क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों के प्रधानों ने भाग लिया। बैठक में प्रभावित परिवारों और दुकानदारों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। पंचायत गग्गल की प्रधान दामिनी कटोच द्वारा सरकारी भूमि पर बने ढांचों को लेकर पूछे गए सवाल पर उपायुक्त कांगड़ा ने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में प्रभावित लोगों को पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन (आरएंडआर) का लाभ नहीं मिलेगा। सरकारी भूमि पर बने ढांचों के लिए केवल संबंधित ढांचे का मुआवजा दिए जाने का प्रावधान बताया गया। प्रशासन के इस स्पष्टीकरण के बाद प्रभावित परिवारों की चिंताएं बढ़ गई हैं। लोगों का कहना है कि केवल मकान या ढांचे का मुआवजा मिलने से उनके सामने नए सिरे से घर बसाने की चुनौती खड़ी हो जाएगी। विस्थापन की स्थिति में आवास और पुनर्वास की व्यवस्था भी जरूरी है। वहीं, प्रभावित दुकानदारों ने सवाल उठाया कि यदि किराए की दुकानों में कारोबार करने वालों को आरएंडआर का लाभ दिया जा सकता है तो वर्षों से सरकारी भूमि पर रह रहे परिवारों को इससे वंचित क्यों रखा जा रहा है। दुकानदारों ने कहा कि उनकी रोजी-रोटी कारोबार पर निर्भर है। दुकानें हटने से उनका रोजगार भी प्रभावित होगा। पंचायत प्रतिनिधियों और प्रभावित लोगों ने सरकार से मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए उचित पुनर्वास और रोजगार की व्यवस्था करने की मांग की है।

चार दुकानों में रेट लिस्ट न होने पर 101 किलोग्राम फल और सब्जियां जब्त

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। दुकानों में रेट लिस्ट न लगाने के मामलों की जांच को लेकर धर्मशाला में खाद्य आपूर्ति विभाग की टीम ने सब्जी तथा फल की दुकानों का निरीक्षण कर फलों तथा सब्जियों को कब्जे में लिया तथा चालान काटे। इस अभियान के तहत शहर के विभिन्न बाजारों में स्थित कुल 20 दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 4 दुकानों में फलों तथा सब्जियों की रेट लिस्ट न पाए जाने पर करीब 101 किलो सब्जी तथा फल जब्त किए गए। इस कारवाई से दुकानदारों में हडक़ंप मच गया। कारवाई के तहत इन दुकानों से 5800 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। इसके अलावा प्रतिबंधित पॉलिथीन का प्रयोग करने का मामला पाए जाने पर दुकानदार का 1500 रुपए का चालान किया गया। इसके अलावा कुछ दुकानों में रेट लिस्ट को लेकर अनियमितता पाए जाने पर उन्हें चेतावनी दी गई। इस कारवाई में खाद्य आपूर्ति अधिकारी सुरेश कुमार की अगुवाई में खाद्य आपूर्ति निरीक्षक मीरा बाई तथा रणवीर सिंह की टीम ने दुकानों के निरीक्षण किए। कारवाई की पुष्टि करते जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक पुरूषोतम सिंह ने बताया के रेट लिस्ट न लगाने पर भविष्य में भी कारवाई जारी रहेगी।

संजय पराशर के सहयोग से बने खेल मैदान में सजा वॉलीबाल का महाकुंभ

रोड़ी-कोड़ी में 16 टीमों ने दिखाया दमखम, फैंटू क्लब अंब चैंपियन

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। जसवां-परागपुर के रोड़ी-कोड़ी गांव में आरके क्लब की ओर से वॉलीबाल टूर्नामेंट आयोजित किया गया। जिस खेल मैदान के निर्माण के लिए कैप्टन संजय पराशर ने एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी थी, उसी मैदान पर प्रतियोगिता आयोजित कर युवाओं ने इसकी उपयोगिता साबित की। टूर्नामेंट में 16 टीमों ने भाग लिया। फाइनल में फैंटू क्लब अंब ने खिताब जीता, जबकि जानू क्लब चंडीगढ़ उपविजेता रहा। मुख्य अतिथि कैप्टन संजय पराशर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल मैदानों का निर्माण युवाओं के भविष्य को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम है। बेहतर खेल सुविधाओं से ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा और युवा नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहेंगे। उन्होंने युवाओं से खेल, शिक्षा और रचनात्मक गतिविधियों में समय लगाने का आह्वान किया।

पराशर ने आरके क्लब की पहल की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण स्तर की प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने का मंच देती हैं। इस अवसर पर सेवानिवृत्त सूबेदार केवल कुमार सहित संयम, सौरभ डढवाल, विकास कुमार वर्मा, अभिषेक वर्मा, विशाल डढवाल, राजेंद्र सिंह, रविंद्र कुमार और कैप्टन बलदेव वर्मा मौजूद रहे।

विजय मेमोरियल स्कूल ने जीती ओवरऑल कराटे चैंपियन ट्रॉफी

अनंत ज्ञान

अशोक ठाकुर, इंदौरा। विजय मेमोरियल स्कूल इंदौरा ने बटाला में आयोजित स्वतंत्रता कराटे चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियन ट्रॉफी अपने नाम की। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में देशभर से करीब 800 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

विद्यालय के विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 13 स्वर्ण, 11 रजत और 8 कांस्य पदक हासिल किए। इस उपलब्धि से विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों और विद्यालय परिवार में खुशी की लहर है। विद्यालय की प्रधानाचार्या सोनिया शर्मा ने खिलाड़ियों, अभिभावकों, प्रशिक्षकों और शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ खेलों को भी समान महत्व दिया जा रहा है। विद्यालय में कराटे, शूटिंग और स्विमिंग सहित विभिन्न खेलों के लिए आधुनिक सुविधाएं और प्रशिक्षित कोच उपलब्ध हैं। विद्यालय के डायरेक्टर इंजीनियर सचिन शर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को घर के समीप ही उच्चस्तरीय प्रशिक्षण और सुविधाएं उपलब्ध करवाना विद्यालय की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित करते हैं। विद्यालय की यह उपलब्धि ग्रामीण प्रतिभाओं की क्षमता और समर्पित प्रशिक्षण का प्रमाण है।

पौंग झील में लौटी मछुआरों की रौनक गोल्डन महाशीर का उत्पादन बढ़ा

अनंत ज्ञान, रविंद्र चौधरी, फतेहपुर। दो माह के मत्स्य आखेट प्रतिबंध के बाद पौंग झील में एक बार फिर मछुआरों की गतिविधियां शुरू हो गई हैं। प्रतिबंध समाप्त होते ही करीब 2500 मछुआरे जाल लेकर झील में उतर गए।

मत्स्य एकत्रीकरण केंद्रों पर भी मछली की आवक शुरू हो गई। पहले दिन 17.23 मीट्रिक टन और दूसरे दिन 9.12 मीट्रिक टन मछली का उत्पादन दर्ज किया गया। पौंग की मछली पंजाब, दिल्ली, जम्मू और चंडीगढ़ सहित विभिन्न बाहरी बाजारों में भेजी जा रही है। सबसे राहत की बात राज्य मछली गोल्डन महाशीर के उत्पादन में वृद्धि है। पिछले वर्ष जहां इसका उत्पादन करीब 1.5 प्रतिशत था, वहीं इस वर्ष बढ़कर 3.6 प्रतिशत हो गया है। विभाग इसे दुर्लभ प्रजाति के संरक्षण की दिशा में सकारात्मक संकेत मान रहा है। पहले दिन सिंगाड़ा की सबसे अधिक आवक रही। वहीं, प्रतिबंधित अवधि में अवैध मत्स्य आखेट के खिलाफ विभाग ने कार्रवाई जारी रखी। दो माह के दौरान 195 मामले दर्ज किए गए और करीब 2.02 लाख रुपए जुर्माना वसूला गया। अवैध रूप से पकड़ी गई मछली की नीलामी से करीब 6500 रुपए भी प्राप्त हुए। सहायक निदेशक मत्स्य संदीप कुमार ने मछुआरों से निर्धारित साइज के जाल का इस्तेमाल करने और छोटी मछलियों का शिकार न करने की अपील की है, ताकि उत्पादन के साथ गोल्डन महाशीर का संरक्षण भी सुनिश्चित हो सके।

नूरपुर पुलिस ने उद्घोषित अपराधी को दीनानगर से किया गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, इंदौरा। नूरपुर पुलिस ने उद्घोषित अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को एक उद्घोषित अपराधी को पंजाब के दीनानगर से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान 33 वर्षीय आकाश पुत्र अशोक कुमार निवासी अवांखा, तहसील दीनानगर, जिला गुरदासपुर के रूप में हुई है। उसके खिलाफ थाना इंदौरा में वर्ष 2016 में मामला दर्ज है। न्यायालय ने 28 जुलाई 2026 को उसे उद्घोषित अपराधी घोषित किया था।

कल कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति रहेगी बंद

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। विद्युत उपमंडल सिद्धपुर के सहायक अभियंता संतोष कुमार ने बताया कि विद्युत लाइनों के रखरखाव कार्य के चलते 19 अगस्त को सुबह 9:30 बजे से कार्य समाप्ति तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान रक्कड़, दरुणी माता मंदिर के आसपास, परमार हाउस, स्पीति हॉस्टल और गुरुद्वारा रोड सहित संबंधित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। उन्होंने कहा कि खराब मौसम या आकस्मिक परिस्थितियों में कार्य स्थगित अथवा आंशिक रूप से किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

लडिंयाडा पंचायत में बधाई राशि 3100 रुपए तय

अनंत ज्ञान, डाडासीबा। पंचायत लडिंयाडा में ग्राम सभा की बैठक पंचायत प्रधान सुषमा कुमारी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में ट्रांसजेंडर समुदाय को दी जाने वाली बधाई राशि निर्धारित करने का प्रस्ताव रखा गया, जिसे सदस्यों ने सर्वसम्मति से पारित कर दिया। प्रस्ताव के अनुसार बधाई राशि 3100 रुपये तय की गई है और इसके अतिरिक्त कोई अन्य राशि नहीं दी जाएगी। प्रस्ताव की प्रतियां आवश्यक कार्रवाई के लिए बीडीओ प्रागपुर सहित संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को भेजी गई हैं।

कर्मचारियों ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। आशा कार्यकर्ताओं समेत विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने भामसं के बैनर तले सोमवार को धर्मशाला में उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर लंबित मांगें सरकार तक पहुंचाने की मांग की। आशा कार्यकर्ता संघ की जिला सचिव कल्पना रंधावा ने सरकारी कर्मचारी का दर्जा और मांग पूरी होने तक 30 हजार रुपए मासिक मानदेय देने की मांग की। कर्मचारियों ने न्यूनतम 30 हजार वेतन, एचआरटीसी में डीजल बसें, लंबित दूरी भत्ता और 2016 से बकाया एरियर जल्द जारी करने की मांग उठाई।

21 को टांडा फायरिंग रेंज के आस-पास न जाएं

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। सहायक आयुक्त (उपायुक्त) कांगड़ा ने बताया कि भारतीय सैन्य पुलिस द्वारा टांडा फायरिंग रेंज में 21 अगस्त को सुबह 8 बजे से राज 10 बजे तक फायरिंग का अभ्यास किया जाएगा। लोगों की सुरक्षा के दृष्टिगत उन्होंने फाइरिंग रेंज के निकटवर्ती गांवों कोहाला, कछियारी, खोली तथा घुरकड़ी के लोगों से आग्रह किया है कि वे 21 अगस्त को निर्धारित फाइरिंग प्रशिक्षण के समय फायरिंग रेंज के आसपास के क्षेत्रों में जाने से बचें और अपने पालतू जानवरों को भी दूर रखें।

नन्ही कलाकार आश्वी को मिले 6 राष्ट्रीय सम्मान

अनंत ज्ञान, अजय पाल, पालमपुर। पंचरुखी की नन्ही प्रतिभाशाली कलाकार आश्वी धीमान ने कला, मॉडलिंग, अभिनय और हिमाचली संस्कृति के प्रचार-प्रसार में उपलब्धियों से प्रदेश का नाम रोशन किया है। स्वतंत्रता दिवस 2026 पर उन्हें भारत गौरव सम्मान, वंदे मातरम नेशनल ऑनर और जय हिंद नेशनल अवॉर्ड सहित कई सम्मान व प्रशस्ति-पत्र मिले। प्रमाण-पत्रों में उन्हें लिटल आर्टिस्ट, मॉडल और हिमाचली संस्कृति की प्रमोटर बताया गया है। उनके नाम कई वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में पहचान दर्ज होने का भी उल्लेख है।

व्यापार मंडल ने किया नवनियुक्त डीएसपी का स्वागत

अनंत ज्ञान, डाडासीबा। डाडासीबा व्यापार मंडल के प्रधान राजेंद्र सिंह गोगा की अगुवाई में व्यापारियों ने नवनियुक्त डीएसपी शेर सिंह ठाकुर से मुलाकात कर उनका स्वागत किया। व्यापारियों ने उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट करने के साथ माता की चुनरी पहनाकर सम्मानित किया। प्रधान ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग का आश्वासन दिया। डीएसपी ने आभार जताते हुए पुलिस और व्यापारियों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया।

फतेहपुर में मजदूरों ने मांगों को लेकर निकाली रैली

अनंत ज्ञान, रविंद्र चौधरी, फतेहपुर। भारतीय मजदूर संघ ने लंबित मांगों और समस्याओं को लेकर फतेहपुर में प्रदर्शन किया। प्रदेश अध्यक्ष मदन राणा की अध्यक्षता में मजदूरों ने रामलीला मैदान से एसडीएम कार्यालय तक रैली निकालकर नारेबाजी की। एसडीएम रमण शर्मा के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपा गया। संगठन ने न्यूनतम वेतन 30 हजार, समान काम-समान वेतन, ईएसआई व ईपीएफ सीमा बढ़ाने, ईपीएस-95 पेंशन 7500 रुपये तथा बोनस और ग्रेच्युटी में बढ़ोतरी की मांग उठाई।

अस्पतालों में नहीं मिल रही दवाइयां: परमार

अनंत ज्ञान, डरोह। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं सुलह विधायक विपिन सिंह परमार ने प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में मरीज जरूरी दवाइयों और इंजेक्शनों के लिए भटक रहे हैं, जबकि सरकार स्वास्थ्य क्रांति के दावे कर रही है। उन्होंने सरकारी अस्पतालों में दवाइयों की नियमित उपलब्धता, ऑपरेशन थिएटरों की व्यवस्थाएं सुधारने, विशेषज्ञ चिकित्सकों के रिक्त पद भरने और खराब चिकित्सा उपकरणों को दुरुस्त करने की मांग की।

एआई आधारित सेवाओं पर किया मंथन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला में पुस्तकालय सलाहकार समिति की बैठक कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पुस्तकालय की शैक्षणिक भूमिका, डिजिटल संसाधनों, एआई आधारित सेवाओं और शोध नैतिकता पर चर्चा की गई। नए देहरा परिसर में पुस्तकालय स्थानांतरित करने पर भी विचार हुआ। विश्वविद्यालय के शोध प्रकाशन 2025 में बढ़कर 421 हो गए हैं, जबकि कुल शोध प्रकाशनों की संख्या 1992 और एच-इंडेक्स 76 पहुंच गया है।

सोनिया-राहुल मांगें देश से माफी : बिक्रम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। पूर्व उद्योग मंत्री एवं जसवां-परागपुर विधायक बिक्रम ठाकुर ने वंदे मातरम् विवाद को लेकर कांग्रेस नेतृत्व पर निशाना साधा। उन्होंने सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मामले पर स्थिति स्पष्ट करने और कथित अपमान के लिए माफी मांगने की मांग की। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्रभक्ति की भावना से जुड़ा राष्ट्रीय गीत है। उन्होंने कहा कि भाजपा राष्ट्रीय सम्मान और एकता के लिए प्रतिबद्ध है।

गोपालपुर में एडवांस मेडिटेशन कार्यक्रम संपन्न

अनंत ज्ञान, पालमपुर। हिमालयन योग एवं ध्यान केंद्र कैलाश आश्रम, गुजरेहड़ा गोपालपुर में आयोजित चार दिवसीय एडवांस मेडिटेशन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसमें देशभर से 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया। आर्ट ऑफ लिविंग की वरिष्ठ फैकल्टी सेजल ने प्रतिभागियों को तीन दिनों के मौन के दौरान प्राणायाम, योग, ध्यान और आध्यात्मिक ज्ञान का अभ्यास करवाया। प्रतिभागियों ने आंतरिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा और आत्मिक आनंद का अनुभव साझा किया।

सीवरेज प्रोजेक्ट में पारदर्शिता पर उठे सवाल

अनंत ज्ञान, प्रवेश शर्मा, परागपुर। परागपुर जल शक्ति मंडल के तहत ब्यास नदी के आसपास चल रहे सीवरेज और पानी कनेक्शन कार्यों में पारदर्शिता को लेकर सवाल उठे हैं। आरटीआई जानकारी के अनुसार, प्रोजेक्ट को लेकर अधिकारियों के बीच पत्राचार और साइट निरीक्षण रिपोर्ट उपलब्ध नहीं है। करीब 25.14 करोड़ रुपए के इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य प्रदूषण रोकना है। वहीं, अधिशासी अभियंता प्यारे लाल ने कहा कि सभी कार्य नियमों और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार करवाए जा रहे हैं।

केवल पठानिया ने बीपीएल परिवारों से किया संवाद

अनंत ज्ञान, शाहपुर। शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने सोमवार को रैत में बीपीएल परिवारों के साथ संवाद किया। कार्यक्रम में 12 पंचायतों के चिह्नित परिवारों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि यह चौथा चरण है और अब तक शाहपुर की 43 पंचायतों के बीपीएल परिवारों से संवाद किया जा चुका है। विधायक ने विभागों को कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। इससे पहले उन्होंने कांग्रेस कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकांश का मौके पर समाधान किया।

न्यूज ब्रीफ

हमीरपुर में 60 पदों के लिए साक्षात्कार 22 को

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। बद्दी-नालागढ़ औद्योगिक क्षेत्र में वेल्डर, हेल्पर, सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के 60 पदों के लिए 22 अगस्त को सुबह 10 बजे जिला रोजगार कार्यालय हमीरपुर में साक्षात्कार होंगे। वेल्डर व हेल्पर के 30 पदों के लिए आईटीआई वेल्डर ट्रेड और 18 से 45 वर्ष आयु जरूरी है। अन्य 30 पदों के लिए दसवीं/बारहवीं पास तथा 23 से 45 वर्ष आयु निर्धारित है। चयनित अभ्यर्थियों को 16 से 22 हजार रुपये मासिक वेतन मिलेगा। इच्छुक अभ्यर्थी मूल प्रमाण पत्र और हिमाचली प्रमाण पत्र साथ लाएं।

सलौणी और करेर में कल बंद रहेगी बिजली

अनंत ज्ञान, बड़सर। सलौणी में 33 केवी विद्युत उपकेंद्र के कार्य के चलते 19 अगस्त को सलौणी, करेर, कुलहेड़ा, डुग्वाड़, पजारड़, कोठी, लाहड़ी, सालन और आस-पास के अन्य गांवों में सुबह 10 से शाम 6 बजे तक बिजली बाधित रहेगी। सहायक अभियंता विजय पटियाल ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

नादौन में कल लगेगा नि:शुल्क मेडिकल कैंप

अनंत ज्ञान, नादौन। प्रदेश के प्रसिद्ध न्यूरो सर्जन डॉ. जनकराज (पूर्व स्वास्थ्य अधीक्षक 19 अगस्त को नादौन सुबह 11 बजे से 2 बजे तक नि:शुल्क मेडिकल कैंप आयोजित करेंगे। यह कैंप राजिंद्रा पैलेस गगाल नजदीक डिग्री कॉलेज नादौन में आयोजित किया जाएगा। इस कैंप में दिमाग और रीढ़ की हड्डी से संबंधित समस्याओं से जूझ रहे मरीज नि:शुल्क परामर्श ले सकते हैं। मरीज अपनी लेटेस्ट मेडिकल रिपोर्ट्स साथ लेकर आएं। हमीरपुर जिला नादौन के लिए यह सौभाग्य की बात है कि न्यूरो संबंधी बीमारियों से परेशान मरीजों को अपने नजदीक ही विशेषज्ञ न्यूरो सर्जन से नि:शुल्क परामर्श लेने का अवसर मिल रहा है।

कठियाना पंचायत में तेंदुए का आतंक

अनंत ज्ञान, भोटा। कठियाना पंचायत में तेंदुए का भारी आतंक है। पिछले दो दिनों में तेंदुए चार कुत्तों को अपना शिकार बन चुका है प्राप्त जानकारी के अनुसार लगभग 10 दिन पहले इसी पंचायत के कन्नड़ गांव के करतार सिंह के कुत्ते को तेंदुए ने अपना शिकार बनाया। गोड़ी गांव के निवासी विपिन कुमार ने बताया कि उसके आंगन में बैठे एक आवारा कुत्ते को भी तेंदुए ने शिकार बनाया, जिससे कि पूरे गांव में डर का माहौल बना हुआ है रात को इधर-उधर जाना भी कठिन हो गया है ग्रामवासी सुनील कुमार, रतन सिंह, कैहर सिंह एवं पिंगलो देवी ने वन विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि इस गांव में तेंदुए को पकड़ने के लिए एक पिंजरा लगाया जाए ताकि गांव में डर का खौफ खत्म हो और गांव वालों को राहत मिले।

नादौन पुलिस ने की कार्रवाई; 5.44 ग्राम चिट्टा बरामद, पांच आरोपी गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, नादौन। चिट्टा एवं नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ नादौन पुलिस का अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में पुलिस ने सोमवार को एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 और 29 के तहत मामला दर्ज कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस कार्रवाई के दौरान 5.44 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद की गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान संतोष कुमार, साहिल शर्मा, विशाल पटियाल, अमित कालिया तथा संजीव कुमार उर्फ जहाजी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार मामले की जांच जारी है। साहिल शर्मा को छोड़कर अन्य सभी आरोपी आदतन अपराधी बताए जा रहे हैं तथा उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट सहित अन्य धाराओं में पूर्व में भी कई मामले दर्ज हैं। नादौन पुलिस ने कहा कि क्षेत्र में नशे के नेटवर्क को ध्वस्त करने और बार-बार अपराध में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस ने नशामुक्त हमीरपुर के लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता जताते हुए आम जनता से नशीले पदार्थों की तस्करी अथवा सेवन से जुड़ी गतिविधियों की सूचना पुलिस को देने की अपील की है।

बड़ा में माप-तोल यंत्रों का सत्यापन कल तक

अनंत ज्ञान, बड़ा। उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा में माप-तोल विभाग की ओर से 17 से 19 अगस्त तक तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जा रही है। माप-तोल अधिकारी एनके ठाकुर ने बताया कि कार्यशाला में क्षेत्र के व्यापारियों के माप-तोल यंत्रों का सत्यापन किया जाएगा। उन्होंने व्यापारियों से निर्धारित अवधि में यंत्र सत्यापित करवाने की अपील की। सत्यापन न करवाने वाले व्यापारियों को हमीरपुर कार्यालय में यंत्र सत्यापित करवाने होंगे। बिना सत्यापन यंत्रों का इस्तेमाल करने पर कानूनी कार्रवाई हो सकती है। दुकानदारों को निर्धारित अंकित मूल्य पर सामान बेचने तथा मिठाई को गत्ते के डिब्बे सहित न तौलने के निर्देश भी दिए गए हैं।

बड़सर में सड़कों के किनारे कंडम वाहन और झूलते चीड़ के पेड़ बने बड़ा खतरा

सड़क पर जलभराव और खतरनाक मोड़ भी बने मुसीबत, वाहन चालक हो रहे परेशान

अनंत ज्ञान

एसके ठाकुर, बड़सर। उपमंडल बड़सर में लोक निर्माण विभाग द्वारा बेसिक रोड सेफ्टी नियमों को नजर अंदाज करके आम लोगों की जान खतरे में डाली जा रही है।

बड़सर से होकर गुजरने वाला नेशनल हाईवे हो या फिर क्षेत्र के संपर्क सड़क मार्ग आपको कहीं सड़क किनारे खड़े कंडम वाहन दिख जाएंगे तो कहीं सड़क के ऊपर झूलते खतरनाक चीड़ के पेड या टूटे हुए सड़क के किनारे और गड्ढों के बीच में सड़क।

उत्तरी भारत के प्रसिद्ध सिद्ध बाबा बालक नाथ मंदिर को जोड़ने वाली 20 किलोमीटर सलौणी-दियोटसिद्ध सड़क के अपग्रेडेशन का काम पिछले डेढ़ वर्ष से चला हुआ है। अपग्रेडेशन के दौरान सड़क की बेसिक रिपेयर भी नहीं की जा रही तथा इसमें एक से डेढ फुट तक गहरे गड्ढे तथा सड़क के बीच जल भराव की समस्या बनी हुई है। इसके अलावा बड़सर के संपर्क मार्गों पर दर्जनों ऐसे चीड़ के पेड़ हैं जो कभी भी गिर कर राहगीरों की जान ले सकते हैं। डुगाड़ क्षेत्र के पास एक चीड़ का पेड़ पिछले कई महीनो से खतरनाक तरीके से झुका हुआ है लेकिन आज तक इसे हटाया नहीं गया। इतना ही नहीं सड़क किनारे अतिक्रमण तथा आम लोगों को नसीहत देने वाले विभाग सड़कों से बिल्कुल सटकर खड़े किए गए कंडम वाहन भी नहीं देख पाते। भोटा नारायण नगर के पास एक ट्रक पिछले कई वर्षों से खड़ा है और उस पर घास फूस तक जाम चुकी है। जबकि मैहरे बड़सर बाजार में भी ऐसे वाहन देखे जा सकते हैं। डुगाड़ के पास एक खतरनाक पॉइंट बड़े हादसे का कारण बन सकता है। यहां पर रोड के बिल्कुल किनारे से गांव को जाने वाली सड़क निकाल दी गई है। रोड के साइड में बिल्कुल जगह न होने के कारण वाहनों को पास देते समय बड़ा हादसा घट सकता है।

अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग राजेंद्र पाल के मुताबिक सलौणी-दियोटसिद्ध सड़क अपग्रेडेशन का काम चल रहा है जल्द ही दिक्कतों का समाधान हो जाएगा।

सरकार से सवाल करना गुनाह व जनसेवा पर बैन, यही आपातकाल है: राणा

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। देश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने सुजानपुर अस्पताल में 6 सितंबर को प्रस्तावित नि:शुल्क मेडिकल कैंप के लिए जगह न मिलने पर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने सवाल उठाया कि जरूरतमंदों के लिए नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाना भी अब अपराध बन गया है क्या? राणा ने आरोप लगाया कि जनहित के कार्यों को सरकार की अनुमति का मोहताज बनाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि सर्व कल्याणकारी संस्था ने कैंप के लिए 20 जुलाई को आवेदन किया था। चिकित्सकों, दवाइयों और उपकरणों की तैयारियां पूरी थीं, लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल में विकास कार्य का हवाला देकर अनुमति देने से इनकार कर दिया। राणा का दावा है कि जिस भवन में शिविर लगाया जाना था, वहां कोई काम नहीं चल रहा है। उन्होंने कहा कि संस्था अब तक प्रदेश में 50 से अधिक नि:शुल्क मेडिकल कैंप आयोजित कर चुकी है और सुजानपुर अस्पताल में भी 15 से अधिक शिविर लग चुके हैं। राणा ने कहा कि इन शिविरों में पीजीआई चंडीगढ़ सहित बड़े संस्थानों के विशेषज्ञ चिकित्सक पहुंचते हैं और मरीजों को जांच, टेस्ट तथा दवाइयां नि:शुल्क उपलब्ध करवाई जाती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कैंप आर्थिक रूप से कमजोर, बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों के लिए बड़ी राहत हैं। उन्होंने स्थानीय विधायक कैप्टन रणजीत सिंह राणा से पूछा कि किसके निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने अनुमति रोकी और यदि किसी मरीज को इलाज से वंचित होना पड़ा तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा। राणा ने सरकार पर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि जनसेवा का अभियान किसी अनुमति से नहीं रुकेगा और सरकार बदलने के बाद नि:शुल्क मेडिकल कैंप फिर आयोजित किए जाएंगे।

उद्घाटन के एक माह बाद भी नहीं मिली खोखा धारकों को दुकानें

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। हमीरपुर बस स्टैंड के सामने करीब पांच वर्ष पहले हटाए गए खोखा धारकों को अब तक नई दुकानों का इंतजार है। खोखा हटाने के बाद बस स्टैंड के सामने शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में कुछ खोखा धारकों को दुकानें आवंटित की गई थीं, लेकिन कुछ दुकानदारों ने दुकानें स्वीकार न करते हुए कोर्ट का रुख किया था।

इसी समस्या को लेकर खोखा धारकों ने प्रदेश सरकार में मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू से मुलाकात कर अपनी मांग रखी थी। उन्होंने दुकानदारों की समस्या सुनकर नई दुकानें उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया था। इसके बाद शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के साथ ही करीब 50 लाख रुपये की लागत से नई दुकानों का निर्माण किया गया। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने 15 जुलाई को इन दुकानों का विधिवत उद्घाटन भी किया था।

दुकानों के उद्घाटन के बाद खोखा धारकों को उम्मीद जगी थी कि जल्द ही उन्हें दुकानें मिल जाएंगी और वे दोबारा अपना कारोबार शुरू कर सकेंगे।

हालांकि उद्घाटन के एक माह बाद भी 11 खोखा धारकों को दुकानों का आवंटन नहीं हो पाया है। बताया जा रहा है कि दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया एसडीएम के माध्यम से पूरी की जानी है। अब प्रभावित दुकानदार आवंटन प्रक्रिया पूरी होने और अपनी दुकानें मिलने का इंतजार कर रहे हैं।

बलोखर बनेगा लेवल-थ्री का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र

3.26 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा भवन, लोनिवि तैयार कर रहा भवन निर्माण के लिए ड्राइंग

अनंत ज्ञान

भोरंज। भोरंज विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रदेश सरकार की ओर से कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बलोखर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) को लेवल-थ्री स्वास्थ्य केंद्र के रूप में विकसित करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके लिए करीब 3 करोड़ 26 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। लोक निर्माण विभाग भवन निर्माण के लिए ड्राइंग तैयार करने के साथ आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने में जुटा है।

पीएचसी बलोखर के तीन मंजिला भवन के निर्माण पर करीब 3.26 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। इसके लेवल-थ्री बनने से नंधन, पट्टा, खरवाड़, झरलोग, करहा और भौंखर सहित छह पंचायतों की 10 हजार से अधिक आबादी को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इन पंचायतों के दो दर्जन से अधिक गांवों के लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। स्थानीय मरीजों को सामान्य उपचार और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए सिविल अस्पताल भोरंज, भोटा अस्पताल तथा मेडिकल कॉलेज हमीरपुर का रुख कम करना पड़ेगा। स्थानीय लोगों के अनुसार पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में भी पीएचसी बलोखर में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने की मांग उठाई गई थी, लेकिन उस समय आश्वासन के अलावा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

अब विधायक सुरेश कुमार के प्रयासों से स्वास्थ्य केंद्र को लेवल-थ्री सुविधा मिलने पर ग्रामीणों ने खुशी जताई है। पट्टा पंचायत प्रधान सविता मिन्हास, खाद्य आपूर्ति विभाग के निदेशक विक्रम शर्मा, हिमाचल प्रदेश इंडस्ट्रीज कॉरपोरेशन निदेशक मंडल सदस्य नरेश ठाकुर, जाहू जिला परिषद वार्ड सेक्टर प्रभारी जीवन दत्त, लक्की शर्मा और दशमल पंचायत उपप्रधान जगदेव ठाकुर ने कहा कि विधायक सुरेश कुमार के प्रयासों से भोरंज क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार हुआ है। उन्होंने बलोखर पीएचसी को लेवल-थ्री बनाने के लिए मुख्यमंत्री और विधायक का आभार जताया।

क्या कहते हैं अधिकारी

लोक निर्माण विभाग मंडल भोरंज के अधिशाषी अभियंता जयपाल नायक ने बताया कि पीएचसी बलोखर को लेवल-थ्री बनाने का कार्य प्रस्तावित है। निर्माण कार्य शुरू करने से पहले आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं।

शिकंजा: तंबाकू बेचने वाले 7 दुकानदारों के किए चालान

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी सतीश कुमार के निर्देशानुसार जिला टास्क फोर्स टीम ने जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय अत्री की अध्यक्षता में स्वास्थ्य खंड भोरंज और बड़सर में तंबाकू नियंत्रण अभियान चलाया। अभियान के दौरान तंबाकू नियंत्रण नियमों के उल्लंघन पर कुल नौ चालान किए गए। इनमें सेक्शन 6(क) के तहत दो, सेक्शन 4 के तहत तीन तथा सेक्शन 6(ख) के तहत चार चालान शामिल हैं। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय अत्री ने आम जनता और दुकानदारों से तंबाकू नियंत्रण नियमों का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिन दुकानदारों ने तंबाकू उत्पाद बेचने का लाइसेंस अभी तक प्राप्त नहीं किया है, लेकिन लाइसेंस की फीस जमा करवा दी है, वे संबंधित पंचायत सचिव से संपर्क कर अपने रिकॉर्ड का सत्यापन करवाएं।

उन्होंने लाइसेंस प्राप्त दुकानदारों को निर्देश दिए कि तंबाकू बेचने का लाइसेंस दुकान के सामने वाली दीवार पर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करें। साथ ही दुकानदारों को खुली सिगरेट बेचने से बचने और तंबाकू उत्पादों को दुकान के सामने खुले तौर पर प्रदर्शित न करने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया कि तंबाकू नियंत्रण नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। विभाग का उद्देश्य तंबाकू सेवन पर रोक लगाने के साथ लोगों को इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना है।

ब्लॉक कांग्रेस ने पूर्व विधायक कमलेश कुमारी के अस्पताल के दावे पर साधा निशाना

कांग्रेस सरकार में भोरंज में विकास के नए आयाम स्थापित : विजय

अनंत ज्ञान

भोरंज। भोरंज विधानसभा क्षेत्र में पिछले 35 वर्षों के बाद शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास को नई गति मिली है तथा विभिन्न परियोजनाओं पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। यह बात भोरंज ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय बन्याल ने सोमवार को भोरंज विश्राम गृह में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही। उन्होंने आरोप लगाया कि विकास कार्यों से बौखलाकर पूर्व विधायक कमलेश कुमारी आए दिन जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही हैं, जिसे कांग्रेस सहन नहीं करेगी।

प्रेसवार्ता करते भोरंज ब्लॉक अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी। अनंत ज्ञान

विजय बन्याल ने कहा कि विधायक सुरेश कुमार ने विधानसभा चुनाव के दौरान जनता से किए विकास संबंधी वादों को पूरा करने की दिशा में गंभीरता से कार्य किया है। विकास को केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं रखा गया, बल्कि विभिन्न परियोजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए सरकार के स्तर पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। पूर्व विधायक कमलेश कुमारी द्वारा भोरंज अस्पताल के लिए धनराशि लाने संबंधी दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष ने कहा कि अस्पताल को लेकर किए जा रहे दावे तथ्यों के अनुरूप नहीं हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में भोरंज अस्पताल को आदर्श अस्पताल के रूप में विकसित करने की दिशा में कदम उठाया गया था। अब विधायक सुरेश कुमार के प्रयासों से अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं को और मजबूत करने के लिए क्रिटिकल केयर यूनिट शुरू करने की प्रक्रिया आगे बढ़ चुकी है और इसके लिए टेंडर भी हो चुका है। उन्होंने बताया कि जाहू अस्पताल के विस्तार एवं उन्नयन के लिए भी बड़ी राशि स्वीकृत हुई है। इससे क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के आधारभूत ढांचे को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि दोनों अस्पतालों में किए जा रहे विकास कार्य आने वाले समय में क्षेत्र की जनता के लिए महत्वपूर्ण साबित होंगे। विजय बन्याल ने पूर्व विधायक पर निशाना साधते हुए कहा कि किसी भी विकास कार्य को लेकर बयान देने से पहले वास्तविक तथ्यों और सरकारी रिकॉर्ड की जानकारी लेना जरूरी है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना पूरी जानकारी के बयानबाजी कर जनता को भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक मुंगेरीलाल के हसीन सपने देख रही हैं, जबकि भोरंज की जनता धरातल पर हो रहे विकास कार्यों को देख रही है। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रवेश ठाकुर, महल जिला परिषद वार्ड सेक्टर प्रभारी राकेश गोल्डी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

विशाल को अध्यक्ष और विनय को सौंपी उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी

- प्रदेश प्रशिक्षित पंचकर्म तकनीशियन एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी गठित

अनंत ज्ञान

भोरंज। हिमाचल प्रदेश प्रशिक्षित पंचकर्म तकनीशियन एसोसिएशन की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विशाल राठौर ने की। इस दौरान सदस्यों की सर्वसम्मति से एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में प्रशिक्षित पंचकर्म तकनीशियनों से जुड़े विभिन्न विषयों, समस्याओं और मांगों पर विस्तार से चर्चा हुई।

सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि एसोसिएशन के अध्यक्ष और महासचिव सरकार तथा संबंधित विभागों के समक्ष प्रशिक्षित पंचकर्म तकनीशियनों के हितों एवं अधिकारों से जुड़े मुद्दे उठाएंगे। आवश्यक स्तर पर वार्ता और पत्राचार की जिम्मेदारी भी अध्यक्ष एवं महासचिव को सौंपी गई। नई कार्यकारिणी में विशाल राठौर (कांगड़ा) को अध्यक्ष, संतोष कुमार (हमीरपुर) को महासचिव, विनय कुमार (हमीरपुर) को उपाध्यक्ष, नेहा कुमारी (हमीरपुर) को सचिव, शुभम सोनी (हमीरपुर) को कोषाध्यक्ष और विशाल चौधरी (बिलासपुर) को मुख्य सलाहकार बनाया गया। कार्यकारिणी सदस्यों में रिधिमा चौधरी (ऊना), दीपु ठाकुर (बिलासपुर), रॉयल (कांगड़ा), मानसी (मंडी), आकाश (कांगड़ा) और अनिकेत (सिरमौर) को शामिल किया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के प्रशिक्षित पंचकर्म तकनीशियनों को एकजुट करना, उनके हितों एवं अधिकारों की आवाज को उचित मंच तक पहुंचाना तथा पंचकर्म क्षेत्र से जुड़े विषयों को सरकार और संबंधित विभागों के समक्ष मजबूती से रखना है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष विशाल राठौर ने कहा कि एसोसिएशन तकनीशियनों के हितों के लिए पूरी मजबूती से कार्य करेगी।

कार्यक्रम कुलपति डॉ. संजीव शर्मा ने छात्रों को दिए सफलता के मंत्र और कौशल विकास पर जोर

करियर प्वाइंट विवि में 'दीक्षारंभ-2026' का आगाज

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के नए विद्यार्थियों के स्वागत एवं उनके सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से 'ओरिएंटेशन प्रोग्राम-दीक्षारंभ 2026' का भव्य शुभारंभ विश्वविद्यालय सभागार में हुआ। स्टूडेंट वेलफेयर के एक्टिविटी क्लब्स द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, छात्र सहायता सेवाओं, करियर अवसरों, शोध, सामुदायिक सेवा तथा सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों से परिचित करवाना है।

कार्यक्रम का प्रथम दिवस आपकी यात्रा में आपका स्वागत है-आकांक्षा से उपलब्धि तक थीम पर आधारित रहा। नए विद्यार्थियों का स्वागत विभागाध्यक्षों, क्लब समन्वयकों, मार्केटिंग टीम एवं विद्यार्थी स्वयंसेवकों द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत 'संकल्प यज्ञ ज्ञान, विकास एवं सफलता के लिए एक आहुति' से हुई। इस विशेष पहल के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी नई शैक्षणिक यात्रा के प्रति संकल्प एवं सकारात्मक सोच का संदेश दिया। इसके पश्चात् बच्चों के अभिभावकों एवं बच्चों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ हुआ। चोरेओ एंड डांस क्लब द्वारा प्रस्तुत दुर्गा स्तुति ने कार्यक्रम को आध्यात्मिक एवं ऊर्जावान वातावरण प्रदान किया। डीन एकेडमिक अफेयर्स ने विद्यार्थियों को अकादमिक उत्कृष्टता के महत्व से अवगत करवाते हुए विश्वविद्यालय में उपलब्ध विभिन्न शैक्षणिक अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। वहीं डीन, स्टूडेंट वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन ने विद्यार्थियों को छात्र कल्याण, छात्रवृत्तियों एवं विश्वविद्यालय की विभिन्न सहायता प्रणालियों की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान नशा मुक्त भारत अभियान, विजन एंड एस्पिरेशन, रिसर्च एंड डेवलपमेंट, कम्युनिटी सर्विसेज तथा करियर एवं प्लेसमेंट जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विद्यार्थियों के साथ संवाद किया गया। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. संजीव शर्मा ने नए विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि विश्वविद्यालय में प्रवेश केवल एक नई शैक्षणिक यात्रा की शुरुआत नहीं, बल्कि अपने व्यक्तित्व, कौशल और भविष्य को नई दिशा देने का अवसर है। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन, सकारात्मक सोच, निरंतर सीखने की आदत और समय के सदुपयोग को अपने जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में केवल डिग्री हासिल करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को अपने ज्ञान के साथ व्यावहारिक कौशल, रचनात्मकता और नेतृत्व क्षमता को भी विकसित करना चाहिए।

उन्होंने विद्यार्थियों से विश्वविद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक, शोध, खेल, सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं नवाचार गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया। दोपहर के सत्र में भी विद्यार्थियों के लिए अनेक रोचक एवं संवादात्मक गतिविधियां आयोजित की गईं।

क्विज, डुएट डांस, मिलिट्री ट्रेनिंग सेंटर एनसीसी, बीएसजी से परिचय, खेल आधारित गतिविधियां, यस क्लब की सफल रास्ता और 'पैशन पैविलियन के माध्यम से विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के विभिन्न सांस्कृतिक, साहित्यिक, खेल एवं नवाचार क्लबों से परिचित करवाया गया।

नाग पंचमी पर नागेश्वर मंदिर में उमड़ी भारी भीड़

नागेश्वर मंदिर ढ़ोह में उमड़ा नाग पंचमी पर सैकड़ों लोगों ने पूजा-अर्चना की। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

भोरंज। उपमंडल भोरंज की कंज्याण पंचायत के ढ़ोह गांव नागेश्वर मंदिर में सोमवार को नाग पंचमी का पर्व ग्रामीणों ने श्रद्धा और धार्मिक आस्था के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने नाग देवता की पूजा-अर्चना करके झंड़ा चढ़ाने की रस्म अदा की और परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। सुबह से ही नागेश्वर मंदिर ढ़ोह में श्रद्धालुओं की आवाजाही रही। लोगों ने नाग देवता को दूध, जल, पुष्प फल और प्रसाद अर्पित किया तथा विधिवत पूजा-अर्चना की। इसके अलावा धार्मिक अनुष्ठान और भजन कीर्तन भी आयोजित किए गया, जिसमें महिलाओं ने भजन गा कर व नाच कर खूब आनंद लिया। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष पूर्व प्रधान पवन कुमार ने बताया कि धार्मिक मान्यता के अनुसार नाग पंचमी के दिन नाग देवता की पूजा करने से परिवार पर उनकी कृपा बनी रहती है। इस पर्व के माध्यम से प्रकृति और जीव.जंतुओं के संरक्षण का संदेश भी मिलता है। लोगों ने नागों को नुकसान न पहुंचाने तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने का संकल्प लिया। उन्होंने बताया कि विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान कंज्याण पंचायत प्रधान रजनी कौशल, मंदिर कमेटी के राकेश कुमार, सचिव उत्तम चंद, कोषाध्यक्ष अमीं चंद, वीरेंद्र कुमार, प्यार चंद, बीरबल, मदन लाल, सुरेंद्र कुमार, अमर सिंह, सोमराज, जोगिंद्र सिंह, तिलक राज, दीपक कौशल, सुधीर, संतोष कुमार, रमेश चंद, मिलाप चंद, तेज सिंह प्रधानाचार्य, सेवानिवृत उप निदेशक रेणू कौशल आदि मौजूद रहे।

मुख्य प्रशासनिक कार्यालय से महज 20 मीटर दूर खंडहर हो रहे सरकारी क्वार्टर

झाड़ी-जंगल से घिरे पुराने आवास, सरकारी संपत्ति की अनदेखी पर लोगों में रोष

अनंत ज्ञान

भीम बसेडू राजपूत, महादेव। बीएसएल परियोजना क्षेत्र में सरकारी संपत्ति की बदहाल स्थिति प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रही है। बीबीएमबी के मुख्य प्रशासनिक कार्यालय और सरकारी अस्पताल से महज 20 मीटर की दूरी पर स्थित पुराने सरकारी क्वार्टर इन दिनों झाड़ी-जंगल से घिरे हुए हैं और धीरे-धीरे खंडहर में तब्दील होते जा रहे हैं।

क्वार्टरों के आसपास घास-फूस और झाड़ियां इतनी बढ़ गई हैं कि इनकी हालत देखकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि लंबे समय से इनकी साफ-सफाई और रखरखाव की ओर ध्यान नहीं दिया गया है। स्थिति यह है कि कई क्वार्टरों की छतों पर भी जंगली घास-फूस उग आई है, जिससे यहां सरीसृपों और अन्य जीव-जंतुओं के पनपने का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बीएसएल परियोजना में कर्मचारियों की संख्या पहले की अपेक्षा कम हो गया है और काफी संख्या में सरकारी क्वार्टर खाली पड़े हैं, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि सरकारी संपत्ति को उसके हाल पर छोड़ दिया जाए। लोगों ने आरोप लगाया कि उपेक्षित पड़े इन परिसरों में अवैध घुसपैठ और असामाजिक गतिविधियों की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

उनका कहना है कि जब मुख्य प्रशासनिक कार्यालय से यह स्थान इतनी कम दूरी पर है तो अधिकारियों की नजरों से सरकारी संपत्ति की यह दुर्दशा कैसे दूर रह सकती है। लोगों ने कहा कि सरकारी संपत्ति की सुरक्षा के साथ-साथ परिसर में नियमित साफ-सफाई करवाना भी प्रशासन की जिम्मेदारी है। केवल कागजी स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाने के बजाय धरातल पर प्रभावी कदम उठाए जाने चाहिए।

स्थानीय लोगों ने बीएसएल परियोजना के पूरे क्षेत्र में खाली पड़े सरकारी आवासों, कार्यालयों और अन्य संपत्तियों का निरीक्षण करवाकर झाड़ियों की सफाई, भवनों का रखरखाव और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। लोगों ने मंडी की सांसद कंगना रनौत और बीबीएमबी के चेयरमैन से इस उपेक्षित क्षेत्र का शीघ्र कायाकल्प करवाने तथा सरकारी संपत्ति की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की पुरजोर मांग की है।

झाड़ी-जंगल से घिरे बीएसएल परियोजना के पुराने सरकारी क्वार्टर।

न्यूनतम वेतन 30 हजार करने की उठाई मांग

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। भारतीय मजदूर संघ सरकाघाट के कर्मचारियों ने तहसीलदार सरकाघाट मनीष कुमार के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को श्रमिकों की विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन भेजा। यह ज्ञापन भारतीय मजदूर संघ हिमाचल प्रदेश के प्रदेश कार्यालय के निर्देशानुसार सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि देश के करोड़ों श्रमिक महंगाई, बेरोजगारी, ठेका-आउटसोर्स व्यवस्था और श्रम विरोधी नीतियों से प्रभावित हैं। संघ ने न्यूनतम वेतन 30 हजार रुपये प्रतिमाह करने, ईएसआईसी की वेतन सीमा 21 हजार से बढ़ाकर 42 हजार रुपये तथा ईपीएफ-95 पेंशन न्यूनतम 7,500 रुपए प्रतिमाह करने की मांग उठाई। इसके अलावा ईपीएफ वेतन सीमा 30 हजार रुपये, बोनस गणना सीमा 18 हजार तथा बोनस पात्रता सीमा 42 हजार रुपये करने की मांग की गई। आशा, आंगनबाड़ी, मिड-डे-मील और एनएचएम सहित सभी स्कीम वर्करों को नियमित करने, आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए नियमितीकरण नीति बनाने और समान काम-समान वेतन लागू करने की मांग भी प्रमुखता से रखी गई। संघ ने ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा 40 लाख करने तथा चारों श्रम संहिताओं में श्रमिक विरोधी प्रावधान वापस लेने की मांग करते हुए सरकार से शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई की अपील की।

भाद्र माह शुरू होते ही देवालयों के कपाट बंद, स्वर्ग प्रवास पर गए देवी और देवता

अनंत ज्ञान

सुंदरनगर। भाद्र माह की सक्रांति से शुरू हुआ काला महीना, बंद हुए देवालयों के कपाट

सुंदरनगर। काला महीना भाद्र माह की सक्रांति से शुरू हो गया है। सोमवार को पूजा-अर्चना करने के उपरांत देवालयों के कपाट बंद कर दिए गए हैं। जानकारी देते हुए डॉ. अभिषेक सोनी ने बताया कि देव नियम और परंपरा अनुसार भाद्र माह को किसी भी शुभ कार्य के लिए वर्जित माना जाता है। इन दिनों देवभूमि को छोड़ देवी-देवता अपने स्वर्ग प्रवास पर चले जाते हैं, वहीं देव काली के मंदिर खुले रहते हैं। इन दिनों डायनों-डकनियों, भूत-प्रेतों जैसी बुरी शक्तियों का आतंक क्षेत्र में रहता है। इन बुरी शक्तियों से बचाव के लिए देवी-देवताओं के कुछ गण तथा अभिमंत्रित सरसों से क्षेत्र की रक्षा की जाती है।

◆ **डोगड़धार में देवताओं और डायनों के बीच हार-पासा की परंपरा सायरी पर होगा परिणाम का ऐलान**

इन दिनों डायनों तथा देवी-देवताओं का हार-पासा डोगधार में होता है। इसमें चार डायनों के प्रतिनिधित्व में अनेकों डायनों संग देवताओं का युद्ध होता है। आजकल के आधुनिक परिवेश में इसे मानना मुश्किल होता है, परन्तु जब इस संसार में सकारात्मक शक्ति है तो नकारात्मक शक्ति भी मौजूद है। आजकल हम सभी के मध्य मौजूद हैं, जो इन दिनों सुप-झाड़ू पर सवार होकर डोगधार में देवताओं संग हार-पासा खेलने जाती हैं। इसका प्रमाण आज भी वहां देखने को मिलता है।

इन दिनों नववधू एक माह के लिए मायके चली जाती है। देवी-देवताओं और डायनों के मध्य हुए इस युद्ध का परिणाम देवधार स्थित बाला कामेश्वर जी के दरबार में सुनाया जाएगा। वहीं देव बाला कामेश्वर जी बाहोट मंदिर में सायरी सक्रांति को गुर द्वारा भर (प्रश्न) डाली जाएगी।

डीएवी मंडी में वेद सप्ताह और नशामुक्ति जागरूकता सत्र शुरू

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल, मंडी में आर्य युवा समाज के तत्वावधान में श्रावणी पर्व के उपलक्ष्य में छह दिवसीय 'वेद सप्ताह' का सोमवार को वैदिक हवन-यज्ञ के साथ शुभारंभ हुआ। 17 से 22 अगस्त तक चलने वाले आयोजन में विद्यार्थियों को वैदिक संस्कृति, नैतिक मूल्यों और अनुशासन से जोड़ने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

इसके बाद नशा मुक्त भारत अभियान एवं मिशन स्पंदन के तहत प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय से पहुंचीं बी.के. टीना, बी.के. ईशांत और बी.के. मधु का स्वागत किया गया। दादी प्रकाशमणि की स्मृति में आयोजित '10 करोड़ नशामुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान' के तहत विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया और नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। विद्यार्थियों को योग, अध्यात्म और नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने का संदेश भी दिया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य के.एस. गुलेरिया ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखकर चरित्र निर्माण और अनुशासन की भावना विकसित करना सच्ची शिक्षा है। सप्ताह के दौरान पौधारोपण, वृद्धाश्रम अनुदान, भाषण, अनुच्छेद लेखन और मंत्रोच्चारण सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं होंगी। आयोजन का समापन विशाल वैदिक शोभायात्रा के साथ किया जाएगा।

◆ **विद्यार्थियों को दिलाई नशामुक्ति की शपथ, योगी जीवन अपनाने का संदेश**

खड़गे के मंच के कथित शुद्धिकरण को लेकर दलित परिषद ने जताया विरोध

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे की हल्द्वानी रैली के बाद मंच के कथित शुद्धिकरण की घटना को लेकर अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद ने कड़ा विरोध जताया है।

परिषद के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सचिव हिमाचल प्रदेश सरकार कमलेश कुमार पंत को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच करवाने तथा आरोप सही पाए जाने पर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम सहित अन्य लागू कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि यदि जातिगत पहचान के आधार पर सार्वजनिक मंच का शुद्धिकरण किया गया है तो यह केवल मल्लिकार्जुन खड़गे का अपमान नहीं, बल्कि दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक और वंचित वर्गों के सम्मान के साथ लोकतंत्र एवं संविधान की गरिमा का भी अपमान है। परिषद ने जातिगत भेदभाव की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने तथा सभी वर्गों के सम्मान और अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने की मांग उठाई। इस दौरान प्रकाश चन्द करड, उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय बचत राज्य सलाहकार बोर्ड ने मामले की पैरवी की। प्रतिनिधिमंडल में इन्द्रजीत सिंह, ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी, माइनॉरिटी डिपार्टमेंट, अध्यक्ष डीसीसी शिमला, सन्नी इप्पन, सह संयोजक अल्पसंख्यक विभाग, हिमाचल प्रदेश तथा धर्म सिंह राणा, प्रदेश प्रचार सचिव, सामान्य वर्ग एवं महामंत्री सेवादल भी शामिल रहे। परिषद ने कहा कि राजनीतिक मतभेद लोकतंत्र का हिस्सा हैं, लेकिन जातिगत अपमान और भेदभाव किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होना चाहिए। मुख्य सचिव कमलेश कुमार पंत ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए उत्तराखंड सरकार से संपर्क साधा जाएगा। परिषद ने उम्मीद जताई कि इस मामले में आवश्यक कार्रवाई कर सामाजिक समानता, भाईचारे और संविधान की गरिमा सुनिश्चित की जाएगी।

◆ **जातिगत भेदभाव के खिलाफ हो निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांचः राही**

स्मार्ट मीटर परियोजना तत्काल हो स्थगित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। हिमाचल किसान सभा सुंदरनगर इकाई ने प्रस्तावित स्मार्ट मीटरिंग परियोजना के विरोध में वरिष्ठ अधिशासी अभियंता, विद्युत मंडल सुंदरनगर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। सभा ने परियोजना को तत्काल स्थगित करने और इसकी लागत व निविदा प्रक्रिया की स्वतंत्र जांच करवाने की मांग की।

सभा के सचिव रामजी दास की अध्यक्षता में सौंपे ज्ञापन में कहा गया कि उपभोक्ताओं की सहमति के बिना मौजूदा डिजिटल मीटर हटाकर स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया लागू नहीं की जानी चाहिए। सदस्य सुरेंद्र सेन ने कहा कि करीब 2500 करोड़ रुपये की परियोजना के वित्तीय औचित्य, अनुमानित व वास्तविक लागत की जांच होनी चाहिए। उन्होंने गरीबों, किसानों और सब्सिडी प्राप्त परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ न डालने की मांग की। जिला सदस्य जगमेल ठाकुर ने कर्मचारियों के रोजगार की सुरक्षा तथा उपभोक्ताओं के बिजली आंकड़ों की निजता सुनिश्चित करने की मांग की। सभा ने चेतावनी दी कि 10 दिनों में सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष किया जाएगा।

युवाओं की ऊर्जा को राष्ट्र निर्माण से जोड़ना समय की आवश्यकता : जम्वाल

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। मेरा युवा भारत, हिमाचल प्रदेश की ओर से संस्कृति सदन मंडी में नवचयनित राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों के छह दिवसीय अभिमुखीकरण प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। सुंदरनगर के विधायक एवं भाजपा मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्बाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया।

प्रशिक्षण में मंडी, कुल्लू और सोलन जिलों से चयनित 35 युवा स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। राकेश जम्बाल ने कहा कि भारत की युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी ताकत है। युवाओं की ऊर्जा, प्रतिभा और सामर्थ्य को सकारात्मक दिशा देकर राष्ट्र निर्माण से जोड़ना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि युवा नेतृत्व, सामुदायिक सेवा, सामाजिक उत्तरदायित्व, पर्यावरण संरक्षण, नशामुक्ति और स्वच्छता जैसे क्षेत्रों में प्रभावी भूमिका निभा सकते हैं। नेतृत्व किसी पद तक सीमित नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना से आगे बढ़कर कार्य करने का नाम है।

◆ **राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों के लिए प्रशिक्षण का शुभारंभ**

उन्होंने स्वयंसेवकों से प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान को व्यवहार में उतारकर अपने-अपने क्षेत्रों में अधिक से अधिक युवाओं को रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अनुशासन, सेवा भावना और राष्ट्र के प्रति समर्पण युवाओं को जिम्मेदार नागरिक बनाने में सहायक हैं। यह प्रशिक्षण 22 अगस्त तक चलेगा।

कांग्रेस सरकार के खिलाफ भाजपा का प्रदर्शन

विधायक दलीप बोले- जनसमस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन होगा तेज

प्रदेश सरकार की नीतियों के विरोध में सरकाघाट में भाजपा कार्यकर्ता प्रदर्शन करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

सरकाघाट। सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं और प्रदेश सरकार की नीतियों के विरोध में भाजपा ने सरकाघाट में धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अगुवाई विधायक दलीप ठाकुर ने की। इसमें भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने भाग लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

दलीप ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में सरकाघाट क्षेत्र में विकास कार्यों की गति प्रभावित हुई है और जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान है। उन्होंने क्षेत्र की खस्ताहाल सड़कों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि जगह-जगह गड्ढों के कारण किसानों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों और वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। बरसात में स्थिति और खराब हो जाती है। उन्होंने सरकार से प्रमुख सड़कों की प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत करवाने की मांग की। विधायक ने एचआरटीसी बस सेवाओं में सुधार की भी मांग उठाई। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के कई मार्गों पर पर्याप्त बसें नहीं हैं, जिससे विद्यार्थियों, कर्मचारियों, बुजुर्गों और आम यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा जनता की आवाज विधानसभा से लेकर सड़क तक उठाती रहेगी। यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकाघाट की जनता के अधिकारों और विकास के लिए भाजपा का संघर्ष जारी रहेगा।

दिव्यांगों की मांगों को लेकर सीएमओ से मिले रमेश चंद

अनंत ज्ञान

सरकाघाट। सामाजिक कार्यकर्ता एवं सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी रमेश चंद भारद्वाज ने सोमवार को मंडी जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार चौहान से मुलाकात कर दिव्यांगों सहित धर्मपुर, सरकाघाट और धाड़ता क्षेत्र की स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार के लिए विभागीय हस्तक्षेप की मांग की।

ज्ञापन में नागरिक अस्पताल धर्मपुर और सरकाघाट में रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति करने, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोलथरा में प्रयोगशाला तकनीशियन की सेवाएं पुनः उपलब्ध करवाने तथा टिहरा अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने की मांग रखी गई। भारद्वाज ने दिव्यांगजनों के हित में ट्रेन पास बनवाने के लिए मेडिकल जांच की सुविधा सभी नागरिक अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध करवाने का आग्रह किया।

◆ **धर्मपुर और सरकाघाट अस्पतालों में रेडियोलॉजिस्ट नियुक्त करने की मांग**

उन्होंने दिव्यांगजन वेबसाइट को अपडेट करवाने के लिए रेल मंत्रालय से पत्राचार करने की भी मांग रखी।

इसके अलावा टिहरा, धर्मपुर, बल्दवाड़ा और सरकाघाट में सभी आवश्यक सुविधाओं से युक्त मेडिकल कैंप आयोजित करने का आग्रह किया गया।

पंडोह में खाद्य सुरक्षा विभाग ने लगाया उपभोक्ता जागरूकता शिविर

हर दुकान में लाइसेंस डिस्प्ले करना अनिवार्य

अनंत ज्ञान

बालक राम, पंडोह। खाद्य सुरक्षा विभाग मंडी की ओर से पंडोह में उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में खाद्य सुरक्षा सहायक आयुक्त मंडी एलडी ठाकुर ने व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा एवं विभागीय नियमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दुकानदार और खाद्य उद्योग संचालक के लिए व्यापार के अनुसार खाद्य सुरक्षा लाइसेंस बनवाना और उसे दुकान के सामने प्रमुखता से प्रदर्शित करना अनिवार्य है।

उन्होंने व्यापारियों से दुकानों में रखे सभी खाद्य उत्पादों के सही बिल-बाउचर रखने तथा खाद्य मानकों के अनुरूप सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण सामान बेचने का आह्वान किया। दुकान में कार्यरत विक्रेताओं की मेडिकल जांच एवं प्रशिक्षण भी आवश्यक बताया गया। नियमों की अवहेलना पर जुर्माने की कार्रवाई की चेतावनी दी गई। एलडी ठाकुर ने प्रतिबंधित गुटका, खैनी, तंबाकू उत्पाद और खुले में सिगरेट की बिक्री न करने की हिदायत दी। साथ ही वैधानिक चेतावनी बोर्ड निर्धारित आकार में लगाने को कहा। उन्होंने पैकिंग में प्रतिबंधित प्लास्टिक लिफाफों का प्रयोग न करने की भी अपील की।

◆ **गुटका, खैनी और खुले सिगरेट की बिक्री पर रोक उल्लंघन पर होगा चालान**

उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा पनीर के लिए गए 12 सैंपलों में सभी मानकों पर खरे नहीं उतरे। ऐसे में पनीर अथवा पनीर जैसे उत्पादों की बिक्री को लेकर सरकार जल्द बड़ा निर्णय ले सकती है। उन्होंने कहा कि विभाग पहले व्यापारियों को जागरूक करता है, लेकिन नियमों का पालन न करने पर कार्रवाई और चालान किए जाएंगे।

इस अवसर पर व्यापार मंडल पंडोह के प्रधान कुलदीप आनंद, उपप्रधान अवनी सैणी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी वर्षा सहित क्षेत्र के व्यापारी मौजूद रहे। व्यापार मंडल ने एलडी ठाकुर और वर्षा को सम्मानित किया।

न्यूज ब्रीफ

प्रधान वीरेंद्र कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया

अनंत ज्ञान, भीम बसेडू राजपूत, महादेव। ग्राम पंचायत महादेव के भवन परिसर में 15 अगस्त का राष्ट्रीय समारोह पंचायत प्रतिनिधियों, पंचायत सचिव, पूर्व सैनिकों एवं वरिष्ठ नागरिकों की मौजूदगी में हर्षोल्लास और गरिमापूर्ण तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर पंचायत प्रधान वीरेंद्र कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों एवं वरिष्ठ नागरिकों का विशेष सम्मान किया गया। पंचायत प्रतिनिधियों ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए ग्रामीणों से देश की एकता, अखंडता और विकास में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।

करसोग में परिवार रजिस्ट्रेशन शिविर 21 को

अनंत ज्ञान, करसोग। एसडीएम एवं सचिव नगर पंचायत करसोग अलीशा चौहान ने बताया कि जनहित के दृष्टिगत नगर पंचायत करसोग परिवार रजिस्टर में दर्ज होने से छूटे हुए परिवारों, परिवार के सदस्यों के पंजीकरण हेतु एक विशेष परिवार रजिस्टर शिविर का आयोजन 21 अगस्त, 2026 को नगर पंचायत करसोग कार्यालय के सभागार में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत के अधिकार क्षेत्र में आने वाले ऐसे परिवार या परिवार के सदस्य, जिनका नाम परिवार रजिस्टर में दर्ज होने से छूट गया है, वे इस विशेष शिविर में उपस्थित होकर अपना पंजीकरण करवा सकते है। उन्होंने बताया कि पंजीकरण के लिए आवेदक के पास आवश्यक दस्तावेज, जैसे राशन कार्ड, आधार कार्ड आदि का होना आवश्यक है।

शिविर सरकाघाट में बीपीएल परिवारों को सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

सुक्खू सरकार ने गरीबों को दिलाया हक: पवन

अनंत ज्ञान

सरकाघाट। उपमंडल सरकाघाट में सोमवार को खंड स्तरीय बीपीएल परिवार जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कांग्रेस नेता पवन ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने शिविर में पहुंचे सैकड़ों लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर उनका लाभ उठाने के लिए जागरूक किया। बाल विकास परियोजना अधिकारी जगदीश शर्मा ने विभाग की ओर से संचालित मुख्यमंत्री शगुन योजना की जानकारी देते हुए बताया कि बीपीएल परिवारों की बेटियों को विवाह के लिए 31 हजार रुपये की शगुन राशि प्रदान की जाती है।

उन्होंने बेटी अनमोल योजना के तहत दो बेटियों को 21-21 हजार रुपये की एफडी का प्रावधान तथा प्रस्तावित इंदिरा गांधी सुख सुरक्षा योजना के बारे में भी जानकारी दी। तहसील कल्याण अधिकारी पूनम शर्मा ने बीपीएल परिवारों के लिए वृद्धावस्था पेंशन, गृह निर्माण अनुदान योजना, विधवा एवं एकल नारी आवास योजना, अनुवर्ती कार्यक्रम, अंतर्जातीय विवाह पुरस्कार योजना तथा राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना सहित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया।

खंड विकास कार्यालय सरकाघाट की पीआई शालिनी ठाकुर ने विभाग की ओर से बीपीएल परिवारों के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी दी। उद्यान विभाग की डॉ. शबनम ने गरीब परिवारों को खेती-बाड़ी, बागवानी और फल उत्पादन के लिए सरकार की ओर से उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं एवं योजनाओं की जानकारी दी।

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के निरीक्षक देशराज ठाकुर ने बीपीएल परिवारों को राशन और उचित मूल्य की दुकानों (डिपुओं) के माध्यम से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग के डॉ. अरुण ने बीपीएल परिवारों के लिए उपलब्ध निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, हिमकेयर योजना सहित अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में बताया। शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं और पुरुषों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

मुख्य अतिथि पवन ठाकुर ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का श्रेय मुख्यमंत्री और कांग्रेस सरकार को देते हुए सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए वह हमेशा तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धर्मपाल कौंडल, नगर परिषद पार्षद अश्वनी गुलेरिया, लेखराज राणा सहित विभिन्न पंचायतों के प्रधान, सचिव तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

शहीदों की स्मृति में प्रेस क्लब महादेव ने किया पौधरोपण

अनंत ज्ञान

विजय कुमार, हटगढ़। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रेस क्लब महादेव की ओर से वीर शहीदों की स्मृति में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम निहरी-कांगड़ पनयास पेयजल संयंत्र परिसर में हुआ। यह संयंत्र ग्राम पंचायत निचली बैहली के सेगली गांव के समीप स्थित है। प्रेस क्लब सदस्यों ने परिसर में जामुन, आंवला और शहतूत के पौधे रोपित कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

सदस्यों ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस वीर सपूतों के त्याग और बलिदान को याद करने के साथ पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेने का भी अवसर है। प्रकृति की रक्षा करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस दौरान जल परियोजना के महत्व पर भी चर्चा की गई। परियोजना से महादेव, घांगल, चांबी, अप्पर बैहली और डोलधार पंचायतों के पनयास क्षेत्र में पेयजल सुविधा मजबूत होने की उम्मीद है। कार्यक्रम में प्रेस क्लब अध्यक्ष भीम सिंह, पीताम्बर लाल, विजय कुमार, महेंद्र सिंह राणा, दीपिका ठाकुर, रमेश कुमार, राजेंद्र कुमार, कृष्ण चंद सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

'**हमारे** साथ क्या होता है, उससे अधिक महत्वपूर्ण यह है कि हम उस पर कैसी प्रतिक्रिया देते हैं।'

—एपिक्टेटस

संपादकीय

युवा शक्ति पर जोर

80 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दिए गए 75 मिनट के अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत-2047, युवा शक्ति, आत्मनिर्भरता, ऊर्जा सुरक्षा और महिला सशक्तीकरण को विशेष प्राथमिकता दी। प्रधानमंत्री के संबोधन में देश के भविष्य की राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक दिशा की एक व्यापक तस्वीर दिखाई दी। उनके भाषण का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष यह रहा कि इसमें भारत की युवा आबादी और विशेष रूप से नई पीढ़ी की आकांक्षाओं को विकास के केंद्र में रखने का संदेश दिया गया। प्रधानमंत्री ने एक करोड़ युवाओं को कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रशिक्षण देने और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मुफ्त ऑनलाइन कोचिंग जैसी घोषणाओं के माध्यम से युवाओं के सामने रोजगार, कौशल और अवसरों से जुड़ी चुनौतियों का समाधान तलाशने का प्रयास किया।

डिजिटल जनगणना में युवाओं की भागीदारी का आह्वान भी केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया तक सीमित नहीं माना जा सकता। इसके माध्यम से नई पीढ़ी को शासन व्यवस्था के साथ जोड़ने और देश के विकास में उसकी सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करने का संदेश दिया गया है। आने वाले वर्षों में युवा केवल मतदाता के रूप में नहीं बल्कि नीति निर्माण, तकनीकी विकास, उद्यमिता और सामाजिक बदलाव के महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में सामने आ सकते हैं। भारत की बड़ी युवा आबादी देश के लिए अवसर भी है और जिम्मेदारी भी। यदि युवाओं को बेहतर शिक्षा, आधुनिक कौशल, रोजगार और अपनी प्रतिभा दिखाने के पर्याप्त अवसर मिलते हैं तो यही जनसंख्या भारत की सबसे बड़ी आर्थिक और सामाजिक ताकत बन सकती है।

प्रधानमंत्री के संबोधन में आत्मनिर्भरता और आर्थिक राष्ट्रवाद का संदेश भी प्रमुखता से दिखाई दिया। भारत की आर्थिक प्रगति, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में बढ़ती भूमिका और अर्धचालक तथा रक्षा उत्पादन जैसे रणनीतिक क्षेत्रों का उल्लेख इस बात का संकेत है कि सरकार विकास को केवल सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि तक सीमित नहीं रखना चाहती। भारत अब ऐसे क्षेत्रों में अपनी क्षमता बढ़ाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है जो लंबे समय तक देश की आर्थिक और सामरिक शक्ति को प्रभावित करेंगे। अर्धचालक उत्पादन में आत्मनिर्भरता से लेकर रक्षा क्षेत्र में घरेलू निर्माण को बढ़ावा देने तक कई प्रयासों का उद्देश्य भारत को वैश्विक स्तर पर अधिक सक्षम और प्रतिस्पर्धी बनाना है।

आत्मनिर्भरता का अर्थ केवल विदेशों से आयात कम करना नहीं है बल्कि देश में उत्पादन, रोजगार, नवाचार और निर्यात की क्षमता को बढ़ाना भी है। जब देश में अधिक वस्तुओं का उत्पादन होता है तो स्थानीय उद्योगों को मजबूती मिलती है और रोजगार के नए अवसर पैदा होते हैं। इसी के साथ वैश्विक बाजार में भारतीय उत्पादों की स्वीकार्यता बढ़ाने की कोशिश भी आवश्यक है। प्रधानमंत्री के संबोधन में इसी व्यापक सोच का संकेत दिखाई दिया। आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य तभी सफल हो सकता है जब भारतीय उद्योग गुणवत्ता, लागत और तकनीकी क्षमता के स्तर पर दुनिया के सामने मजबूती से खड़ा हो।

महिला सशक्तीकरण को लेकर भी संबोधन में महत्वपूर्ण संकेत दिए गए। महिलाओं की बढ़ती भागीदारी भारतीय समाज और अर्थव्यवस्था में बड़ा बदलाव ला सकती है। महिलाओं को शिक्षा, रोजगार, उद्यमिता और राजनीतिक प्रतिनिधित्व के अधिक अवसर मिलने से परिवार और समाज दोनों मजबूत होते हैं। महिला आरक्षण को जल्द लागू करने की आवश्यकता पर जोर देना इसी व्यापक परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा सकता है।

आज की प्रमुख हस्ती

मदुरै से वित्त मंत्रालय तक का सफर

निर्मला सीतारमण का जन्म **18 अगस्त 1959** को तमिलनाडु के मदुरै में हुआ था। उनका जन्म उस समय के मद्रास राज्य में हुआ था। उन्होंने अपनी शिक्षा तमिलनाडु और दिल्ली में पूरी की। इसके बाद उन्होंने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर की पढ़ाई की। छात्र जीवन से ही उनकी रुचि सामाजिक और आर्थिक विषयों में रही।

निर्मला सीतारमण
जन्म : 18 अगस्त 1959

निर्मला सीतारमण ने अपने पेशेवर जीवन की शुरुआत विभिन्न क्षेत्रों में काम करते हुए की। बाद में वह भारतीय जनता पार्टी से जुड़ीं और पार्टी के संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई। अपनी स्पष्ट सोच, प्रभावी वक्तृत्व और आर्थिक मामलों की समझ के कारण उन्होंने राष्ट्रीय राजनीति में तेजी से पहचान बनाई।

वर्ष 2014 में नरेंद्र मोदी सरकार के गठन के बाद उन्हें केंद्र सरकार में जिम्मेदारी मिली। उन्होंने वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री के रूप में कार्य किया। इसके बाद उन्हें रक्षा मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस पद पर रहते हुए उन्होंने कई महत्वपूर्ण नीतिगत और प्रशासनिक फैसलों में भूमिका निभाई।

वर्ष 2019 में निर्मला सीतारमण को देश की पूर्णकालिक महिला वित्त मंत्री बनाया गया। यह भारतीय राजनीति और आर्थिक प्रशासन के इतिहास में महत्वपूर्ण उपलब्धि थी। वित्त मंत्री के रूप में उन्होंने केंद्रीय बजट प्रस्तुत किए और अर्थव्यवस्था, कर व्यवस्था, निवेश, बुनियादी ढांचे तथा वित्तीय क्षेत्र से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसलों का नेतृत्व किया।

वह वित्त मंत्रालय के साथ-साथ कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय की जिम्मेदारी भी संभालती हैं। उनके कार्यकाल में आर्थिक सुधारों, राजकोषीय प्रबंधन और व्यापारिक वातावरण को बेहतर बनाने से जुड़े मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया गया है।

निर्मला सीतारमण भारतीय राजनीति की प्रमुख महिला नेताओं में शामिल हैं। वित्त मंत्री के रूप में उनकी भूमिका देश की आर्थिक नीतियों और विकास की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण रही है। 18 अगस्त 2026 को वह अपना 67वां जन्मदिन मना रही हैं।

कविता

हंगामों की भेंट चढ़ा मानसून सत्र

संजय एम तराणेकर (कवि, लेखक व समीक्षक)
इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश)

हंगामों की भेंट चढ़ा संसद का मानसून सत्र, सत्तापक्ष को घेरे विपक्ष
के पास न था अस्त्र। जनता ने इन्हें भेजा था प्रश्नों का हिसाब लेने,
ये नेता उलझे रहे एक-दूजे को नीचा दिखाने।
कभी नारे, कभी शोर, कभी सदन में तकरार, मुद्दे रह गए पीछे, बढ़ते
रहा राजनीतिक वार। यहाँ कुर्सियाँ चलती रहीं, बहसें 'ठहरती' रहीं,
लोकतंत्र की उम्मीदें चुपचाप 'सिसकती' रहीं। करोड़ों की उम्मीदें लेकर
जनता देखती रही, संसद की उन दीवारों से आवाज़ पूछती रही। 'मेरे
सवालों का आखिर जवाब कौन देगा? 'सत्ता हो या विपक्ष यह जिम्मेदारी
कौन लेगा। जन की आवाज लोकतंत्र की असली शक्ति,
संवाद से समाधान निकलेगा यहीं देशभक्ति।
हंगामे से नहीं, संवाद से समाधान निकलेगा,
यह संसद चलेगी तब ही तो देश आगे बढ़ेगा।

आरओ से शुद्ध पानी के साथ पानी की बर्बादी भी बढ़ी

बरसात शुरू होते ही जलस्त्रोतों में कच्चा पानी एकत्रित होने के कारण जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे समय में लोग पीने के पानी की शुद्धता को लेकर अधिक सतर्क हो जाते हैं। इसी बीच हिमाचल प्रदेश में घर-घर आरओ लगाने का चलन भी तेजी से बढ़ रहा है। कई स्थानों पर निजी कंपनियों के एजेंट लोगों को पानी की गुणवत्ता खराब होने का डर दिखाकर महंगे आरओ उपकरण खरीदने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। सवाल यह है कि क्या वास्तव में हर घर में आरओ की जरूरत है या फिर पानी की गुणवत्ता की वैज्ञानिक जांच के बाद ही इसके इस्तेमाल का निर्णय लिया जाना चाहिए।

नूरपुर,सुखदेव सिंह
स्वतंत्र लेखक, नुरपुर

पर्वतीय राज्य हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक जलस्त्रोतों की भरमार रही है। झरने, बावड़ियां, कुएं और अन्य पारंपरिक जलस्त्रोत लंबे समय से लोगों की प्यास बुझाते रहे हैं। हालांकि बदलते पर्यावरण, घटते भूजल स्तर और अनियमित वर्षा के कारण कई जलस्त्रोत प्रभावित हुए हैं। बरसात के दौरान जलस्त्रोतों में मिट्टी और अन्य अशुद्धियां पहुंचने से पानी की गुणवत्ता भी प्रभावित हो सकती है। ऐसे में पानी की जांच और उचित शुद्धिकरण बेहद जरूरी है। लेकिन केवल आशंका के आधार पर प्रत्येक घर में आरओ लगाना उचित नहीं माना जा सकता।

आरओ उपकरण मुख्य रूप से पानी में घुले हुए लवण और कई प्रकार की अशुद्धियों को कम करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। यदि किसी क्षेत्र के पानी में घुले ठोस पदार्थों की मात्रा अधिक है या पानी की गुणवत्ता ऐसी है कि सामान्य शुद्धिकरण पर्याप्त नहीं है, तब आरओ उपयोगी हो सकता है। लेकिन हर प्रकार के पानी के लिए आरओ जरूरी नहीं है। इसलिए विशेषज्ञों की सलाह के अनुसार पहले पानी की जांच कराई जानी चाहिए और उसके बाद ही उपयुक्त शुद्धिकरण प्रणाली का चयन किया जाना चाहिए।

आरओ को लेकर सबसे बड़ी चिंता पानी की बर्बादी से जुड़ी है। आरओ प्रक्रिया में शुद्ध पानी के साथ काफी मात्रा में पानी अस्वीकृत होकर बाहर निकल सकता है। यदि इस पानी का दोबारा उपयोग नहीं किया जाए तो पीने योग्य पानी का बड़ा हिस्सा व्यर्थ चला जाता है। घरों में आरओ लगाने वाले लोगों को इसके अस्वीकृत पानी को फर्श की सफाई, वाहन धोने, बागवानी, शौचालय में उपयोग और अन्य गैर-पेय कार्यों में इस्तेमाल करना चाहिए। इससे पानी की अनावश्यक बर्बादी को काफी हद तक रोका जा सकता है।

आरओ बेचने वाले कुछ एजेंट कथित तौर पर घरों में पानी की जांच के नाम पर ऐसे प्रदर्शन भी करते हैं, जिनमें पानी को बिजली

के माध्यम से गर्म करके उसमें बदलाव दिखाया जाता है। इसके आधार पर लोगों को पानी के अत्यधिक दूषित होने का डर दिखाया जाता है। ऐसे प्रदर्शनों की वैज्ञानिक विश्वसनीयता पर सवाल उठाए जाते रहे हैं। इसलिए उपभोक्ताओं को किसी भी उपकरण को खरीदने से पहले अधिकृत प्रयोगशाला से अपने पानी की जांच करानी चाहिए। केवल किसी विक्रेता के प्रदर्शन के आधार पर महंगा उपकरण खरीदना समझदारी नहीं होगी।

कई परिवार आरओ खरीदने के लिए हजारों रुपये खर्च कर रहे हैं। बाजार में अलग-अलग कंपनियों के उपकरण अलग-अलग कीमतों पर उपलब्ध हैं। कुछ विक्रेता किस्तों की सुविधा और विभिन्न प्रकार के प्रलोभन देकर ग्राहकों को आकर्षित करते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को विशेष रूप से यह समझने की जरूरत है कि पानी की गुणवत्ता को लेकर डर पैदा करके किसी उपकरण की बिक्री करना और वास्तविक वैज्ञानिक जांच दो अलग-अलग बातें हैं। उपभोक्ताओं को खरीद से पहले पानी की गुणवत्ता, उपकरण की क्षमता, रखरखाव खर्च और पानी की बर्बादी की मात्रा की जानकारी लेनी चाहिए।

पानी की गुणवत्ता को लेकर सरकारी विभागों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। जल शक्ति विभाग और स्वास्थ्य विभाग को समय-समय पर पेयजल की गुणवत्ता की जांच कर उसकी रिपोर्ट आम जनता के सामने रखनी चाहिए। यदि किसी क्षेत्र के पानी में लवण, धातु, जीवाणु या अन्य हानिकारक तत्व निर्धारित सीमा से अधिक पाए जाते हैं तो लोगों को स्पष्ट रूप से जानकारी दी जानी चाहिए और उचित शुद्धिकरण उपाय बताए जाने चाहिए। इससे लोगों के बीच फैलने वाली अनावश्यक आशंका को भी दूर किया जा सकेगा।

पेयजल संरक्षण आज हिमाचल प्रदेश के सामने बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। जलवायु परिवर्तन, वर्षा के बदलते स्वरूप, बढ़ती आबादी और पानी की बढ़ती मांग के कारण जलस्त्रोतों पर दबाव बढ़ रहा है। ऐसे में पानी की एक-एक बूंद का महत्व समझना जरूरी है। घरों में शुद्ध पानी उपलब्ध कराने के साथ-साथ पानी की बर्बादी रोकना भी प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।

पानी को शुद्ध करने के लिए हर स्थिति में एक ही उपाय अपनाना सही नहीं हो सकता। किसी स्थान पर सामान्य निस्यंदन पर्याप्त हो सकता है तो कहीं अन्य शुद्धिकरण तकनीक की आवश्यकता हो सकती है। पानी को उबालना भी कई प्रकार के सूक्ष्मजीवों को नष्ट करने में उपयोगी है, लेकिन इससे पानी में मौजूद सभी प्रकार के घुले रासायनिक पदार्थ दूर नहीं होते। इसलिए शुद्धिकरण का तरीका पानी की वास्तविक गुणवत्ता के आधार पर तय किया जाना चाहिए।

हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक जलस्त्रोतों के संरक्षण के साथ-साथ पेयजल की नियमित जांच और लोगों को सही जानकारी देना समय की आवश्यकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

शिक्षा के माध्यम से समानता और सामाजिक न्याय की नई दिशा

भारत जैसे विविधताओं और सामाजिक असमानताओं वाले समाज में शिक्षा केवल ज्ञान अर्जन का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन, समान अवसर और न्याय स्थापित करने का सशक्त साधन है।

विशाल कल्याण
सहायक प्रोफेसर, महाराजा अग्रसेन यूनिवर्सिटी, बद्दी, सोलन

इसी दृष्टि से शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा 12(1)(ग), जिसके अंतर्गत निजी विद्यालयों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों तथा वंचित समूहों के बच्चों के लिए 25 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है, भारतीय लोकतंत्र की परिवर्तनकारी सोच को प्रतिबिंबित करती है। जनवरी 2026 में उच्चतम न्यायालय ने अपने ऐतिहासिक निर्णय में इस प्रावधान की संवैधानिक वैधता और सामाजिक उपयोगिता को पुन: स्थापित करते हुए इसे सामाजिक एकीकरण और समानता का प्रभावी औजार बताया। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि यह व्यवस्था केवल गरीब बच्चों को निजी विद्यालयों में प्रवेश दिलाने की योजना नहीं, बल्कि साझा शिक्षण स्थल के निर्माण का प्रयास है, जहां समाज के विभिन्न वर्गों के बच्चे साथ बैठकर शिक्षा प्राप्त करते हैं। यह स्थिति प्रतीकात्मक समानता का सशक्त उदाहरण है, जिसमें न्यायाधीश और सड़क विक्रेता के बच्चे एक ही बेंच पर बैठ सकते हैं। इस प्रकार यह प्रावधान जन्म आधारित सामाजिक सीमाओं को तोड़ने और समान अवसर उपलब्ध कराने की संवैधानिक रणनीति के रूप में कार्य करता है। समाजशास्त्रीय दृष्टि से यह प्रावधान सामाजिक स्तरीकरण को चुनौती देता है। भारतीय समाज में शिक्षा लंबे समय तक वर्गीय विशेषाधिकार का माध्यम रही है, जहां गुणवत्तापूर्ण निजी शिक्षा केवल संपन्न वर्ग तक सीमित रही। ऐसे में यह प्रावधान शिक्षा के लोकतंत्रीकरण का प्रयास है, जो वंचित वर्गों के बच्चों को उन सामाजिक-सांस्कृतिक



अवसरों तक पहुंच प्रदान करता है जो पहले उनसे दूर थे। यह केवल विद्यालय में प्रवेश नहीं, बल्कि सामाजिक गतिशीलता के नए द्वार खोलने का प्रयास है।

फ्रांसीसी समाजशास्त्री पियरे बोरदियू की सांस्कृतिक पूंजी और हैबिटस की अवधारणाएं इस संदर्भ में अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं। बोरदियू के अनुसार व्यक्ति की आकांक्षाएं, व्यवहार और अवसर उसके सामाजिक परिवेश द्वारा निर्मित होते हैं। जब गरीब या वंचित परिवार का बच्चा एक प्रतिष्ठित निजी विद्यालय में शिक्षा प्राप्त करता है, तो वह केवल पाठ्यपुस्तक ज्ञान ही अर्जित नहीं करता, बल्कि भाषा कौशल, आत्मविश्वास, व्यवहार शैली, सामाजिक नेटवर्क और ऊंची आकांक्षाएं भी विकसित करता है। इस प्रकार यह व्यवस्था उसके हैबिटस को परिवर्तित करने का कार्य करती है। यह प्रावधान सामाजिक पूंजी के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सामाजिक पूंजी से तात्पर्य उन संबंधों, नेटवर्कों और अवसरों से है, जो व्यक्ति के विकास में सहायक होते हैं। जब वंचित वर्ग के बच्चों को प्रतिष्ठित विद्यालयों में प्रवेश मिलता है, तो उन्हें ऐसे सामाजिक संसाधनों तक पहुंच प्राप्त होती है, जो उनके भविष्य को व्यापक बनाते हैं। इस प्रकार शिक्षा सामाजिक अवसरों के पुनर्वितरण का माध्यम बनती है।

यह व्यवस्था पाउलो फेरे की 'मौन की संस्कृति' की अवधारणा को चुनौती देती है, जिसमें वंचित वर्ग अपनी संभावनाओं से अनभिज्ञ रह जाता है। ऐसे बच्चों का गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जुड़ना उनके आत्मविश्वास और आकांक्षाओं को नई दिशा देता है। उच्चतम न्यायालय ने भी इस प्रावधान को सामाजिक न्याय के साझा दायित्व के रूप में स्वीकार किया है। यह केवल आरक्षण नहीं, बल्कि समान अवसर सुनिश्चित करने का प्रयास है। इसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आए हैं, जहां लाखों बच्चों को बेहतर शिक्षा और सामाजिक परिवेश मिला है। हालांकि, क्रियान्वयन में प्रतिपूर्ति में देरी, सामाजिक भेदभाव और सहयोग की कमी जैसी चुनौतियां मौजूद हैं। इसलिए आवश्यक है कि समावेशी वातावरण और प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जाए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

मणिमहेश यात्रा का धार्मिक महत्व और हिमालय की अद्भुत छटा

मणिमहेश यात्रा हिमाचल प्रदेश की सबसे प्रमुख और प्रसिद्ध धार्मिक यात्राओं में शामिल है। भगवान भोलेनाथ के प्रति श्रद्धा और आस्था रखने वाले हजारों श्रद्धालु हर वर्ष इस पवित्र यात्रा में शामिल होते हैं। यह यात्रा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी से लेकर राधाष्टमी तक विशेष रूप से चलती है। कठिन पहाड़ी रास्तों, ऊंची चढ़ाइयों और कई बार खराब मौसम तथा प्राकृतिक आपदाओं की चुनौतियों के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं होता। आस्था से भरे यात्री कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए मणिमहेश पहुंचते हैं और पवित्र डल झील में स्नान कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

आनंद स्वरूप धीमान
सेवानिवृत्त कोषाधिकारी, पंचरुखी जिला कांगड़ा

हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले की भरमौर तहसील में स्थित मणिमहेश धार्मिक और प्राकृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। यह क्षेत्र समुद्र तल से लगभग 13 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित है। मणिमहेश पर्वत को भगवान शिव की तपोभूमि माना जाता है। मान्यता है कि पर्वत पर भगवान भोलेनाथ का निवास है। भोर के समय पर्वत की दिशा में दिखाई देने वाली ज्योति को मणि का प्रकाश माना जाता है। श्रद्धालुओं की मान्यता है कि जिस व्यक्ति को इस अलौकिक प्रकाश के दर्शन हो जाते हैं उसकी यात्रा सफल और पुण्यदायी हो जाती है। कई बार यह प्रकाश सीधे पर्वत की गोद में स्थित पवित्र झील पर पड़ता हुआ दिखाई देता है। स्थानीय भाषा में इस झील को डल कहा जाता है।

मणिमहेश यात्रा केवल धार्मिक आस्था का केंद्र नहीं बल्कि हिमालय की प्राकृतिक सुंदरता का भी अद्भुत उदाहरण है। ऊंचे-ऊंचे पहाड़ों, हरी-भरी घाटियों, झरनों और कठिन पहाड़ी रास्तों से होकर श्रद्धालु अपनी यात्रा पूरी करते हैं। रास्ते में आने वाले रमणीय दृश्य यात्रियों को आकर्षित करते हैं। कठिन चढ़ाई के बावजूद श्रद्धालु भगवान शिव का नाम लेते हुए आगे

बढ़ते रहते हैं। मणिमहेश पहुंचने के बाद पर्वत की गोद में स्थित पवित्र झील का दृश्य हर किसी को मंत्रमुग्ध कर देता है। यहां पहुंचकर श्रद्धालु झील की परिक्रमा करते हैं और पवित्र जल में स्नान कर भगवान शिव की पूजा-अर्चना करते हैं।

मणिमहेश यात्रा की एक विशेष धार्मिक परंपरा भी है। श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूरी होने के बाद यहां लोहे का त्रिशूल, छड़ी और झंडा चढ़ाते हैं। कई श्रद्धालु अपनी श्रद्धा के अनुसार जात्रा भी चढ़ाते हैं। राधाष्टमी के दिन होने वाला बड़ा नहौण इस यात्रा का सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक अवसर माना जाता है। इस दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पवित्र झील में स्नान करते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस स्नान से मनुष्य को पापों और कई प्रकार के रोगों से मुक्ति मिलती है तथा मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

मणिमहेश यात्रा का संबंध केवल मणिमहेश झील से नहीं बल्कि भरमौर की प्राचीन धार्मिक परंपराओं से भी जुड़ा हुआ है। यात्रा का पहला प्रमुख पड़ाव चंबा का चौगान माना जाता है। यहां देश और प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों से आने वाले श्रद्धालु कुछ समय विश्राम करते हैं और इसके बाद आगे की यात्रा शुरू करते हैं। चंबा से भरमौर तक का रास्ता भी धार्मिक और प्राकृतिक महत्व रखता है। श्रद्धालु राख और धरबाला जैसे स्थानों से होते हुए भरमौर पहुंचते हैं।

भरमौर में स्थित चौरासी मंदिर परिसर इस यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव है। चौरासी को 84 सिद्धों की तपोस्थली माना जाता है। यहां स्थित धर्मराज मंदिर भी विशेष धार्मिक महत्व रखता है। श्रद्धालु चौरासी मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना करने के बाद अपनी यात्रा को आगे बढ़ाते हैं। मान्यता है कि मणिमहेश यात्रा की शुरुआत भरमौर स्थित ब्रह्माणी माता के मंदिर से अनुमति लेने के बाद ही की जानी चाहिए। ब्रह्माणी देवी का मंदिर भरमौर से लगभग छह किलोमीटर दूर पहाड़ी पर स्थित है। धार्मिक परंपरा के अनुसार माता ब्रह्माणी से अनुमति लेकर ही मणिमहेश की यात्रा आगे बढ़ती है। भरमौर से श्रद्धालु सड़क मार्ग से हड़सर पहुंचते हैं। हड़सर के बाद यात्रा का कठिन पैदल चरण शुरू होता है। लगभग 14 किलोमीटर की यह दूरी श्रद्धालु पैदल या घोड़े के माध्यम से तय करते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

शराब से चिट्टे तक नशे के जाल में फंसता युवा भारत

रामकृष्ण परमहंस, संत कबीर, गुरु नानक और स्वामी विवेकानंद जैसे महान संतों और विचारकों की धरती भारत ने दुनिया को आध्यात्मिकता, मानवता, भाईचारे और परिवार के मूल्यों का संदेश दिया। इसी देश में आज युवा तेजी से नशे की गिरफ्त में जाता दिखाई दे रहा है। आधुनिकता और पश्चिमी जीवनशैली की नकल के नाम पर शराब और अन्य नशीले पदार्थों का बढ़ता चलन समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय बन चुका है। धनाढ्य और नवधनाढ्य वर्ग में होटल, बार और शराब पार्टियों को आधुनिक जीवनशैली का प्रतीक मानने की प्रवृत्ति ने इस समस्या को और बढ़ाया है।

डा. अशोक कुमार चौबे
सेवानिवृत्त प्रोफेसर कृषि प्रसार शिक्षा हिमाचल प्रदेश (कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर)

नशे की समस्या केवल किसी एक वर्ग या क्षेत्र तक सीमित नहीं है। शहरों से लेकर गांवों तक इसका प्रभाव दिखाई दे रहा है। शराब के साथ-साथ चिट्टा, सिंथेटिक ड्रग्स और अन्य नशीले पदार्थ युवाओं को अपनी गिरफ्त में ले रहे हैं। हिमाचल प्रदेश और पंजाब जैसे राज्यों में नशे के बढ़ते प्रभाव को लेकर लगातार चिंता व्यक्त की जाती रही है। नशे की लत व्यक्ति के स्वास्थ्य और भविष्य को नुकसान पहुंचाने के साथ परिवारों को भी तोड़ रही है। नशे के कारण घरेलू हिंसा, चोरी, अपराध और अन्य सामाजिक समस्याएं बढ़ने की आशंका रहती है।

सरकारें नशे के विरुद्ध अभियान चलाती हैं, विज्ञापन जारी करती हैं और नशामुक्ति केंद्रों के माध्यम से उपचार की व्यवस्था करती हैं। इसके बावजूद यह सवाल महत्वपूर्ण है कि इन प्रयासों का वास्तविक परिणाम कितना सामने आया है। यदि नशे के खिलाफ करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं तो यह भी स्पष्ट होना चाहिए कि कितने युवाओं को नशे की गिरफ्त से बाहर निकाला गया और कितने परिवारों को इस संकट से राहत मिली। केवल विज्ञापन और जागरूकता कार्यक्रम समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सकते।

एक ओर सरकारें शराब से राजस्व अर्जित करती हैं और दूसरी ओर उसी शराब के दुष्प्रभावों के खिलाफ अभियान चलाती हैं। यह दोहरा रवैया समाज के सामने गंभीर सवाल खड़ा करता है। शराब की दुकानों और बार की उपलब्धता बढ़ने से नशे की पहुंच आसान होती है। यदि सरकार वास्तव में युवाओं को नशे से बचाना चाहती है तो उसे शराब की बिक्री और उससे मिलने वाले राजस्व के बीच संतुलन पर गंभीरता से विचार करना होगा। केवल यह तर्क कि शराब से मिलने वाले राजस्व से विकास कार्य होते हैं, सामाजिक नुकसान की अनदेखी का आधार नहीं बन सकता।

नशे के अवैध कारोबार पर भी कठोर कार्रवाई की आवश्यकता है। बंदरगाहों और सीमावर्ती क्षेत्रों से बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ पकड़े जाने की खबरें सामने आती रहती हैं। सवाल यह है कि इतनी बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित पदार्थ देश में पहुंच कैसे रहे हैं और इनके पीछे कौन से नेटवर्क काम कर रहे हैं। केवल छोटे स्तर के तस्करों की गिरफ्तारी से समस्या खत्म नहीं होगी। जांच एजेंसियों को पूरे नेटवर्क तक पहुंचना होगा और तस्करी के स्रोत से लेकर अंतिम खरीदार तक की कड़ी को तोड़ना होगा।

युवाओं में नशे की शुरुआत कई बार दोस्तों के दबाव, बेरोजगारी, तनाव, पारिवारिक समस्याओं और गलत संगति से होती है। इसलिए इसका समाधान केवल पुलिस कार्रवाई नहीं है। युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, रोजगार, खेल, कौशल विकास और स्वस्थ मनोरंजन के अवसर उपलब्ध कराने होंगे। विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में नशे के खिलाफ नियमित परामर्श व्यवस्था होनी चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अनंत ज्ञान

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

शिमला-रामपुर हाईवे के सुदृढ़ीकरण को 1400 करोड़ के कार्य मंजूर : विक्रमादित्य

लोक निर्माण मंत्री बोले-सड़क व आधारभूत ढांचे से बदलेगी ठियोग की तस्वीर

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने दो दिवसीय ठियोग उत्सव के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर स्थानीय विधायक कुलदीप राठौर ने मुख्यातिथि को शॉल, हिमाचली टोपी और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में सड़क, बागवानी और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। शिमला से रामपुर तक मुख्य राष्ट्रीय राजमार्ग के सुदृढ़ीकरण के लिए करीब 1,400 करोड़ रुपये के कार्य स्वीकृत होना क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि बरसात में भूस्खलन व प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के लिए हाईवे सुधार कार्यों में अधिकतम सुरंगों के निर्माण की मांग की जा रही है, जिससे बागवानों और आम जनता को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी। इसके अतिरिक्त बागवानों की आर्थिकी से जुड़ी महत्वपूर्ण छैला-यशवंत नगर सड़क के उन्नयन के लिए भी करीब 239 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं, जिसका कार्य जल्द ही चरणबद्ध तरीके से शुरू होगा ताकि बागवानों को उपज मंडियों तक बिना बाधा पहुंच सके।

इस समापन अवसर पर हिमुडा के वाइस चेयरमैन यशवंत छाजटा, नगर परिषद चेयरमैन करुणा कंवर, वाइस चेयरमैन कमला शर्मा, एसडीएम डॉ. मेजर शशांक गुप्ता, डीएसपी सिद्धार्थ शर्मा, ईओ डॉ. वरुण शर्मा सहित अनेक प्रशासनिक अधिकारी, पंचायती राज प्रतिनिधि और स्थानीय गणमान्य नागरिक विशेष रूप से उपस्थित रहे।

मेले व उत्सव हमारी समृद्ध संस्कृति की पहचान : कुलदीप सिंह राठौर

समारोह में विधायक कुलदीप राठौर ने कहा कि मेले व सांस्कृतिक आयोजन हमारी समृद्ध लोक विरासत को संजोए रखने तथा आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार क्षेत्र की आर्थिकी और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए निरंतर योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है।

शोघी में 15 करोड़ का पीएचसी भवन 9 माह में होगा तैयार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के शोघी में 15 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का कार्य आगामी नौ माह में पूरा किया जाएगा। लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने सोमवार को भवन का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार को निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह द्वारा शिलान्यास किए गए इस भवन का निर्माण पिछले कुछ समय से धीमा पड़ गया था, लेकिन अब कार्य ने गति पकड़ ली है। नए भवन में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ ट्रॉमा सेंटर भी स्थापित किया जाएगा, जिससे दुर्घटनाओं में घायलों को तत्काल उपचार मिल सकेगा। इसके बाद शोघी पंचायत भवन में आयोजित 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में मंत्री ने शोघी सहित आनंदपुर, कोट, थड़ी, जलेल और बढ़ई पंचायतों के प्रतिनिधियों तथा ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि शिमला ग्रामीण की प्रत्येक पंचायत का संतुलित विकास सरकार की प्राथमिकता है और बजट की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी।

कसुम्पटी में आज से शुरू किया जाएगा 24 घंटे जलापूर्ति के लिए पाइपलाइन बिछाने का काम

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। शिमला शहर में चौबीसों घंटे भरपूर दबाव के साथ स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने के मकसद से एसजेपीएनएल की महत्वाकांक्षी परियोजना के पैकेज 5 के तहत कसुम्पटी वार्ड में 18 अगस्त से पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरू होने जा रहा है। इसी पैकेज के दायरे में आने वाले पंथाघाटी वार्ड में भी जल्द ही नई पाइपलाइनों का नेटवर्क तैयार किया जाएगा। राजधानी की पेयजल व्यवस्था को पूरी तरह आधुनिक और सुदृढ़ बनाने के लिए वितरण और मुख्य ट्रांसमिशन लाइनों का नया जाल बिछाया जा रहा है।

शहर में इस पूरी परियोजना के निर्माण का जिम्मा सुएज इंडिया संभाल रही है, जिसके तहत पैकेज एक, दो, तीन और चार में आधारभूत ढांचे का काम पहले से ही तेजी पर है। इस योजना के अंतर्गत न केवल नई पाइपलाइनें बिछाई जाएंगी, बल्कि नए जल भंडारण टैंकों के निर्माण के साथ-साथ सभी घरों को नए सिरे से पानी के कनेक्शन भी दिए जाएंगे। इस बड़े विकास कार्य को लेकर स्थानीय लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाने और उनके सुझाव व शंकाओं को दूर करने के लिए गैर सरकारी संगठनों की टीमें कसुम्पटी क्षेत्र में घर-घर जाकर जनसंपर्क अभियान चला रही हैं।

कसुम्पटी वार्ड की पार्षद रचना शर्मा ने सुएज इंडिया और एसजेपीएनएल के अधिकारियों तथा तकनीकी टीमों को कड़े निर्देश दिए हैं कि खुदाई और पाइपलाइन बिछाने के दौरान आम जनता को किसी भी तरह की परेशानी न हो। उन्होंने कार्य को पूरी सावधानी, सुरक्षा मानकों और आपसी तालमेल के साथ तय समय सीमा में पूरा करने पर जोर दिया है।

- **पंथाघाटी में भी जल्द बिछेगा नया पेयजल नेटवर्क, घरों को मिलेंगे नए कनेक्शन**
- **जल परियोजना को लेकर घर-घर जागरूकता अभियान लोगों से ले रहे फीडबैक**

निजी वीडियो रिकॉर्ड कर युवती को ब्लैकमेल करने वाला सिरमौर का युवक किया गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। राजधानी शिमला में एक युवती की निजी वीडियो को बिना अनुमति स्क्रीन रिकॉर्डिंग कर उसे ब्लैकमेल करने का गंभीर मामला सामने आया है। आरोपी युवती को धमका रहा था कि यदि उसने उसकी बात नहीं मानी तो वह इस वीडियो को सोशल मीडिया और विभिन्न वेबसाइटों पर प्रसारित कर देगा। पीड़िता की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए शिमला पुलिस ने 21 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

मामला महिला पुलिस थाना बीसीएस (शिमला) में 12 जुलाई को दर्ज किया गया था। 20 वर्षीय पीड़िता की शिकायत के बाद पुलिस ने साइबर और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच को तेजी से आगे बढ़ाया। डिजिटल सुरागों की मदद से पुलिस ने आरोपी की पहचान सिरमौर निवासी अंकुश चौहान के रूप में की और दबिश देकर उसे हिरासत में ले लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से वारदात में इस्तेमाल मोबाइल फोन भी जब्त कर लिया है।

शिमला पुलिस के अनुसार, महिलाओं से संबंधित अपराधों में पीड़िता की निजता, गरिमा और पहचान की सुरक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। साइबर माध्यम से महिलाओं की स्वतंत्रता और गोपनीयता में दखल देने वालों से सख्ती से निपटा जा रहा है। पुलिस जब्त किए गए मोबाइल से अन्य तकनीकी साक्ष्य जुटा रही है और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

- **स्क्रीन रिकॉर्डिंग कर 20 वर्षीय युवती को दे रहा था धमकी**
- **तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपी को दबोचा**

'हर घर तिरंगा' अभियान में यूथ क्लब भड़ेच ने जगाई राष्ट्रभक्ति की अलख

भड़ेच में तिरंगा यात्रा निकालकर दिया राष्ट्रीय एकता का संदेश।

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। माई भारत, युवा कार्य एवं खेल विभाग के तत्वावधान में यूथ क्लब भड़ेच द्वारा 9 से 17 अगस्त 2026 तक 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत विभिन्न राष्ट्रभक्ति और जन-जागरूकता कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। अभियान के दौरान युवाओं ने क्षेत्र में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली और ग्रामीणों को घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' के ऐतिहासिक महत्व और स्वतंत्रता संग्राम में इसकी भूमिका पर ज्ञानवर्धक चर्चा सत्र भी आयोजित किए गए, जिससे पूरे क्षेत्र में देशभक्ति और राष्ट्रीय चेतना का माहौल बन गया।

- **स्वतंत्रता दिवस पर ग्रामीणों ने लिया राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संकल्प**

स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर भड़ेच गांव में गरिमामय समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें नव ज्योति युवा मंडल, महिला मंडल और ग्राम पंचायत घुंडा भड़ेच के प्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

युवा मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह में ग्रामीणों ने ध्वजारोहण कर देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता को अक्षुण्ण रखने का सामूहिक संकल्प लिया। क्लब के पदाधिकारियों ने जोर देकर कहा कि तिरंगा केवल एक प्रतीक नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों की सामूहिक भावना और गौरव की पहचान है।

विकास खंड रामपुर में प्रधान परिषद गठित

कृष्ण गोपाल अध्यक्ष, राजकांता उपाध्यक्ष व अश्वनी बने सचिव

अनंत ज्ञान

आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर। रामपुर उपमंडल में विकास खंड रामपुर के विभिन्न ग्राम पंचायतों के प्रधानों की बैठक में सर्वसम्मति से विकास खंड रामपुर बुशहर प्रधान परिषद का गठन किया गया। बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा कार्यकालन के दौरान सामने आने वाली प्रशासनिक व व्यावहारिक समस्याओं, विभागीय समन्वय की कठिनाइयों तथा विकास कार्यों की स्वीकृति व क्रियान्वयन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा हुई। उपस्थित प्रधानों ने आपसी सहमति से कृष्ण गोपाल को प्रधान परिषद का अध्यक्ष, राजकांता शर्मा को उपाध्यक्ष तथा अश्वनी शर्मा को सचिव नियुक्त किया।

नवगठित कार्यकारिणी का कार्यकाल एक वर्ष तय किया गया है। बैठक में कहा गया कि प्रधान परिषद पंचायत प्रतिनिधियों के लिए एक मजबूत साझा मंच बना कर उनके अनुभवों के आदान-प्रदान, समन्वय सुधारने और सामूहिक होकर विभागों व अधिकारियों के समक्ष मुद्दे उठाने का काम करेगी। प्रधानों ने बताया कि व्यक्तिगत स्तर पर कई बार समस्याएं संबंधित अधिकारियों तक प्रभावी ढंग से नहीं पहुंच पातीं, जिससे विकास कार्यों में देरी व दूरी की समस्याएँ उत्पन्न होती हैं। परिषद इन चुनौतियों का व्यवस्थित रूप से समाधान कराने के लिए प्राथमिकता तय कर संबंधित विभागों के समक्ष मामला उठाएगी और आवश्यकता होने पर अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रभावी पैरवी करेगी। बैठक में होशियार मेहता, उषा नेगी, संदीपा, सोहन पांगटू, रचना भंडारी, सुषमा, हेम राज, सुनीता, शारदा, रविकांत, वीना, अनु पौंड, गुडू टेगटा सहित कई ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

रामपुर शहरवासियों ने उठाया एलपीजी बुकिंग में 45 दिन के अंतराल का मुद्दा

अनंत ज्ञान

आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर। रामपुर बाजार के पूर्व पार्षद ध्रुव शर्मा ने सोमवार को बताया कि ग्रामीण इलाकों में एलपीजी सिलेंडर बुकिंग के बीच 45 दिनों का अनिवार्य अंतराल रखा गया है, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह अंतराल 25 दिन निर्धारित है। उन्होंने सवाल उठाया कि रामपुर बाजार के निवासी किस श्रेणी में गिने जा रहे हैं, क्योंकि वे नगर परिषद के कर-शुल्क नियमित अदा करते हैं और शहरी व्यवस्थाओं के अंतर्गत आते हैं। ध्रुव शर्मा ने बताया हम रामपुर शहर में रहते हैं, हाउस टैक्स सहित नगर परिषद के विभिन्न कर और शुल्क भरते हैं। कर वसूली और शहरी नियमों में हमें शहर का निवासी माना जाता है तो रसोई गैस की बुकिंग के नियम में हमें ग्रामीण वर्ग के बराबर क्यों रखा जा रहा है।

उन्होंने सरकार और क्षेत्रीय गैस एजेंसियों से आग्रह किया कि रामपुर शहर के उपभोक्ताओं के लिए शहरी नियम (25 दिन) लागू किए जाएँ और नियमों में समानता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी मांग उठाई कि पश्चिम एशिया में बढ़ते भू - राजनीतिक तनाव के चलते एलपीजी आपूर्ति प्रभावित होने के कारण नए घरेलू कनेक्शनों पर लगी रोक कब हटेगी, इसकी स्पष्ट जानकारी दी जाए। ध्रुव ने कहा कि नई कनेक्शन पर रोक से उन परिवारों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है जिन्हें तत्काल गैस की आवश्यकता है। उन्होंने केंद्र सरकार से इस प्रतिबंध को जल्द हटाने और आम जनमानस को राहत देने का आग्रह किया।

- **पूर्व पार्षद बोले- शहर में लागू हो 25 दिन वाला एलपीजी बुकिंग नियम**

4 शिक्षण संस्थानों में होगा भारत-तिब्बत संबंधों पर संवाद

तिब्बती समुदाय के सहयोग के लिए आचार्य फूंटोक ने कुलदीप पठानिया का जताया आभार

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। निर्वासित तिब्बतियन संसद के पूर्व उपाध्यक्ष एवं इंडो-तिब्बत मैत्री संघ के सलाहकार आचार्य येशी फूंटोक ने सोमवार को हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से उनके कार्यालय कक्ष में शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने तिब्बती समुदायों, धर्मगुरुओं तथा निर्वासित तिब्बतियन सरकार के जनप्रतिनिधियों को निरंतर सहयोग और सम्मान देने के लिए पठानियां का आभार जताया। उन्होंने कहा कि व्यस्तता के बावजूद विधानसभा अध्यक्ष ने तिब्बती समुदाय के हर वर्ग को सम्मान दिया है, जो उनकी मानवता व उदारता का परिचायक है।

आचार्य फूंटोक ने 108 शांति संस्था की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि संस्था शिमला के हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, राजीव गांधी उत्कृष्ट महाविद्यालय संजौली, राजकीय कन्या महाविद्यालय शिमला और सेंट बेड्स कॉलेज में राजनीतिक विभागों के सहयोग से भारत-तिब्बत संबंधों पर संवाद कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य युवा पीढ़ी को दोनों क्षेत्रों के ऐतिहासिक, सामाजिक एवं व्यापारिक संबंधों से अवगत करवाना है, ताकि इन संबंधों की विरासत को आगे बढ़ाया जा सके।

युवाओं को इतिहास की जानकारी देने पर जोर

फूंटोक ने कहा कि संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से आने वाली पीढ़ी भारत-तिब्बत के ऐतिहासिक संबंधों को समझने और उन्हें व्यापक स्तर पर उजागर करने का प्रयास करेगी। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने 108 शांति संस्था को अपनी ओर से हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

कार्यालय ग्राम पंचायत डण्डाल विकास खण्ड सदर मंडी, जिला मंडी (हि.प्र.)

निविदा आमंत्रण सूचना

ग्राम पंचायत डण्डाल विकास खंड सदर मंडी के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों हेतु वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकतानुशार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदाएँ, आमंत्रित की जाती है। निविदाएँ, दिनांक 25-08-2026 को 11:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए। निविदाएँ दिनांक 25-08-2026 को अपराहन 11:30 बजे के बाद ग्राम पंचायत की निर्माण कमेटी व निविदा दाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जायेंगी। सामग्री का विवरण निम्न प्रकार से हैः- 1. रेत (खड/ नदी)- प्रति घन मीटर 2. रेत (क्रेशर)- प्रति घन मीटर 3. बजरी (खंड नदी/ क्रशर)- प्रति घन मीटर 4. पत्थर कटस्टोन-प्रति घन मीटर 5. बोल्डर सोलिंग-प्रति घन मीटर 6. ईटे (2nd class-)- प्रति नंबर 7. सैटरिंग व भवन सैटरिंग- प्रति स्केयर फुट 8. R.C.C पाइप व कौल्लर 300mm,450mm,600mm,900mm-प्रति नंबर 9. जे0सी0 बी0 हेतु-प्रतिघंटा 10. सीमेंट किराया प्रति बैग के हिसाब से तल्याहड से कार्य स्थल तक-प्रति बैग। **नियम व शर्ते- 1.** निविदाए केवल पंजीकृत डाक द्वारा ही पंचायत कार्यालय में प्राप्त कि जाएँगी किसी अन्य माध्यम से प्राप्त होने पर निविदा स्वीकार नहीं की जायगी। 2. निविदादाता के पास अपना पंजीकरण, पैन संख्या GST नम्बर होना आवश्यक है । 3. ठेकेदार आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित एम फार्म जमा करवाने होगे (M FARM) उपलब्ध न करवाने पर सामग्री सम्बधित रोयल्टी वर्तमान में 60/- रु0 प्रति टन के हिसाब से काटी जाएगी । 4. सामग्री की आपूर्ति लो0नि0 विभाग की स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी। 5. निर्माण सामग्री कार्यस्थल या जंहा तक गाड़ी जाती है वहाँ उपलब्ध करवानी होगी। 6. निविदा दाता को 25000/-रु0 धरोहर /सुरक्षित राशि पंचायत के नाम जमा करवानी होगी। व निविदा तभी मान्य होगी जब साथ में उसी दिन धरोहर राशी जमा करवाएंगे। 7. निविदा दाता यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नही कर पाता उसकी अग्रिम सुरक्षित राशि वापिस नही होगी। 8. समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवता के चयन तथा निविदाए किसी भी समय रदद करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा। 9. ग्राम पंचायत के सप्लाई आडर के अनुरूप ही सप्लाई स्वीकार की जायेगी ।10. दरों का उल्लेख करते समय TAX INCLUDED या EXCLUDED का उल्लेख करना भी आवश्यक है। 11. ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी। 12. इसमें रेत 3000 CUM, बजरी 3000 CUM, पत्थर/कट स्टोन 3200 CUM, बोल्डर 4000 CUM, ईंट 50000 न0 वर्ष 2024-25 के लिए अनुमानित इतना ही मटीरियल लगेगा। 13. सामग्री लेने का अंतिम मूल्य निर्णय विभाग की JUSTIFICATIONव पारित निविदादाता के साथ NEGOTIATION अनुसार उपरान्त किया जायेगा ।

प्रधान /सचिव ग्राम पंचायत डण्डाल विकास खण्ड सदर मंडी, जिला मंडी (हि.प्र.)

व अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 ।
मुकदमा इन्द्राज मृत्यु तिथी ।
पेशी- 03.09.2026
अमर सिंह पुत्र श्री ब्रिज लाल निवासी गांव व डाकघर बसनूर तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 ।

बनाम

1. आम जनता 2. गांम पंचायत बसनूर 3. सी0एम0ओ0 कांगड़ा स्थित धर्मशाला।

विषय- बाबत इन्द्राज मृत्यु तिथी अधीन जेर धारा 13 (3) जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969

उपरोक्त विषय से संबंधित मुकदमा इस अदालत में विचाराधीन है जिसमें प्रार्थी ने दावा किया है कि उनके भाई श्री रघुनाथ का देहांत दिनांक 25.12.1990 को गांव एवं डाकघर बसनूर में हुआ है परन्तु अज्ञानतावश उनकी मृत्यु तिथी का इन्द्राज सम्बन्धित ग्राम पचांयत बसनूर में दर्ज न करवाया जा सका है। अतः इस ईशतहार के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी के भाई की उपरोक्त मृत्यु को संबंधित ग्राम पचायंत बसनूर के रिकार्ड में दर्ज करवाने बारे यदि किसी को कोई एतराज हो तो वह दिनांक 03.09.2026 को बाद दोपहर 2.00 बजे इस अदालत में असालतन या बकालतन हाजिर आकर अपना पक्ष रख सकता है। हाजिर न आने की सूरत के निर्धारित तिथी के बाद किसी भी प्रकार का कोई दावा स्वीकार्य न होगा और नियमानुसार उपरोक्त मृत्यु तिथी दर्ज बारे आदेश पारित कर दिए जाएगें। आज दिनांक 10/08/26 को मेरी मोहर व हस्ताक्षर सहित जारी हुआ।

कार्यकारी दण्डाधिकारी, शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 ।

अनंत Classifieds

बेदखली सूचना

मैं, विनोद कुमार (49 वर्ष) पुत्र कश्मीर सिंह पुत्र हरी सिंह बासी डोहग डाकघर डोहग देहरियाँ तहसील ज्वालामुखी जिला काँगड़ा (हि.प्र.) ब्यान करता हूं कि मेरी लड़की नैना चौधरी मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं । अत: मैं अपनी लड़की नैना चौधरी को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उससे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। सभी संबंधित नोट करें।

नाम दुरुस्ती

मैं, No. GI 3800923P Hav/GD पवन कुमार (46 वर्ष) , पुत्र पद्म नाभ, निवासी गाँव हवानी, डाकघर रिवालसर, सब-तहसील रिवालसर, तहसील बल्ह, जिला मंडी, (हि.प्र.) घोषणा करता हूँ कि मेरे पिता का नाम पद्म नाभ व जन्मतिथि 05.08.1954 तथा मेरी माता का नाम जय वंती व जन्मतिथि 01.07.1953 है। मेरे माता पिता के नाम व जन्मतिथि को मेरे आर्मी रिकॉर्ड में दर्ज किया जाए। सभी संबंधित नोट करें।

आभूषण-नकदी चोरी के मामलों में फरार आरोपी गिरफ्तार

सुन्नी पुलिस ने एक साल से वांछित 35 वर्षीय योगराज को नौटीखड्ड के पास दबोचा

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। शिमला जिले के सुन्नी क्षेत्र में पुलिस ने चोरी के कई मामलों में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी पिछले करीब एक वर्ष से गिरफ्तारी से बच रहा था और उसके खिलाफ शिमला जिले के विभिन्न थानों में चोरी के मामले दर्ज हैं।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान 35 वर्षीय योगराज पुत्र जीवानंद के रूप में हुई है। वह सुन्नी के बसंतपुर का रहने वाला है। 16 अगस्त को पुलिस थाना सुन्नी की टीम गश्त और सुराग जुटाने के दौरान क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस ने सवांकर (नौटीखड्डु) के पास आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस के मुताबिक योगराज एक ऐसे मामले में वांछित था, जिसमें मई 2025 में करीब दो लाख रुपये मूल्य के आभूषण चोरी होने की शिकायत दर्ज की गई थी। पूछताछ के बाद उसे इस मामले में गिरफ्तार किया गया। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि आरोपी सुन्नी थाना क्षेत्र में दर्ज एक अन्य चोरी के मामले में भी वांछित था। इस मामले में करीब एक लाख 75 हजार रुपये नकद चोरी होने की घटना दर्ज की गई थी।

इसके अलावा आरोपी का नाम पुलिस थाना सदर शिमला में दर्ज एक अन्य चोरी के मामले में भी सामने आया है। इस मामले में करीब पांच लाख रुपये नकद चोरी होने की शिकायत दर्ज की गई थी और पुलिस को उसकी तलाश थी।

पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ सामने आए इन मामलों में कुल करीब 8.75 लाख रुपये की नकदी और संपत्ति की चोरी का संबंध पाया गया है। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि चोरी की गई नकदी और सामान का क्या हुआ तथा इन मामलों में किसी अन्य व्यक्ति की भी भूमिका रही है या नहीं। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

व अदालत कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील हरोली जिला ऊना (हि. प्र.)
श्री जसवीर सिंह पुत्र इन्दर सिंह वासी नंगल कलां तहसील हरोली जिला ऊना (हि0 प्र0)
...वादी

बनाम **आम जनता**
...प्रतिवादीगण

दरखास्त बमुराद दुरुस्ती नाम राजस्व अभिलेख महाल नंगल जटपुर जमावन्दी 2021-22 व महाल टाहलीवाल निचला जमावन्दी 2020-2021 तहसील हरोली

इश्तहार वावत दुरुस्ती नाम- प्रार्थी श्री जसवीर सिंह पुत्र इन्दर सिंह वासी नंगल कलां तहसील हरोली जिला ऊना (हि0 प्र0) ने इस न्यायालय में आवेदन पत्र दुरस्ती नाम प्रस्तुत किया है कि राजस्व रिकॉर्ड महाल कुंगडत जमावन्दी 2021-22 व महाल टाहलीवाल निचला जमावन्दी 2020-2021 में प्रार्थी का नाम जसमेर सिंह पुत्र इन्दर गलत दर्ज है। अतः प्रार्थी का सही नाम जसवीर सिंह पुत्र इन्दर सिंह है। अतः प्रार्थी का नाम जसवीर सिंह पुत्र इन्दर सिंह उपनाम जसमेर सिंह पुत्र इन्दर सिंह सही दर्ज किया जावे। अतः आम जनता को इस इश्तहार/मुशत्री मुनादी के माध्यम से सूचित किया जाता है कि इस बारे किसी व्यक्ति को कोई उजर एतराज हो तो वह दिनांक 17-09-2026 को प्रातः 11:00 बजे से पहले अपना उजर लिखित या मौखिक तौर पर इस न्यायालय में असालतन या वकालतन निर्धारित तारीख पर पेश कर सकता है। यदि उपरोक्त वर्णित तिथि को किसी भी व्यक्ति को कोई उजर एतराज इस न्यायालय में प्राप्त न हुआ तो आम जनता के विरुध एक-तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाकर नाम दुरस्ती बारे आदेश पारित कर दिये जायेंगे। निर्धारित तारीख पेशी के उपरान्त कोई भी उजर काबले समायत ना होगा व न्यायालय द्वारा उक्त केस के सम्बन्ध में फैसला सुना जाएगा।

कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील हरोली जिला ऊना हि. प्र.

कार्यालय ग्राम पंचायत सैहली
विकास खंड भरमौर, जिला चंबा (हि.प्र.)

निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 10/08/2026 को ग्राम पंचायत सैहली की मासिक बैठक के प्रस्ताव संख्या 07 अनुसार वर्ष 2026-27 में मनरेगा, 15वां वित्ता आयोग व अन्य सभी शीषों में किये जाने वाले विकास कार्यों में उपयोग होने वाली सामग्री पत्थर, रेत, बजरी , ईटें, ढुलान, ट्रांसपोर्ट ढुलान, शटरिंग, ग्रिल, बिजली सामान, शौचालय सामान, लकड़ी, टाईल, स्लेट टाइल, पेवर वलोक (इन्टरलॉकिग टाईल) नागरिक सूचना पट्ट व अन्य सप्लाई हेतु इच्छुक व्यक्ति/फर्म अपनी निविदा (कुटेशन) दिनांक 24/08/2026 समय 11:00 बजे प्रातः तक बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा करवा सकते है। निर्धारित समय उपरान्त प्राप्त होने वाली निविदा (कुटेशन) स्वीकार नहीं की जायेगी। निविदाएं (कुटेशन) वार्ड वाइज ही ली जाएंगी। निविदाएं (कुटेशन) दिनांक 24/08/2026 को 12:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय सैहली में खोली जायेगी। **शर्ते :-** 1, निविदा (कुटेशन) के साथ G.S.T. न0, आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर कार्ड व बैंक पास बुक की प्रतिलिपि संलग्न होनी चाहिए । 2, ओवर राइटिंग / कटिंग वाली निविदा (कुटेशन) मान्य नहीं होगी। 3, पत्थर की सप्लाई दर को क्यूबिक मीटर में दर्शाने पर ही मान्य होगी। 4, रेत और बजरी की सप्लाई दर को क्यूबिक मीटर में दर्शाने पर ही मान्य होगी। 5, शटरिंग पर फूट, लकड़ी पर फूट, प्लाईबोर्ड पर बोर्ड, ग्रिल पर किलो और शौचालय/विल्डिंग सामान व बिजली सामान नम्बर वाइज दर्शाने पर ही मान्य होगी। 6, जन सूचना बोर्ड सामान्य मद, 15 वित्ता आयोग और मनरेगा सार्वजनिक कार्य व व्यक्तिगत कार्य की दर अलग अलग दर्शाने पर ही मान्य होगी। 7, पेवर वलोक (इन्टरलोंकिग टाईल), स्लेट टाइल और टाइल को छोडकर सामग्री को कार्य स्थल पर ही लिया जायेगा । 8, निविदा (कुटेशन) बिना हस्ताक्षर के मान्य नहीं होगीं। 9. निविदा (कुटेशन) धारक को सामग्री के साथ X-फार्म साथ में देना अनिवार्य होगा। एम X-फार्म न देने की दशा में नियमानुसार सप्लायर से रोयल्टी काटी जायेगी । 10, पंचायत के विकास कार्यों के लिए समय पर सामग्री उपलब्ध न कराने पर उस व्यक्ति की निविदा (कुटेशन) रदद कर दी जायेगी और दूसरी कम दर निविदा (कुटेशन) व्यक्ति/फर्म को सप्लाई ऑडर दिया जाएगा। 11, निविदा के साथ PLEDGE/BID FOR मु. 50000/- राशी C/O GP SEHLI DEV BLOCK BHARMOUR की साथ में सलंग्न होनी चाहिए। 12, तकनीकी कर्मचारियों द्वारा बिल पास करने उपरान्त ही बिल की अदायगी की जाएगी।

प्रधान / सचिव ग्राम पंचायत सैहली विकास खंड भरमौर जिला चंबा।

कार्यालय ग्राम पंचायत दीद-घलुत
विकास खंड पच्छाद, जिला सिरमौर (हि.प्र.)

निविदा सूचना

विषयः- वर्ष 2026-27 के लिए कुटेशन / निविदिका अमंत्रित करने बारे । ग्राम पंचायत दीद-घलुत निम्न शर्तो के आधार पर कुटेशन / निविदा आमंत्रित करती है । कुटेशन निम्न सामग्री हेतु आमंत्रित की जाती है। Fine रेत feet बजरी क्रेशर 10mm, 20mm, 40mm, 60mm/ feet, ईन्ट 1no./piece, JCB machine/hrs JCB ब्रेकर/hrs, चक्का टाइल/piece, शेटरिंग/feet, मिक्स्चर/hrs etc. 1. आवेदक के पास GST no. होना चाहिए व M-form अनिवार्य देना होगा । 2. कुटेशन साफ अक्षर में मान्य होगी, कटिंग वाली कुटेशन मान्य नहीं होगी । 3. कुटेशन बंद लिफाफे में मो. न. सहित होनी चाहिए । 4. जिस फार्म की कुटेशन पास होगी वो सिक्योटीके तौर पर 100000-00 का चेक पंचायत में जमा करेगी । यदि बेंडर सामग्री देने में कोई कोताही करता है तो पंचायत दूसरे न. के बेन्डर से सामग्री खरीद करेगी । 5. हल्की कवालटी की सामग्री पाए जाने पर कोई अदायगी नही की जाएगी । 6. सामग्री की अदायगी पंचायत में राशि की उपलब्धता अनुसार PFMS, व RTGS के माध्यम से की जाएगी । 7. कुटेशन ग्राम पंचायत दीद-घलुत में दिनांक 23/08/2026 तक प्राप्त होनी चाहिए । व कुटेशनों को अगस्त माह 25/08/2026 को प्रातः 11:00 बजे पंचायत बैठक में सर्वजनिक तौर पर खोली जाएगी ।

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत दीद-घलुत विकास खण्ड पच्छाद जिला सिरमौर (हि.प्र.)

कुल्लू पुलिस में तीन सहायक उप निरीक्षक बने उप निरीक्षक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। कुल्लू पुलिस के तीन सहायक उप-निरीक्षक संजीव कुमार, देश राज और दुर्गा दास को उप-निरीक्षक पद पर पदोन्नति मिली है। पदोन्नति के उपलक्ष्य में कुल्लू पुलिस की ओर से गरिमापूर्ण पिपिंग सेरेमनी आयोजित की गई। समारोह में पुलिस अधीक्षक कुल्लू अभिषेक सेकर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनमोहन सिंह और उप पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने नव-पदोन्नत अधिकारियों के कंधों पर नई रैंक लगाकर उन्हें बधाई दी। अधिकारियों ने पदोन्नत उप-निरीक्षकों को नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पुलिस विभाग में पदोन्नति को अधिकारियों की मेहनत, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण की पहचान माना जाता है। इसके साथ ही नई रैंक के साथ जिम्मेदारियां और दायित्व भी बढ़ जाते हैं। इस अवसर पर कुल्लू पुलिस परिवार ने संजीव कुमार, देश राज और दुर्गा दास को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि वे अपनी नई जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे तथा पुलिस विभाग की गरिमा को और मजबूत बनाएंगे।

आनी में एसडीएम कार्यालय के पास खतरनाक पत्थरों को हटाने का काम शुरू

समाचार प्रकाशित होते ही हरकत में आया लोक निर्माण विभाग, एनएच 305 पर अभी बाकी

अनंत ज्ञान

जितेंद्र गुप्ता, आनी। आनी-बशता सड़क मार्ग पर एसडीएम कार्यालय के समीप पहाड़ी से लटके बड़े-बड़े पत्थरों को हटाने की कवायद शुरू हो गई है। सोमवार को 'अनंत ज्ञान' समाचार पत्र में मामला प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद लोक निर्माण विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए खतरे को दूर करने की प्रक्रिया शुरू कर दी। विभागीय कर्मचारियों ने पहाड़ी से गिरने की कगार पर पहुंच चुके पत्थरों में सुराख करने का काम शुरू कर दिया है। निर्धारित समय मिलते ही इनमें नियंत्रित ब्लास्टिंग कर इन्हें हटाया जाएगा।

गौरतलब है कि गत मंगलवार को एनएच-305 पर पहाड़ी से लटके पत्थर अचानक गुजर रही एक गाड़ी पर जा गिरे थे। इस हादसे में वाहन सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिनका उपचार चल रहा है। इस घटना के बाद आनी-बशता सड़क मार्ग पर भी पहाड़ी से लटके खतरनाक पत्थरों को लेकर स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ गई थी। लोगों ने प्रशासन और लोक निर्माण विभाग से इन्हें जल्द हटाने की मांग की थी। इसी गंभीर समस्या को 'अनंत ज्ञान' ने सोमवार 17 अगस्त के अंक में 'एनएच-305 और आनी-बशता मार्ग पर खतरा बरकरार' शीर्षक से प्रमुखता से प्रकाशित किया था। समाचार प्रकाशित होने के बाद लोक निर्माण विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी। पीडब्ल्यूडी विभाग आनी के सहायक अभियंता मनीष कुमार ने बताया कि खतरनाक पत्थरों को हटाने के लिए आवश्यक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि जल्द ही इन पत्थरों को हटाकर सड़क मार्ग पर बना जोखिम समाप्त कर दिया जाएगा। विभाग की कार्रवाई से स्थानीय लोगों और वाहन चालकों ने राहत की उम्मीद जताई है। लोगों का कहना है कि समय रहते पत्थरों को हटाने से किसी संभावित हादसे को टाला जा सकेगा और मार्ग पर आवाजाही सुरक्षित होगी।

अनंत ज्ञान इंपैक्ट

एक साल बाद भी इनर अखाड़ा बाजार में भूस्खलन का खतरा बरकरार, दहशत में लोग

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। कुल्लू के इनर अखाड़ा बाजार में सितंबर 2025 में हुए दो भूस्खलनों को करीब एक साल बीतने के बावजूद हालात सामान्य नहीं हुए हैं। प्रभावित क्षेत्र में अब भी बड़े पत्थर और मलबा खतरनाक स्थिति में लटके हुए हैं। स्थायी सुरक्षा कार्य शुरू नहीं होने से स्थानीय लोगों की जान-माल पर खतरा बना हुआ है।

सोमवार को राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीम ने भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया। टीम ने सुरक्षा कार्य शुरू न होने पर चिंता जताई और कहा कि निरीक्षण की रिपोर्ट तैयार कर सरकार को दोबारा भेजी जाएगी, ताकि आवश्यक कार्य जल्द शुरू हो सकें। स्थानीय निवासी कंचन, नीलम, अंजू, सीता और प्रिया ने कहा कि लगभग एक साल बाद भी भूस्खलन से बचाव के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। पहाड़ी से लटके बड़े पत्थरों और मलबे के गिरने का खतरा बारिश के दौरान और बढ़ जाता है। हाल ही में संवेदनशील क्षेत्र में तिरपाल लगाए गए हैं, लेकिन लोगों के अनुसार पूरा क्षेत्र इससे ढका नहीं है। बारिश के दौरान पानी रिसने और मिट्टी खिसकने की आशंका के चलते उन्हें रातभर चिंता में रहना पड़ता है। जल शक्ति विभाग के अधिकारियों के अनुसार भूस्खलन रोकने के लिए रिटेनिंग वॉल निर्माण का प्रस्ताव प्रोजेक्ट असेसमेंट कमेटी (पीएसी) और टेक्निकल अप्रूवल कमेटी (टीएसी) से मंजूर हो चुका है। स्टेट अप्रूवल कमेटी की अंतिम मंजूरी के बाद निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। मठ क्षेत्र में जल निकासी की कमी को भी भूस्खलन का प्रमुख कारण माना जा रहा है। ड्रेनेज सिस्टम विकसित करने की परियोजना को पीएसी से मंजूरी मिल चुकी है और इसे टीएसी के समक्ष भेजा जाएगा। स्थानीय लोगों ने लटके पत्थर और मलबा तत्काल हटाने, तिरपाल पूरी तरह बिछाने तथा रिटेनिंग वॉल और ड्रेनेज कार्य शीघ्र शुरू करने की मांग की है। उनका कहना है कि घनी आबादी वाले इनर अखाड़ा बाजार में अब देरी जान-माल की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर सवाल बन चुकी है।

एनडीआरएफ की टीम मौके पर जायजा लेते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान मुद्दा

शाम ढलते ही छलकते हैं जाम, युवाओं को नशे के दलदल से बचाने के लिए रायसन पंचायत लामबंद

साहब! रायसन में नशेड़ियों व असामाजिक तत्वों से लोग परेशान

- पंचायत के प्रधान सतपाल नेगी ने एसपी कुल्लू अभिषेक को सौंपा ज्ञापन
- संदिग्ध गाड़ियों की चेकिंग व गश्त की उठाई मांग
- पनगां-खारका रोड बना हुड़दंगियों का अड्डा

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। कुल्लू जिला की ग्राम पंचायत रायसन और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शाम ढलते ही असामाजिक तत्वों के जमावड़े से लोग परेशान हैं। खुलेआम शराब व नशीले पदार्थों के सेवन, देर रात तक शोर-शराबे और सड़कों पर फैली गंदगी से क्षेत्र की शांति भंग हो रही है। ग्रामीणों, महिलाओं और स्कूली बच्चों में भय का माहौल बना हुआ है। समस्या के समाधान के लिए रायसन पंचायत के प्रधान सतपाल नेगी ने पुलिस अधीक्षक कुल्लू अभिषेक सेकर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों की जानकारी देते हुए पुलिस से तुरंत कड़े कदम उठाने की मांग की। पंचायत में हुई बैठक में भी ग्रामीणों ने रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग उठाई थी। प्रधान के अनुसार रायसन स्कूल और पंचायत घर के आसपास, रायसन विहाल मैगजीन व नए पुल का निचला हिस्सा, पनगां से खारका जाने वाली सड़क, जंगल का किनारा तथा पानी के टैंक के आसपास का क्षेत्र अधिक संवेदनशील है। ग्रामीणों के अनुसार अंधेरा होते ही पानी के टैंक के आसपास संदिग्ध वाहन और मोटरसाइकिलें खड़ी हो जाती हैं। इनमें और सड़क किनारे खुलेआम नशे का सेवन किया जाता है, जिसके बाद देर रात तक हुड़दंग होता है। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि सुनसान रास्तों का इस्तेमाल नशीले पदार्थों की अवैध खरीद-फरोख्त के लिए भी किया जा सकता है। इससे महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

अभिभावकों को युवाओं और स्कूली छात्रों के नशे की चपेट में आने का डर सता रहा है। प्रधान ने एसपी से पनगां-खारका सड़क समेत सभी संवेदनशील स्थानों पर शाम और रात के समय नियमित पुलिस गश्त बढ़ाने तथा सड़कों किनारे खड़े संदिग्ध वाहनों की सघन जांच करने की मांग की है। पंचायत का कहना है कि लगातार निगरानी से असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सकता है।

पेंशनर्स ने उद्योग मंत्री को सौंपा छह सूत्री मांगपत्र

डीए-एरियर और लंबित मेडिकल बिलों के भुगतान की उठाई मांग, अनदेखी पर दी आंदोलन की चेतावनी

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। हिमाचल प्रदेश ज्वॉइंट पेंशनर्स फैडरेशन का प्रतिनिधिमंडल प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन के नेतृत्व में स्वतंत्रता दिवस पर ढालपुर कुल्लू में उद्योग, संसदीय मामले, श्रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान से मिला।

प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को छह सूत्री मांगपत्र सौंपते हुए पेंशनरों की लंबित मांगों को शीघ्र पूरा करने की मांग उठाई। फैडरेशन के प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन और महासचिव खुशहाल चंद नेगी ने बताया कि मांगपत्र में संशोधित वेतनमान के बकाया एरियर, रिटायरमेंट ग्रैच्युटी, पेंशन कम्युटेशन और लीव इनकैशमेंट का एकमुश्त भुगतान करने की मांग की गई। इसके अलावा जुलाई 2023 से जनवरी 2026 तक देय महंगाई राहत की पांच किस्तें जल्द जारी करने तथा जनवरी 2022 से जुलाई 2026 तक लंबित महंगाई भत्ते के एरियर का भुगतान करने की मांग भी रखी गई। फैडरेशन ने बीमार बुजुर्ग पेंशनरों के करोड़ों रुपए के लंबित मेडिकल बिलों के भुगतान के लिए पर्याप्त बजट का प्रावधान करने की मांग की। साथ ही सभी जिला मुख्यालयों में पेंशनर भवनों के निर्माण और प्रदेश व जिला स्तर पर संयुक्त सलाहकार समिति (जेसीसी) की बैठक शीघ्र बुलाने का मुद्दा भी उठाया। एलआर गुलशन ने मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर कर्मचारियों और पेंशनरों के लिए महंगाई भत्ते की कोई किस्त जारी न करने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि पेंशनरों और कर्मचारियों को उम्मीद थी कि कम से कम दो किस्तों की घोषणा होगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने सरकार की ओर से घोषित एरियर को भी अपर्याप्त बताया। फैडरेशन ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने मांगों की अनदेखी जारी रखी तो प्रदेश के करीब पौने चार लाख कर्मचारी और पेंशनर बड़े आंदोलन के लिए मजबूर हो सकते हैं। मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने प्रतिनिधिमंडल की मांगें ध्यानपूर्वक सुनीं और शीघ्र उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

मंत्री हर्षवर्धन चौहान को मांगपत्र सौंपता प्रतिनिधिमंडल। अनंत ज्ञान

राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के अपमान पर भाजपा का हल्ला बोल

कांग्रेस के खिलाफ ढालपुर चौक पर भाजपा-भाजयुमो ने किया प्रदर्शन

- कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व पर केस दर्ज करने की उठाई मांग

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। कांग्रेस पार्टी द्वारा 'वंदे मातरम' के कथित अपमान के विरोध में भाजपा और भाजयुमो जिला कुल्लू के आह्वान पर सोमवार को ढालपुर चौक में जिला स्तरीय धरना-प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन की अध्यक्षता जिला भाजपा अध्यक्ष अमित सूद ने की, जबकि पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता गोविंद सिंह ठाकुर विशेष रूप से मौजूद रहे। प्रदर्शन की शुरुआत अटल सदन से आक्रोश मार्च के साथ हुई।

भाजपा कार्यकर्ता हाथों में पार्टी के झंडे लेकर कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मुख्य मार्गों से ढालपुर चौक पहुंचे। यहां मार्च जनसभा में तब्दील हो गया। वक्ताओं ने कांग्रेस पर राष्ट्रीय भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाया। पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि 'वंदे मातरम' देश का राष्ट्रीय गौरव, अस्मिता और देशभक्ति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान इस गीत ने देशवासियों में जोश और राष्ट्रभक्ति की भावना पैदा की। इसके अपमान को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। जिला भाजपा अध्यक्ष अमित सूद ने कहा कि राष्ट्र और राष्ट्रीय प्रतीकों का सम्मान करना प्रत्येक नागरिक और राजनीतिक दल का दायित्व है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं के बयानों और कृत्यों से देश की भावनाएं आहत हो रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा राष्ट्र के स्वाभिमान के विरुद्ध किसी भी प्रयास का विरोध करेगी। प्रदर्शन में 2022 के विधानसभा प्रत्याशी नरोत्तम सिंह, जिला महामंत्री नवल नेगी, जिला परिषद सदस्य अनिल राणा सहित भाजपा, महिला मोर्चा और भाजयुमो के कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रगीत के सम्मान की रक्षा का संकल्प दोहराया।

कुल्लू जिले की 35 पंचायतें टीबी मुक्त

2 पंचायतों को गोल्ड, 5 को सिल्वर और 28 पंचायत को ब्रांज मेडल से किया सम्मानित

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। कुल्लू जिले में टीबी उन्मूलन अभियान के तहत बेहतरीन कार्य करने वाली 35 ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया गया है। जिला मुख्यालय कुल्लू में आयोजित एक विशेष समारोह में इन पंचायतों को उनके शानदार प्रदर्शन के आधार पर गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल प्रदान किए गए, जिससे पंचायत प्रतिनिधियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

इस समारोह में कार्यकारी उपायुक्त सुरजीत सिंह राठौर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले पंचायत प्रतिनिधियों को सम्मानित किया और टीबी मुक्त पंचायत का दर्जा हासिल करने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि टीबी उन्मूलन के प्रयासों को सफल बनाने में पंचायतों और स्थानीय समुदाय की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। सम्मान की श्रेणी में जिले की 2 ग्राम पंचायतों को गोल्ड मेडल, 5 पंचायतों को सिल्वर मेडल और 28 पंचायतों को ब्रॉन्ज मेडल प्रदान किए गए। पंचायत स्तर पर लोगों को टीबी के प्रति जागरूक करने, सम्भावित मरीजों की पहचान करने तथा स्वास्थ्य विभाग के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने जैसे सामूहिक प्रयासों को इस अभियान की सफलता में अहम माना गया है। कार्यक्रम के दौरान टीबी उन्मूलन को लेकर पंचायत स्तर पर चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों और सामुदायिक सहभागिता पर भी विस्तृत चर्चा हुई। अधिकारियों का कहना है कि टीबी को पूरी तरह खत्म करने के लिए स्वास्थ्य विभाग, पंचायत प्रतिनिधियों, आशा कार्यकर्ताओं और आम लोगों की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है। कुल्लू की 35 पंचायतों को मिला यह सम्मान जिले में टीबी उन्मूलन की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को और अधिक प्रोत्साहन देगा। सीएमओ डॉक्टर रंजीत ठाकुर ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग लगातार टीबी मुक्त अभियान को लेकर कार्य कर रहा है। विभाग द्वारा जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिला कुल्लू में अब 35 पंचायतें पूरी तरह से टीबी मुक्त हो गई हैं।

उपायुक्त सुरजीत ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले पंचायत प्रतिनिधियों को सम्मानित किया।

देहरा पंचायत को मिला 'टीबी मुक्त पंचायत' का गौरव

अनंत ज्ञान, सीआर शर्मा, निरमंड। निरमंड उपमंडल की ग्राम पंचायत देहरा ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए 'टीबी मुक्त पंचायत' का गौरव प्राप्त किया है। पंचायत को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। इस सम्मान के बाद पंचायत क्षेत्र में खुशी का माहौल है। देहरा पंचायत की प्रधान अनिता ठाकुर ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरी पंचायत के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने पंचायतवासियों, आशा कार्यकर्ताओं, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों तथा टीबी उन्मूलन अभियान से जुड़े सभी लोगों का आभार जताया।प्रधान अनिता ठाकुर ने कहा कि टीबी जैसी गंभीर बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करना, समय पर मरीजों की पहचान, जांच और उपचार सुनिश्चित करना तथा स्वास्थ्य विभाग के साथ निरंतर समन्वय बनाकर काम करना पंचायत की प्राथमिकताओं में शामिल रहा है। इन प्रयासों के चलते पंचायत को टीबी मुक्त पंचायत के रूप में सम्मान मिलना क्षेत्र के लिए गौरव की बात है।उन्होंने कहा कि गोल्ड मेडल के रूप में मिला यह सम्मान पंचायत के लिए प्रेरणा है और इससे भविष्य में भी स्वास्थ्य, स्वच्छता तथा जनकल्याण के कार्यों को और बेहतर तरीके से आगे बढ़ाने का उत्साह मिलेगा। उन्होंने पंचायत के सभी लोगों से अपील की कि वे टीबी के लक्षणों को लेकर जागरूक रहें और किसी भी प्रकार की आशंका होने पर तुरंत स्वास्थ्य केंद्र में जांच करवाएं। ग्राम पंचायत देहरा की इस उपलब्धि से क्षेत्र के लोगों में भी खुशी है। पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि टीबी मुक्त पंचायत का दर्जा हासिल करना पूरे देहरा क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है और यह उपलब्धि सामूहिक जागरूकता एवं निरंतर प्रयासों का परिणाम है।

समापन जनजातीय उत्सव-2026 : स्टार नाइट में कुमार साहिल और इशांत ने भी बिखेरा सुरों का जादू

नेहा दीक्षित ने लूटी अंतिम सांस्कृतिक संध्या की महफिल

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, केलांग। लाहौल-स्पीति जिला मुख्यालय केलांग में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय जनजातीय उत्सव-2026 का भव्य एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन हुआ। अंतिम सांस्कृतिक संध्या में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे कलाकारों ने लोकगीतों, लोकनृत्यों और शानदार प्रस्तुतियों के माध्यम से हिमाचल की समृद्ध लोक संस्कृति की मनमोहक झलक प्रस्तुत की। देर रात तक चले कार्यक्रमों में दर्शक कलाकारों की प्रस्तुतियों पर जमकर झूमे और तालियां बजाईं।

समापन संध्या में मंडलायुक्त मंडी डॉ. आरके पूथी मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने उत्सव के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन, आयोजन समितियों, कलाकारों, विभागों और स्थानीय लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन प्रदेश की विविध सांस्कृतिक विरासत को मंच प्रदान करने के साथ स्थानीय कला और प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करते हैं। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण इंडियन आइडल फेम गायिका नेहा दीक्षित रहीं। उन्होंने अपनी शानदार आवाज और लोकप्रिय गीतों से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। स्थानीय गायक रवि नेहमा ने भी मनमोहक प्रस्तुतियां देकर स्थानीय प्रतिभा की झलक दिखाई। स्टार नाइट में एसी भारद्वाज, कुमार साहिल और इशांत भारद्वाज ने भी दमदार प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। उपायुक्त लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने उत्सव के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी विभागों, संस्थाओं, समितियों और स्थानीय हितधारकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने व्यापार मंडल, होटलियर्स एसोसिएशन, जीप यूनियन, टिप्पर यूनियन, सीमा सड़क संगठन, मीडिया प्रतिनिधियों तथा अन्य सहयोगी संस्थाओं के योगदान की सराहना की।

उन्होंने कहा कि बेहतर समन्वय के कारण स्थानीय लोगों और आगंतुकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना संभव हुआ। उपायुक्त ने पुलिस विभाग की भी सराहना की।

राज्य स्तरीय जनजातीय उत्सव की अंतिम सांस्कृतिक संध्या के मुख्यातिथि को सम्मानित करतीं डीसी किरण व अन्य अधिकारी।

जनजातीय उत्सव में खेल प्रतिभाओं को सम्मान

जनजातीय उत्सव-2026 के तहत आयोजित खेल प्रतियोगिताओं के विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को समापन समारोह में सम्मानित किया गया। मंडलीय आयुक्त डॉ. आर.के. प्रूथी ने नकद पुरस्कार, पदक और ट्रॉफियां प्रदान कीं। वॉलीबाल में डिस्ट्रिक्ट पुलिस विजेता और थ्री स्टार नेपाल रनरअप रहा, जबकि क्रिकेट में 70 आरसीसी बीआरओ ने खिताब जीता और एसपी-11 उपविजेता रही। बैडमिंटन के विभिन्न वर्गों में आर्यन, प्रमोद-लक्ष्य, कृष्णा, नोरगे-कृष्णा, सुषांत, रमेश-सुषांत और महिला वर्ग में कल्पना विजेता रहे। टेबल टेनिस में वैदिक शर्मा ने शानदार प्रदर्शन किया। डॉ. प्रूथी ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल अनुशासन और नेतृत्व क्षमता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके बाद अधिकारियों ने उत्सव की प्रदर्शनियों का अवलोकन किया।

शुभ नारायण के आदेश पर 17 वर्ष बाद काहिका उत्सव

अनंत ज्ञान

मोहन कपूर, पतलीकूहल। उझी घाटी के रूमसू गांव में 17 साल बाद देवता शुभ नारायण के आदेश पर ऐतिहासिक काहिका उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 17, 18 और 19 अगस्त को आयोजित होने वाले इस धार्मिक आयोजन को लेकर ग्रामीणों और देव समाज में खासा उत्साह है। काहिका में नग्गर की अधिष्ठात्री माता त्रिपुरा सुंदरी की विशेष भूमिका रहेगी। देव परंपरा और धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार माता त्रिपुरा सुंदरी रथ सहित रूमसू में विराजमान रहेंगी। माता त्रिपुरा सुंदरी के कारदार जोगिंदर आचार्य ने बताया कि रूमसू काहिका में माता त्रिपुरा सुंदरी की उपस्थिति का विशेष महत्व है। माता की उपस्थिति के बिना यह देव आयोजन पूर्ण नहीं माना जाता। देवता शुभ नारायण के कारदार परमिंदर सिंह ने बताया कि देवता के आदेश पर 17 वर्ष के लंबे अंतराल के बाद रूमसू में काहिका का आयोजन किया जा रहा है। काहिका देव परंपरा से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन है, जिसे देखने और देव आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए हजारों श्रद्धालुओं के रूमसू पहुंचने की उम्मीद है। रूमसू के पूर्व प्रधान देवराज ने कहा कि गांव में 17 साल बाद काहिका का आयोजन होना समस्त ग्रामीणों के लिए बेहद खुशी और सौभाग्य की बात है। तीन दिनों तक चलने वाले इस धार्मिक आयोजन के दौरान रूमसू देवभूमि में आस्था और देव परंपराओं का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। माता त्रिपुरा सुंदरी के रथ सहित विराजमान होने से काहिका की धार्मिक गरिमा और भी बढ़ जाएगी। 17 वर्ष बाद होने वाले इस आयोजन को लेकर उझी घाटी के लोगों में विशेष उत्साह है और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के रूमसू पहुंचने की संभावना है।

महंगाई भत्ते की घोषणा न करना कर्मचारियों से अन्याय : सीएंडवी संघ

अनंत ज्ञान सैंज। प्रदेश के कर्मचारी सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रहे, लेकिन सरकार की ओर से महंगाई भत्ते को लेकर घोषणा न करना कर्मचारियों की अनदेखी है। यह बयान राजकीय सीएंडवी अध्यापक संघ खंड सैंज के प्रधान मनोज शर्मा ने ज़ारी प्रेस बयान में कही । संघ के प्रधान मनोज शर्मा, महासचिव पदम ठाकुर, कोषाध्यक्ष चुनी लाल सहित सभी पदाधिकारियों ने स्वतंत्रता दिवस में दिए की घोषणा न होने से निराश जताई । अध्यापक संघ के पदाधिकारी ने कहा कि वर्तमान में करीब 15 फीस दी दिए लंबित है जिससे प्रत्येक कर्मचारी काफी वित्तीय नुकसान झेल रहा है और भविष्य में इसको लेकर और भी ज्यादा नुकसान हो सकता है उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर उम्मीद थी लेकिन इसमें निराशा ही मिली। अध्यापक संघ ने सरकार से मांग की है कि कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ता देने की तुरंत घोषणा की जाए ताकि आगामी समय में सरकार को भी ज्यादा वित्तीय बोझ न हो।

न्यूज ब्रीफ

सोलन में 10 सितंबर को होगा 29वां राष्ट्रीय मशरूम मेला

अनंत ज्ञान, सोलन। भारत के 'खुम्ब शहर' सोलन की 29वीं वर्षगांठ पर भाकृअनुप-खुम्ब अनुसंधान निदेशालय, चंबाघाट, सोलन में 10 सितंबर 2026 को एक दिवसीय राष्ट्रीय मशरूम मेले का आयोजन होगा। मेले में देश के 20-25 राज्यों से किसान, मशरूम उत्पादक, शोधकर्ता और विशेषज्ञ भाग लेंगे। मुख्य आकर्षण 'खुम्ब उत्पादन तकनीकों पर प्रदर्शनी' होगी, जिसमें उत्पादन तकनीकों के साथ ऋण उपलब्ध कराने वाली संस्थाएं, मशीनरी निर्माता और विपणन एजेंसियां अपने उत्पाद व जानकारी प्रदर्शित करेंगी। खुम्ब बीज, साहित्य और मशरूम से बने उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगेगी। विदेशालय अपनी नवीनतम किस्में और उत्पादन तकनीकें किसानों के सामने प्रस्तुत करेगा। किसान गोष्ठी में विशेषज्ञ उत्पादन संबंधी समस्याओं का समाधान करेंगे। पांच प्रगतिशील मशरूम उत्पादकों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। मेला आम लोगों और मशरूम से जुड़े सभी इच्छुक व्यक्तियों के लिए खुला रहेगा।

शूलिनी विवि के छात्रों ने देशव्यापी मेगा कैंपेन के तहत नशा-मुक्त रहने की शपथ ली

अनंत ज्ञान, सोलन। शूलिनी यूनिवर्सिटी ने ब्रह्माकुमारीज नौनी और सोलन सेंटर्स के साथ मिलकर अपने छात्रों के लिए 'नशा-मुक्त भारत जागरूकता सत्र' आयोजित किया। यह कार्यक्रम देशव्यापी '10 करोड़ नशा-मुक्ति प्रतिज्ञा महाभियान' का हिस्सा था। ब्रह्माकुमारीज के सहयोग से चलाए गए इस कैंपेन का मकसद नागरिकों को नशीले पदार्थों के सेवन के खिलाफ शपथ लेने और एक स्वस्थ, सुरक्षित और नशा-मुक्त समाज बनाने में योगदान देने के लिए प्रेरित करना था। यह पहल भारत सरकार के 'नशा मुक्त भारत अभियान' के उद्देश्यों के अनुरूप थी। जागरूकता सत्र का संचालन ब्रह्माकुमारीज की बहनों कल्पना और आरती ने किया। साथ ही डॉ. वाईएस परमार यूनिवर्सिटी ऑफ हॉर्टिकल्चर एंड फॉरेस्ट्री, सोलन के साइंटिफिक एडवाइज़र प्रो. केके रैना भी मौजूद थे। उन्होंने छात्रों को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसानों के बारे में जागरूक किया।

डॉ. सना खान अमरीका की प्रसिद्ध एमोरी यूनिवर्सिटी में कैंसर रिसर्च के लिए चयनित

अनंत ज्ञान, नाहन। सिरमौर जिला के पांवटा साहिब क्षेत्र के लिए यह गौरव और खुशी का अवसर है कि यहां के प्रतिष्ठित खान परिवार की होनहार बेटी डॉ. सना खान का अमेरिका की विश्व प्रसिद्ध एमोरी यूनिवर्सिटी, अटलांटा में कैंसर रिसर्च में मास्टर्स कार्यक्रम के लिए चयन हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार के साथ-साथ पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा पांवटा साहिब से प्राप्त की और इसके बाद मेडिकल क्षेत्र में उच्च शिक्षा हासिल की। कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के क्षेत्र में शोध कर मानवता की सेवा करना डॉ. सना का सपना अब नई दिशा लेने जा रहा है।

युवा पीढ़ी को वृक्षारोपण जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रमों से जोड़ा जरूरी : विलम छाजटा

अनंत ज्ञान,नाहन। सिरमौर जिले के विकासखंड शिलाई की ग्राम पंचायत डाहर में चूड़ेश्वर लीजेंड स्पोर्ट्स एवं सोशल ऑर्गेनाइजेशन और नव प्रभात नवयुवक संघ के संयुक्त तत्वावधान में एकदिवसीय वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दर्जनों युवाओं ने पंचायत क्षेत्र में देवदार के सैकड़ों पौधे रोपे। वार्षिक वृक्षारोपण कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत डाहर के प्रधान विलम सिंह छाजटा ने की। उन्होंने कहा कि नशे की बढ़ती प्रवृत्ति के बीच युवाओं को वृक्षारोपण जैसे सामाजिक व राष्ट्रीय कार्यक्रमों से जोड़ना सराहनीय पहल है। पर्यावरण संरक्षण आज वैश्विक विषय बन चुका है और इसमें युवा शक्ति की भागीदारी से प्रकृति संरक्षण के साथ युवाओं को राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ा जा सकता है। चूड़ेश्वर लीजेंड स्पोर्ट्स एवं सोशल ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष संदीप ठाकुर ने बताया कि क्लब खेल गतिविधियों के साथ प्रतिवर्ष पौधारोपण कर युवाओं को क्षेत्र के विकास और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करता है।

रानीताल बाग में सत्य साईं समिति ने सजावटी और फलदार पौधे किए रोपित

अनंत ज्ञान, नाहन। ऐतिहासिक रानीताल बाग में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्री सत्य साईं समिति की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में सजावटी और फलदार पौधे रोपित किए गए। खास बात यह रही कि छोटे बच्चे भी पौधारोपण अभियान का हिस्सा बने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान रानीताल बाग परिसर में विभिन्न प्रकार के सजावटी और फलदार पौधे रोपित किए गए, जिसमें मुख्य रूप से गुलमोहर, कचनार और बोगनवीलिया आदि शामिल हैं।

सोलन अस्पताल में 10 पर्ची शुल्क का भाजपा ने किया विरोध, शुल्क वापस लेने की मांग

अनंत ज्ञान, सोलन। भारतीय जनता पार्टी सोलन शहरी मंडल ने सोलन अस्पताल में मरीजों की पर्ची पर 10 शुल्क लगाने के निर्णय का कड़ा विरोध किया है। मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि लंबी कतारों की समस्या का समाधान मरीजों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालकर नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस बैठक में पर्ची शुल्क का प्रस्ताव रखा गया था, उसका उद्देश्य मरीजों को लंबी लाइनों से राहत दिलाकर कम समय में डॉक्टर से परामर्श उपलब्ध करवाना था। ऐसे में 10 शुल्क लगाने से कतारें कम होने का तर्क समझ से परे है। उन्होंने पर्याप्त पंजीकरण काउंटर, बेहतर प्रबंधन और सुचारु व्यवस्था की मांग की। गुप्ता ने फेको मशीन की खरीद के लिए तीन वर्ष पूर्व जमा धनराशि के बावजूद मशीन उपलब्ध न होने पर भी सवाल उठाए और स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर करने की मांग की।

सत्ता बदली; समस्याएं नहीं, सोलन शहर में नई नगर निगम के बावजूद राहत नहीं

पेयजल संकट व कूड़ा प्रबंधन बना बड़ी चुनौती

अनंत ज्ञान

आर मोहन चौहान, सोलन। नगर निगम सोलन में सत्ता परिवर्तन के बाद शहरवासियों को उम्मीद थी कि पेयजल और कूड़े की समस्या का स्थायी समाधान होगा, लेकिन जमीनी हालात में अभी तक कोई खास बदलाव नजर नहीं आ रहा है। शहर में समय पर कूड़ा न उठने के कारण कई गली-मोहल्लों और चौराहों पर कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। वहीं पेयजल की स्थिति भी लगातार चिंताजनक बनी हुई है और कई क्षेत्रों में सप्ताह में एक दिन पानी की सप्लाई से लोगों के लिए गुजारा करना मुश्किल हो गया है।

शहर के चौक बाजार सहित कई स्थानों पर कूड़े के ढेर लगे होने से स्थानीय लोगों, दुकानदारों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि नगर निगम की ओर से नियमित रूप से कूड़ा उठाने की व्यवस्था के दावे किए जाते हैं, लेकिन धरातल पर स्थिति अलग दिखाई दे रही है। लंबे समय तक कूड़ा पड़ा रहने से दुर्गंध और गंदगी के साथ-साथ बीमारी फैलने की आशंका भी बनी रहती है।

चौक बाजार में कूड़े के ढेर से परेशानी

दूसरी ओर सोलन शहर में पेयजल संकट भी लोगों के लिए बड़ी चिंता बना हुआ है। कई क्षेत्रों में सप्ताह में केवल एक दिन पानी की सप्लाई मिलने से लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। घरों में पानी का भंडारण करना लोगों की मजबूरी बन गया है। पेयजल की कमी का असर घरेलू कामकाज के साथ-साथ व्यापारिक गतिविधियों पर भी पड़ रहा है। गिरि पेयजल योजना में सिल्ट की समस्या ने भी चिंता बढ़ा दी है।

सप्ताह में एक दिन पानी की सप्लाई से बढ़ी परेशानी

नगर निगम चुनाव के दौरान भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों ने शहर की पेयजल और कूड़े की समस्या के स्थायी समाधान को प्रमुख मुद्दा बनाया था। मतदाताओं से बेहतर पेयजल आपूर्ति और प्रभावी सफाई व्यवस्था के दावे किए गए थे। अब नगर निगम में भाजपा के काबिज होने के बाद लोगों की नजर इस बात पर है कि इन समस्याओं के समाधान के लिए ठोस रणनीति कब तैयार होती है। शहरवासियों का कहना है कि चुनाव के दौरान किए गए वादों को अब धरातल पर उतारने की जरूरत है।

चुनाव में किए थे स्थायी समाधान के दावे

कांग्रेस की चुप्पी पर भी सवाल

हैरानी की बात यह है कि विपक्षी कांग्रेस भी इस समय पेयजल और कूड़े की गंभीर समस्या को लेकर अपेक्षित रूप से मुखर नजर नहीं आ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि विपक्ष की जिम्मेदारी है कि वह जनता से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाए और नगर निगम व संबंधित विभागों से जवाब मांगे।

फिलहाल सोलन शहर के लोग दोहरी परेशानी से जूझ रहे हैं। एक ओर पर्याप्त पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, तो दूसरी ओर कई स्थानों पर समय पर कूड़ा नहीं उठ रहा। ऐसे में लोगों ने नगर निगम और जल शक्ति विभाग से मांग की है कि दोनों समस्याओं के समाधान के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाए जाएं।

डॉक्टरों के तबादले से सोलन अस्पताल में मरीजों के इलाज पर संकट

1000 से ज्यादा ओपीडी; 4 डॉक्टरों का तबादला, बढ़ेगी मरीजों की परेशानी

अनंत ज्ञान

सोलन। क्षेत्रीय अस्पताल सोलन से चार डॉक्टरों के तबादले आदेश आने के बाद आने वाले दिनों में मरीजों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। इनमें मेडिसिन स्पेशलिस्ट डॉ. अनुज गुप्ता व ऑर्थो स्पेशलिस्ट भी शामिल हैं। अस्पताल की मेडिसिन और ऑर्थो ओपीडी में रोजाना बड़ी संख्या में मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में इन विशेषज्ञ चिकित्सकों के तबादले से मरीजों को उपचार के लिए लंबा इंतजार करना पड़ सकता है।

क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में प्रतिदिन करीब 1000 से 1200 मरीजों की ओपीडी दर्ज होती है। सोलन के अलावा शिमला और सिरमौर जिलों के विभिन्न क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में मरीज उपचार के लिए यहां पहुंचते हैं। क्षेत्रीय अस्पताल आसपास के हजारों लोगों के लिए प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र है। मरीजों का कहना है कि अस्पताल में मरीजों की संख्या और स्वास्थ्य सेवाओं की मांग को देखते हुए पर्याप्त संख्या में विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती जरूरी है। विशेष रूप से मेडिसिन और ऑर्थो विभाग में मरीजों की संख्या अधिक रहती है। ऐसे में विशेषज्ञ डॉक्टरों के तबादले के बाद यदि जल्द वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई तो मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। मरीजों ने स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी न होने दी जाए और तबादले के बाद संबंधित विभागों में जल्द नए डॉक्टरों की तैनाती की जाए, ताकि मरीजों को समय पर उपचार मिल सके।

सोलन अस्पताल में ओपीडी के बाहर अपनी बारी का इंतजार करते रोगी।

> अस्पताल में कार्यरत चार डॉक्टरों के ट्रांसफर ऑर्डर आए हैं। फिलहाल इन डॉक्टरों को रिलीव नहीं किया गया है।
>
> **डॉ. राकेश पंवर, एमएस क्षेत्रीय अस्पताल सोलन**

हरिपुरधार सीएचसी की नोटिफिकेशन को भाजपा ने बताया छलावा

अनंत ज्ञान, नाहन। सिरमौर जिला भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा, युवा मोर्चा प्रदेश सचिव प्रताप रावत और पंचायत प्रधान दीउड़ी खड़ांह ने हरिपुरधार सीएचसी को सिविल अस्पताल में अपग्रेड करने की कांग्रेस सरकार की अधिसूचना पर सवाल उठाए हैं। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि अधिसूचना में अस्पताल उन्नयन का उल्लेख तो किया गया है, लेकिन चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ के नए पद सृजित नहीं किए गए। उन्होंने मुख्यमंत्री व विस अध्यक्ष एवं विधायक विनय कुमार के धन्यवाद में निकाली गई कांग्रेस की रैली को भी हास्यास्पद बताया। नेताओं के अनुसार, वर्ष 2021 में तत्कालीन भाजपा सरकार ने चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ के पद स्वीकृत कर अस्पताल में सेवाएं शुरू करवाई थीं, लेकिन कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही इसे डीनोटिफाई कर दिया। चार साल बाद अधूरी अधिसूचना जनता को गुमराह करने का प्रयास है।

शराब के नशे में भिड़े युवक, चाकू के हमला एक घायल, आरोपी गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

सोलन। सोलन के पुलिस थाना सदर के तहत करोल कॉलोनी, बसाल में शराब पीने के दौरान हुआ विवाद हिंसक हो गया। घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 19 वर्षीय आरोपी निखिल संजटा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार 15 अगस्त की रात करीब 11 बजे सारांश तेजवान निवासी चिड़गांव, शिमला, अपने साथी मयंक के साथ किराए के कमरे में था। इसी दौरान निखिल संजटा वहां पहुंचा। शराब पीने के दौरान मयंक और निखिल के बीच बहसबाजी शुरू हो गई, जो मारपीट में बदल गई। झगड़ा रोकने का प्रयास करने पर निखिल ने कांच की बोतल से सारांश के सिर पर वार किया। इसके बाद बाथरूम के पास विवाद के दौरान उसने शेफ चाकू से मयंक पर हमला कर दिया। सारांश के अनुसार मदद के लिए वैभव को बुलाने जाते समय आरोपी ने उसके बाएं कंधे पर भी चाकू से दो वार किए।

मयंक को क्षेत्रीय अस्पताल सोलन ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत में आईजीएमसी शिमला रेफर किया गया। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को 16 अगस्त को चंबाघाट से गिरफ्तार किया। आरोपी को 17 अगस्त को न्यायालय में पेश किया जाएगा। पुलिस उसके आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच कर रही है।

चौगान में बढ़ी महिला सुविधा, रोटरी क्लब संगिनी ने सौंपा पिंक टॉयलेट

पिंक टॉयलेट की चाबियां एमसी को सौंपते हुए क्लब की अध्यक्ष। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान,नाहन। महिलाओं की सुविधा, सुरक्षा और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए रोटरी क्लब नाहन संगिनी द्वारा ऐतिहासिक चौगान मैदान में पिंक टॉयलेट का निर्माण करवाया गया। लंबे समय से यहां इस सुविधा की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। सोमवार को इसका विधिवत उद्घाटन किया गया। प्रोजेक्ट को आईपीपी रोटेरियन सोना चंदेल ने प्रोजेक्ट चेयरमैन के रूप में आगे बढ़ाया, जबकि सचिन जैन एवं वैशाली जैन का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में एमसी नाहन के एजीक्यूटिव ऑफिसर संजय कुमार मुख्य अतिथि व रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3080 के डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी एवं हिमाचल क्लस्टर रोटेरियन मनीष जैन गेस्ट ऑफ ऑनर रहे। रोटरी क्लब नाहन संगिनी की प्रधान रोटेरियन मोनिका जैन ने पिंक टॉयलेट की चाबियां संजय कुमार को सौंपकर इसे नगर परिषद को विधिवत हैंडओवर किया। मनीष जैन ने इसे रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3080 के महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स में शामिल बताया।

नाहन में लोजपा का शक्ति प्रदर्शन, बढ़ी सियासी हलचल

नितिन चौहान बने लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष

अनंत ज्ञान

एसपी जैरथ, नाहन। हिमाचल प्रदेश की राजनीति में लोक जनशक्ति पार्टी ने एक बार फिर दस्तक दी है। इस बार पार्टी के केंद्र में नाहन विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक स्वर्गीय सदानंद चौहान के सुपुत्र नितिन चौहान उर्फ टिंकू हैं। लोजपा ने उन्हें हिमाचल का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। रविवार को नितिन चौहान ने औद्योगिक क्षेत्र कालाअंब से सैकड़ों वाहनों और हजारों समर्थकों के काफिले के साथ अपनी राजनीतिक वापसी का ऐलान किया। कालाअंब से नाहन तक बढ़ते काफिले के साथ समर्थकों का उत्साह भी नजर आया।

नाहन पहुंचने पर नितिन चौहान ने धार्मिक स्थलों पर शीश नवाकर अपनी नई राजनीतिक पारी की शुरुआत की। कच्चा टैंक स्थित जामा मस्जिद के समीप रुकने के बाद उन्होंने गुरुद्वारा साहिब दशमेश स्थान और काली स्थान मंदिर में माथा टेका। इसके बाद शाम करीब चार बजे किसान भवन में आयोजित जनसभा में उन्होंने समर्थकों को संबोधित किया। काफिले की भारी मौजूदगी के बावजूद आम लोगों को असुविधा न हो, इसके लिए समर्थकों ने स्वयं यातायात व्यवस्था संभाली। नितिन चौहान की राजनीतिक वापसी इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि उनके पिता स्वर्गीय सदानंद चौहान के नेतृत्व में लोजपा नाहन विधानसभा सीट के रास्ते हिमाचल विधानसभा तक पहुंची थी। अक्टूबर 2017 में नितिन चौहान परिवार सहित भाजपा में शामिल हुए थे। अब उन्होंने पिता की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने के लिए दोबारा लोजपा का झंडा थाम लिया है।

पत्रकारों से बात करते लोजपा नेता नितिन चौहान। अनंत ज्ञान

हालांकि उन्होंने भाजपा और कांग्रेस के खिलाफ कोई आक्रामक बयान नहीं दिया, लेकिन शक्ति प्रदर्शन ने प्रदेश की सियासत में नए राजनीतिक समीकरणों को लेकर चर्चाओं को जरूर तेज कर दिया है।

लायंस क्लब परवाणू कालका के अध्यक्ष बने अरुण अग्रवाल

अनंत ज्ञान, परवाणू। लायंस क्लब परवाणू कालका का शपथ ग्रहण एवं इंस्टॉलेशन समारोह अन्ना क्लार्क होटल, अमरावती में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन उमेश गर्ग मुख्य अतिथि और पीडीजी लायन विनीत गोयल विशेष अतिथि रहे। इंस्टॉलेशन अधिकारी पीडीजी लायन डॉ. दीपक जोशी ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष लायन अरुण अग्रवाल सहित नई कार्यकारिणी को पद एवं सेवा की शपथ दिलाई। पूजा गोयल और कृष्ण डोडा ने मंच संचालन किया। नई कार्यकारिणी में पूजा गोयल व कृष्ण डोडा उपाध्यक्ष, पवन शर्मा सचिव और कुलदीप कुमार कोषाध्यक्ष बने। अतिथियों ने क्लब की समाजसेवा गतिविधियों की सराहना की। आगामी सेवा कार्यों की रूपरेखा भी साझा की गई।

महंत तमन्ना ने गौशाला को 18 क्विंटल फीड किया दान

प्रमुख अभियंता हेमंत तंवर ने भी 20 बोरी फीड देकर किया सहयोग

अनंत ज्ञान, अर्की। कुराली पंजाब किन्नर समाज की महंत तमन्ना ने गौ सेवा के प्रति प्रतिबद्धता दिखाते हुए गोकुल धाम गौशाला अर्की में 18 क्विंटल फीड दान की। वहीं, जल शक्ति विभाग के प्रमुख अभियंता हेमंत तंवर ने भी गौशाला के लिए 20 बोरी फीड प्रदान की। महंत तमन्ना ने कहा कि गौ सेवा पुनीत कार्य है और समाज के सभी वर्गों को अपनी सामर्थ्य के अनुसार गौशालाओं की सहायता के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने बेसहारा गोवंश के संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता जताई। हेमंत तंवर ने भी सक्षम लोगों से सेवा कार्यों में योगदान देने का आह्वान किया। गौशाला संचालक जगत गौतम ने दोनों दानदाताओं का आभार जताते हुए कहा कि यहां बड़ी संख्या में गोवंश की देखभाल की जा रही है, जिसके लिए नियमित चारे की जरूरत रहती है। उन्होंने कहा कि इस सहयोग से गोवंश को पर्याप्त आहार उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर चम्यावल पंचायत के उपप्रधान परमिंदर ठाकुर भी उपस्थित रहे।

श्रमिकों की मांगों को लेकर भारतीय मजदूर संघ ने प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन

श्रमिक महंगाई, बेरोजगारी, ठेका-आउटसोर्सिंग से प्रभावित

अनंत ज्ञान

सोलन। भारतीय मजदूर संघ हिमाचल प्रदेश ने देशभर के श्रमिकों की विभिन्न मांगों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उपायुक्त सोलन के माध्यम से ज्ञापन भेजा। संघ के उप महामंत्री देवी दत्त तनवर ने कहा कि करोड़ों श्रमिक महंगाई, बेरोजगारी, ठेका-आउटसोर्सिंग और श्रम विरोधी नीतियों से प्रभावित हैं। उन्होंने बताया कि रांची में 26 से 28 जुलाई 2026 तक आयोजित अखिल भारतीय कार्यसमिति की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार यह मांग पत्र भेजा गया है।

ज्ञापन में संघ ने न्यूनतम वेतन 30 हजार रुपए प्रतिमाह करने की प्रमुख मांग उठाई है। इसके अलावा ईएसआईसी की वेतन सीमा 21 हजार से बढ़ाकर 42 हजार रुपए तथा ईपीएफ की वेतन सीमा 15 हजार से बढ़ाकर 30 हजार रुपए करने की मांग की गई है। भारतीय मजदूर संघ ने एपीएफ-95 के तहत न्यूनतम पेंशन 7,500 रुपये प्रतिमाह करने के साथ डीए और मेडिकल सुविधा उपलब्ध करवाने की मांग भी रखी है। वहीं बोनस गणना की सीमा 7 हजार से बढ़ाकर 18 हजार रुपए तथा बोनस पात्रता की सीमा 21 हजार से बढ़ाकर 42 हजार रुपए करने की मांग की गई है।

डीसी सोलन को ज्ञापन सौंपते संघ के पदाधिकारी। अनंत ज्ञान

ज्ञापन में आशा वर्कर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मिड-डे-मील, एनएचएम सहित सभी स्कीम वर्करों को नियमित कर पक्का कर्मचारी बनाने की मांग की गई है। संघ ने इन्हें वेतन संहिता-2019 और सामाजिक सुरक्षा संहिता-2020 के दायरे में शामिल करने की भी मांग उठाई। इसके अलावा ठेका एवं संविदा कर्मचारियों के लिए 'समान काम, समान वेतन' लागू करने की मांग भी की गई है। देवदत्त तनवर ने कहा कि केंद्र सरकार को श्रमिकों की इन मांगों पर गंभीरता से विचार कर उन्हें राहत प्रदान करनी चाहिए।

पांच विकास खंडों के 750 किसानों को दिया प्राकृतिक खेती पर प्रशिक्षण

अनंत ज्ञान

सोलन। डॉ यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र, सोलन द्वारा जिले के पांचों विकास खंडों के कुल 750 किसानों को पांच अलग-अलग प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से प्राकृतिक खेती के बारे में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक खेती की वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक तकनीकों से अवगत करवाना तथा उन्हें टिकाऊ एवं कम लागत वाली कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित करना था। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को प्राकृतिक खेती की विभिन्न तकनीकों, देसी गाय आधारित कृषि पद्धतियों, जीवामृत, घनजीवामृत, बीजामृत, प्राकृतिक कीट प्रबंधन तथा मृदा स्वास्थ्य संरक्षण के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाकर कृषि लागत कम करने, मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने तथा गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित कृषि उत्पाद तैयार करने के लिए प्रेरित किया गया। केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को प्राकृतिक खेती की तकनीकों को खेत स्तर पर प्रभावी ढंग से अपनाने के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण एवं तकनीकी मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया।

कृषि विज्ञान केंद्र, सोलन की प्रभारी डॉ. सीमा ठाकुर ने किसानों से आग्रह किया कि वे प्राकृतिक खेती को केवल एक कृषि पद्धति के रूप में न अपनाकर इसे एक जन-अभियान के रूप में आगे बढ़ाएं। डॉ. किरण ठाकुर ने प्राकृतिक विधि से फलदार फसलों के उत्पादन एवं प्रबंधन के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। वहीं, डॉ. दीपिका शर्मा ने सब्जियों, फलों तथा फूलों में लगने वाले विभिन्न कीटों की पहचान एवं प्राकृतिक विधियों द्वारा उनके प्रभावी प्रबंधन और नियंत्रण के बारे में किसानों को जानकारी दी। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कृषि विज्ञान केंद्र, सोलन द्वारा आत्मा विभाग, सोलन के सहयोग से आयोजित किया गया।

न्यूज ब्रीफ

मां-बेटी के नाम पर लगाया सीताफल का पौधा

अनंत ज्ञान, अंब। पर्यावरण संरक्षण और बेटियों के सम्मान का संदेश देने के लिए आंगनबाड़ी केंद्र अंब-5 में पहल की गई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मोनिका कुमारी ने अनन्या नाम की बच्ची की मां के साथ उसके नाम पर सीताफल का पौधा लगाया। उन्होंने लोगों से प्रत्येक परिवार को बेटी के नाम पर पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने केंद्र में आने वाले 36 बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की। सभी बच्चे स्वस्थ पाए गए। डॉ. हनी संधु ने महिलाओं को बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

पेंशनरों-कर्मचारियों की मांगों पर सरकार को घेरा

अनंत ज्ञान, ऊना। भाजपा पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ के नेताओं ने प्रदेश सरकार पर कर्मचारियों और पेंशनरों से वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए लंबित वित्तीय लाभों का 100 प्रतिशत भुगतान करने की मांग उठाई। नेताओं ने कहा कि पेंशनरों को अलग-अलग श्रेणियों में बांटकर बकाया राशि का भुगतान करने की नीति से असंतोष बढ़ रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री के पूर्व आश्वासनों का हवाला देते हुए कहा कि लंबित बकाया, महंगाई राहत की किस्तों और चिकित्सा बिलों का भुगतान जल्द किया जाए। भाजपा नेताओं ने कांग्रेस के चुनावी वादों पर भी सवाल उठाते हुए महिलाओं को 1500 रुपये मासिक सहायता और युवाओं को रोजगार देने का वादा पूरा करने की मांग की।

थानाकलां अस्पताल में 28 लाख से स्थापित नई अल्ट्रासाउंड मशीन शुरू

विधायक विवेक शर्मा बोले– 25 हजार परिवारों को मिलेगी अल्ट्रासाउंड सुविधा

अनंत ज्ञान

बंगाणा। कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में सोमवार को एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। आदर्श अस्पताल थानाकलां में 28 लाख रुपये की लागत से स्थापित नई अल्ट्रासाउंड मशीन का उद्घाटन विधायक विवेक शर्मा ने किया। मशीन शुरू होने से क्षेत्र के करीब 25 हजार परिवारों को स्थानीय स्तर पर अल्ट्रासाउंड की सुविधा मिलेगी। इससे मरीजों को जांच के लिए ऊना सहित अन्य स्थानों पर जाने की परेशानी से राहत मिलेगी।

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि थानाकलां अस्पताल को आधुनिक स्वास्थ्य संस्थान के रूप में विकसित किया जा रहा है। अस्पताल में जल्द ब्लड बैंक शुरू किया जाएगा। इसके अलावा पार्किंग, सस्ती दवाइयों की दुकान और कैंटीन की सुविधा भी विकसित करने की तैयारी है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता है।

उन्होंने बताया कि सिविल अस्पताल बंगाणा में पिछले चार माह के दौरान 1500 से अधिक अल्ट्रासाउंड किए जा चुके हैं। इससे स्पष्ट है कि स्थानीय स्तर पर जांच सुविधा मिलने से बड़ी संख्या में मरीज लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में बंगाणा और थानाकलां अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं का और विस्तार किया जाएगा।

विधायक ने पूर्व सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि करीब 20 वर्षों तक क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वालों ने थानाकलां में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं करवाईं। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य केवल घोषणाएं करना नहीं, बल्कि योजनाओं को धरातल पर उतारना है। विपक्षी नेताओं पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि कुछ नेताओं को समस्याएं केवल फेसबुक पर दिखाई देती हैं, जबकि जनता को मौके पर समाधान चाहिए।

इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य चंचल बाला, राम आसरा, सुरेश दत्त, रमेश बंगा, गुलजारी लाल सहोता, प्रधान राजपाल शर्मा, दर्शन देवी, एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल, बीएमओ डॉ. रमेश रत्तु, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार दरोच सहित अधिकारी, कर्मचारी और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

राज्यस्तरीय टेन्नीक्वॉइड चैंपियनशिप में 83 खिलाड़ियों ने दिखाया खेल कौशल

अनंत ज्ञान

हीना पठानिया, बड़ूही। जिला ऊना के कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल, धुसाड़ा में 15 अगस्त को 5वीं सीनियर, द्वितीय जूनियर एवं द्वितीय सब–जूनियर राज्य स्तरीय टेन्नीक्वॉइड चैंपियनशिप (पुरुष एवं महिला वर्ग) का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि उपनिदेशक (प्राथमिक शिक्षा) सोम लाल धीमान ने खिलाड़ियों को खेल भावना, अनुशासन और समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

प्रतियोगिता का आयोजन स्कूल के प्रबंध निदेशक एवं हिमाचल प्रदेश एमेच्योर टेन्नीक्वॉइड एसोसिएशन के अध्यक्ष संदीप कुमार के नेतृत्व में किया गया। महासचिव हमीद खान तथा संगठन के महासचिव परवीन कुमार ने आयोजन के संचालन और समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में विभिन्न वर्गों के कुल 83 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस अवसर पर विवेक गुलेरिया, दिनेश राणा, राकेश कुमार, शहवाज तथा नीरज सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रतियोगिता ने खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

चिंतपूर्णी मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़, दर्शन व्यवस्था पर उठे सवाल

- दो किमी तक लगी कतारें
- भक्तों को महज 2 से 5 सेकेंड में करने पड़ रहे दर्शन

अनंत ज्ञान

गोंदपुर बनेहड़ा। हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल सिद्धपीठ माता श्री चिन्तपूर्णी मंदिर में श्रावन नवरात्रों के चलते भक्तों की काफ़ी भीड़ है। रोज़ाना हजारों की संख्या में भक्त माता के दर्शनों के लिए आ रहे है। बताते चले कि माता के दर्शनों के लिए भक्तों की कतारें मंदिर से दो किलोमीटर नीचे चिन्तपूर्णी बस स्टैंड तक लग रही है। पूरे चिन्तपूर्णी क्षेत्र का वातावरण माता के जागरणों से भक्तिमय हो गया है। जगह जगह पर भक्तों द्वारा भव्य लंगर सेवाएं भी लगाई जा रही है। वही श्रावण मास के पांचवे नवरात्र पर भी हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने माता के मंदिर में शीश नवाया।

मंदिर प्रशासन भीड़ पर काबू करने के लिए काफ़ी कसरत कर रहा है। लेकिन अभी भी भक्तों को माता के दर्शनों के लिए मात्र 2 से 5 सेकंड का समय ही मिल पा रहा है। बता दे कि भीड़ काफ़ी ज्यादा होने के कारण मंदिर में खड़े पुलिस व मंदिर प्रशासन के प्रतिनिधि श्रद्धालुओं को जल्दी कीजिये बढ़ते रहिये कहने पर विवश है। वहीं जो लोग सुगम दर्शन पास से दर्शकों के लिए आ रहे है उनके लिए भी मंदिर प्रशासन द्वारा कोई उचित व्यवस्था नही अपनाई गई है। उन लोगो को भी मंदिर के सामने अन्य लोगों के बीच लाइन में लगा दिया जाता है। जिस कारण माता के मंदिर के सामने भीड़ ज्यादा हो जाती है। जिस कारण लोग सही से माता के दर्शन भी नही कर पाते। प्रशासन को इस पर ध्यान देने की आवश्यक है।

वहीं मंदिर सौन्दर्यकरण को लेकर सरकार द्वारा बड़े बड़े वादे किये तो गए है, लेकिन गौरतलब है कि धरातल पर उचित काम कुछ ज्यादा नजर नही आ रहा है। मौजूद समय मे मंदिर में 500 लोग एक साथ आ जाए तब मंदिर प्रशासन की व्यवस्था ठप सी पढ़ जाती है। वही कोई वीआईपी श्रद्धालुओं माता के दर्शनों के लिए आता है तब आम श्रद्धालुओं को रोक कर उन वीआईपी लोगो को प्राथमिकता दी जाती है जिस कारण श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना भी करना पड़ता है।

जेपीएल की कॉफी टेबल बुक का विमोचन

जयपुर में 16 टीमों के साथ होगा जर्नलिस्ट प्रीमियर लीग का अगला संस्करण

अनंत ज्ञान

टाहलीवाल। यूनाइटेड प्रेस क्लब की ओर से आयोजित जर्नलिस्ट प्रीमियर लीग (जेपीएल) पर तैयार कॉफी टेबल बुक का विमोचन कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में किया गया। समारोह में राजस्थान कुश्ती संघ के अध्यक्ष एवं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के विशेष कार्याधिकारी राजीव दत्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे राजीव दत्ता ने जेपीएल की सराहना करते हुए कहा कि पत्रकारों के व्यस्त और तनावपूर्ण जीवन में खेल गतिविधियां सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करती हैं।

इससे पत्रकारों के बीच टीम भावना, भाईचारा और आपसी जुड़ाव भी मजबूत होता है। उन्होंने दिवंगत पत्रकारों के परिवारों की सहायता के लिए यूनाइटेड प्रेस क्लब द्वारा किए जा रहे प्रयासों की भी सराहना की।उन्होंने घोषणा की कि जेपीएल का अगला संस्करण जयपुर में आयोजित होगा, जिसमें आठ के बजाय 16 टीमें हिस्सा लेंगी। इसके साथ ही दिल्ली में महिला पत्रकारों के लिए विशेष मैराथन आयोजित करने का भी ऐलान किया गया। इसका उद्देश्य महिला पत्रकारों को स्वास्थ्य, फिटनेस और खेल गतिविधियों से जोड़ना है।

प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कार राशि भी रखी जाएगी जेपीएल से जुड़ी विभिन्न टीमों के कप्तानों ने राजीव दत्ता का आभार जताया। पंजाब प्रेस लायंस के कप्तान एवं यूनाइटेड प्रेस क्लब के अध्यक्ष अर्शदीप सिंह समर, दिल्ली मीडिया मास्टर्स के कप्तान प्रदीप कुमार, राजस्थान मीडिया रॉयल्स के कप्तान मुकेश मीणा, हिमाचल मीडिया वॉरियर्स के कप्तान मोहित प्रेम शर्मा सहित अन्य टीमों के प्रतिनिधियों ने आयोजन की सफलता पर खुशी जताई यूनाइटेड प्रेस क्लब ऊना के जिलाध्यक्ष नवीन महेश ने कहा कि जेपीएल पत्रकारों को खेल के माध्यम से एक–दूसरे से जुड़ने और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का अवसर प्रदान कर रही है। उन्होंने जयपुर में 16 टीमों के साथ होने वाले अगले संस्करण और महिला पत्रकारों की मैराथन की घोषणा का स्वागत करते हुए आयोजकों को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन पत्रकारों के शारीरिक स्वास्थ्य के साथ–साथ आपसी भाईचारे को भी मजबूत करते हैं।

दो माह में तैयार होगा राजकीय महाविद्यालय खड्ड का इंडोर स्टेडियम : मुकेश अग्निहोत्री

अनंत ज्ञान

हरोली (ऊना)। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि राजकीय महाविद्यालय खड्ड में 13.72 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन इनडोर स्टेडियम का कार्य लगभग दो माह में पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने सोमवार को निर्माणाधीन स्टेडियम का दौरा कर कार्य की प्रगति का जायजा लिया।

मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि इनडोर स्टेडियम के तैयार होने से महाविद्यालय के विद्यार्थियों और क्षेत्र के युवाओं को आधुनिक खेल एवं फिटनेस सुविधाएं उपलब्ध होंगी। स्टेडियम में मल्टीपर्पज हॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन और वॉलीबॉल की सुविधाओं के साथ बॉक्सिंग रिंग, फिटनेस सेंटर, योगा एवं मेडिटेशन हॉल तथा कैफेटेरिया का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खेल, फिटनेस और मानसिक स्वास्थ्य विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हरोली क्षेत्र में शिक्षा के साथ खेल अधोसंरचना को भी लगातार मजबूत किया जा रहा है। राजकीय महाविद्यालय खड्ड में बन रहा यह इंडोर स्टेडियम क्षेत्र में खेल सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण परियोजना है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ खेल और अन्य गतिविधियों के लिए भी आधुनिक सुविधाएं अपने क्षेत्र में ही उपलब्ध हों।

उन्होंने कहा कि बेहतर खेल सुविधाओं से युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने और आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। हरोली क्षेत्र में शिक्षा और खेल सुविधाओं को मजबूत करने के प्रयास आगे भी जारी रहेंगे।

उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्टेडियम का शेष कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाए और निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि लगभग दो माह में स्टेडियम तैयार होने के बाद विद्यार्थियों को इसका लाभ मिलना शुरू हो जाएगा।

सैनिकों की आवाज नहीं सुनी, तो 2027 में देंगे राजनीतिक जवाब : कुलवंत पटियाल

कहा-चुनावी मैदान में उतरेगी भारतीय जवान किसान पार्टी

अनंत ज्ञान

घुमारवीं। भारतीय जवान किसान पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सैनिक सूबेदार मेजर कुलवंत सिंह पटियाल ने बरठीं में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जवान किसान पार्टी आने वाले विधानसभा चुनावों में चुनावी मैदान में उतरेगी और पार्टी का उद्देश्य सैनिकों, किसानों, युवाओं और आम जनता की आवाज को मजबूती से उठाना है। कुलवंत सिंह पटियाल ने कहा कि सेवानिवृत्त सैनिकों ने मिलकर भारतीय जवान किसान पार्टी का गठन किया है।

उन्होंने दावा किया कि अग्निवीर योजना को लेकर पार्टी ने 19 महीने तक संघर्ष किया, लेकिन पक्ष और विपक्ष दोनों ने सैनिकों की मांगों को गंभीरता से नहीं सुना। उन्होंने अग्निवीर योजना पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि चार साल की सेवा के बाद अग्निवीरों को छोड़ देना देश की सुरक्षा के लिए गंभीर विषय है। उन्होंने कहा कि जिन सैनिकों पर पूरा देश गर्व करता है, उनकी समस्याओं और मांगों को राजनीतिक दलों ने नजरअंदाज किया है। पटियाल ने अर्धसैनिक बलों की पेंशन का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2002 के बाद अर्धसैनिक बलों की पेंशन व्यवस्था को लेकर जवानों में असंतोष है। उनका कहना था कि एक दिन के लिए भी सत्ता में आने वाले नेताओं और उनके परिवारों को सुविधाएं मिलती हैं, लेकिन देश की सुरक्षा के लिए कठिन परिस्थितियों में ड्यूटी करने वाले जवानों की समस्याओं पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जाता।

2027 के विधानसभा चुनावों को लेकर उन्होंने कहा कि अब नए लोगों और युवाओं को राजनीति में आगे लाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने युवाओं से भारतीय जवान किसान पार्टी से अधिक से अधिक संख्या में जुड़ने का आह्वान किया।

खेलकूद व्यक्ति के सर्वांगीण विकास में सहायक: अमरनाथ

अनंत ज्ञान, भगेड़। झंडूता उपमंडल के अंतर्गत कोटद्वार क्षेत्र के मध्य प्राचीन शिव मंदिर लग दयो के प्रांगण के खेल के मैदान में प्रथम वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन कोटवार नलवाड़ मेला समिति द्वारा करवाया गया। प्रतियोगिता के समापन समारोह के इस अवसर पर मुख्य अतिथि अमर नाथ धीमान, अध्यक्ष शांति सेवा समिति, संस्थापक कोटधार नलबाड़ मेला, लोकप्रिय नेता एवं प्रमुख समाज सेवी, अमरनाथ धीमान ने शिरकत की। उनके यहां पहुंचने पर समिति के सभी पदाधिकारियों, पूर्व सैनिकों, समस्त इलाका निवासियों तथा युवा वर्ग ने गर्मजोशी के साथ मुख्य अतिथि का पगड़ी पहनकर, हार पहना कर तथा समृद्धि चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि अमरनाथ जी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलेगा इंडिया तो खिलेगा इंडिया अर्थात देश का भविष्य जो वर्तमान में जो युवा पीढ़ी है अगर वह, पढ़ाई के साथ-साथ,खेलों की तरफ अपना ध्यान देंगे, तो वह अपने भविष्य को स्वर्णिम बना सकते हैं। इस प्रतियोगिता में कलोल की टीम विजेता तथा भडोली कला टीम उपविजेता रही।

घुमारवीं में मुख्यमंत्री पुराने कामों का ही उद्घाटन कर लौट गए : गर्ग

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। पूर्व मंत्री एवं भाजपा नेता राजिंदर गर्ग ने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के घुमारवीं दौरे को लेकर कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि साढ़े तीन साल के लंबे अंतराल के बाद घुमारवीं पहुंचे मुख्यमंत्री के दौरे से क्षेत्र की जनता को बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन सरकार ने लोगों को नया देने के बजाय भाजपा कार्यकाल में पूरे किए गए विकास कार्यों का ही उद्घाटन कर अपनी उपलब्धियां गिनाने का प्रयास किया।

गर्ग ने कहा कि मुख्यमंत्री के घुमारवीं दौरे में ऐसा कोई बड़ा नया विकास कार्य सामने नहीं आया, जिससे क्षेत्र की जनता यह महसूस कर सके कि पिछले साढ़े तीन वर्षों में कांग्रेस सरकार ने घुमारवीं के लिए कोई नई दिशा या बड़ी परियोजना दी है। उन्होंने कहा कि जिन विकास कार्यों के उद्घाटन किए गए, उनमें से अधिकांश भाजपा सरकार के समय स्वीकृत होकर पूरे हुए थे। ऐसे में कांग्रेस सरकार को उनका श्रेय लेने के बजाय यह बताना चाहिए कि उसने घुमारवीं के लिए अपने कार्यकाल में नया क्या किया।

पूर्व मंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आने के बाद पूर्व भाजपा सरकार द्वारा खोले और स्वीकृत किए गए अनेक संस्थानों को डी–नोटिफाई किया था। अब उन्हीं संस्थानों को दोबारा शुरू करने अथवा उनसे जुड़ी घोषणाओं को उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत करना जनता को भ्रमित करने जैसा है।

वरिष्ठ नागरिक सभा ने उठाईं घुमारवीं की समस्याएं

अनंत ज्ञान घुमारवीं। वरिष्ठ नागरिक सभा घुमारवीं ने शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग की। सभा ने सिर खड्ड पुल से राधा स्वामी सत्संग भवन तक फुटपाथ बनाने, पोस्ट ऑफिस के पास जेब्रा क्रॉसिंग की व्यवस्था करने और मस्जिद तक पैदल मार्ग पर स्ट्रीट लाइटें लगाने की मांग की। इसके अलावा शहर में ई-ऑटो सेवा शुरू करने तथा पार्कों की साफ-सफाई व रखरखाव सुधारने की मांग भी उठाई। प्रतिनिधिमंडल ने नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी खेम पाल वर्मा से भी मुलाकात कर समस्याएं रखीं। प्रशासन व नगर परिषद ने संबंधित विभागों के माध्यम से समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में सभा के प्रधान रूपलाल शर्मा सहित हरि सिंह ठाकुर, रामलाल शर्मा, रमेश कैंथ, अमरनाथ शर्मा, अरविंद शर्मा, होशियार सिंह चंदेल सहित अन्य वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

नयना देवी मंदिर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

अनंत ज्ञान, बिलासपुर। विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री नयना देवी में श्रावण अष्टमी मेले के दौरान भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। पिछले दो दिनों से मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए एसडीएम धर्मपाल ने स्वयं व्यवस्थाओं की कमान संभाल रखी है। भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए सीसीटीवी कैमरों के साथ मंदिर का कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम भी प्रभावी ढंग से काम कर रहा है। इसके माध्यम से पूरे मेला क्षेत्र और मंदिर परिसर की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। मंदिर अधिकारी चतर सिंह रानौत और अकाउंट ऑफिसर मनीष भी श्रद्धालुओं की सुविधा और व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने के लिए लगातार मौके पर डटे हुए हैं।

श्री लक्ष्मी-नारायण मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

अनंत ज्ञान, बिलासपुर। श्रावण मास के चौथे सोमवार और नाग पंचमी के अवसर पर डियारा सेक्टर स्थित प्राचीन श्री लक्ष्मी-नारायण मंदिर के शिवालय में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही मंदिर में दर्शन के लिए कतारें लगी रहीं। भक्तों ने खन्नमुखेश्वर शिवलिंग पर जल चढ़ाकर विधिवत पूजा-अर्चना की। मंदिर न्यास के पुजारी पंडित बाबू राम शर्मा ने मंत्रोच्चारण के साथ श्रद्धालुओं की पूजा करवाई।

महर्षि मारकंड मंदिर में एसआईवीटी ने लगाया भंडारा

अनंत ज्ञान, बिलासपुर। श्रावण मास के चौथे सोमवार को दावीं घाटी स्थित महर्षि मारकंड मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने पवित्र जलस्रोत में स्नान कर महर्षि मारकंड जी के दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर में हवन-यज्ञ से माहौल भक्तिमय बना रहा। इस अवसर पर शिवम इंस्टीच्यूट फॉर वोकेशन ट्रेनिंग (एसआईवीटी) की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

वंदे मातरम् के अपमान के खिलाफ भाजयुमो का प्रदर्शन

- कृष्ण लाल चंदेल बोले- देश से माफी मांगें सोनिया गांधी और कांग्रेस का नेतृत्व

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। वंदे मातरम् के अपमान के विरोध में जिला भाजयुमो बिलासपुर के कार्यकर्ताओं ने बिलासपुर कांग्रेस कार्यालय के सामने धरना–प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता भाजयुमो जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी ने की, जबकि भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्ण लाल चंदेल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कृष्ण लाल चंदेल ने कांग्रेस नेतृत्व पर निशाना साधते हुए कहा कि वंदे मातरम् का सम्मान किसी राजनीतिक विचारधारा का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्र सम्मान से जुड़ा मुद्दा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेतृत्व के व्यवहार से देशवासियों की भावनाएं आहत हुई हैं और सोनिया गांधी सहित कांग्रेस नेतृत्व को देश से माफी मांगनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् स्वतंत्रता आंदोलन की राष्ट्रीय चेतना और देशभक्ति का प्रतीक रहा है। 1896 के कांग्रेस अधिवेशन में रवींद्रनाथ टैगोर ने इसका गायन किया था और स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान यह राष्ट्रीय उद्घोष बन गया था। भाजयुमो जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय सम्मान से जुड़े विषय पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व से वंदे मातरम् के अपमान को लेकर देश की जनता से माफी मांगने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने 'वंदे मातरम्', 'भारत माता की जय' और 'जय हिंद' के नारे लगाए। इस अवसर पर स्वदेश ठाकुर, सोनल शर्मा, नगर परिषद अध्यक्ष जमुना, विनोद ठाकुर, सुनील राणा सहित भाजपा और भाजयुमो के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

श्रमिक कल्याण बोर्ड ने जिले के 2324 लाभार्थियों को दी 9.62 करोड़ की मदद

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड ने जिला बिलासपुर में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत अब तक 9.62 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की है। बोर्ड के जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में कुल 49,156 श्रमिक पंजीकृत हैं, जिनमें से 2,324 लाभार्थियों को लाभान्वित किया जा चुका है। बोर्ड की प्रमुख योजनाओं में विवाह सहायता के तहत 968 पात्रों को लगभग 5 करोड़ रुपये, शिक्षा सहायता के तहत 503 लाभार्थियों को 1.48 करोड़ रुपये तथा वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत 560 श्रमिकों को 41.22 लाख रुपये की सहायता राशि वितरित की गई है।

इसके अलावा मृत्यु एवं अंतिम संस्कार सहायता योजना के तहत 116 लाभार्थियों को 2.41 करोड़, मातृत्व/पितृत्व लाभ के रूप में 52 परिवारों को 5.45 लाख, बेटी जन्म उपहार योजना के अंतर्गत 18 बेटियों को 9.18 लाख, चिकित्सा सहायता के तहत 63 लाभार्थियों को 6.15 लाख तथा आवास योजनाओं (मुख्यमंत्री आवास एवं विधवा आवास) के माध्यम से 8 परिवारों को 8.50 लाख की सहायता उपलब्ध करवाई गई है। उपायुक्त राहुल कुमार ने बताया कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में 2,569 नए श्रमिकों का पंजीकरण किया गया है। उन्होंने कहा कि बोर्ड द्वारा संचालित योजनाएं श्रमिकों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के साथ उनके परिवारों को सशक्त बनाने में भी सहायक सिद्ध हो रही हैं।

वायरल आवाज की तलाश में निकले डॉ. सुरेश को मिलीं 90 वर्षीय 'स्वर कोकिला' दियाली देवी

डॉ सुरेश शर्मा की टीम के साथ 'स्वर कोकिला' दियाली देवी और उनकी बेटी — अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। सोशल मीडिया पर वायरल एक बुजुर्ग महिला की सुरीली आवाज ने बिलासपुर के प्रतिष्ठित संगीतज्ञ एवं शोधकर्ता डॉ. सुरेश शर्मा को इतना प्रभावित किया कि वे इस अनमोल स्वर को ढूंढ़ने में जुट गए। उनकी मेहनत तब रंग लाई जब उन्होंने 90 वर्षीय दियाली देवी को मंडी जिले के सुंदरनगर स्थित उनकी बेटी आशा के घर खोज निकाला। डॉ. शर्मा ने अपनी टीम के साथ पहुंचकर इस 'स्वर कोकिला' को टोपी–शाल पहनाकर सम्मानित किया तथा आर्थिक सहयोग भी दिया।

दियाली देवी मंगला मुखी समुदाय से जुड़ी हैं—यह परंपरा भगवान शिव की बारात, भूत–गणों एवं ढोल–नगाड़े जैसे पारंपरिक वाद्ययंत्रों से जुड़ी समृद्ध विरासत है। डॉ. शर्मा के अनुसार, यह केवल एक व्यक्ति की गायकी नहीं, बल्कि हिमाचल की जीवंत सांस्कृतिक धरोहर है, जो आज भी गुमनामी में है। इस मौके पर डॉ. शर्मा ने सरकार से मांग की कि ऐसे पुश्तैनी पारंपरिक कलाकारों को 'धरोहर कलाकार' घोषित कर उन्हें नियमित आर्थिक सहायता दी जाए। साथ ही, उनकी कला का ऑडियो और डिजिटल दस्तावेजीकरण किया जाए, ताकि बढ़ती उम्र के साथ यह अनमोल विरासत लुप्त न हो और आने वाली पीढ़ियां इससे वंचित न रहें। डॉ. शर्मा की यह पहल इस बात की मिसाल है कि सोशल मीडिया पर वायरल होने वाली प्रतिभा को केवल क्षणिक चर्चा तक न रखकर उसकी जड़ों तक पहुंचा जाए तो गुमनाम कलाकारों को सच्चा सम्मान और पहचान मिल सकती है।

डॉ. सोनिया को जिला प्रशासन ने किया सम्मानित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। स्वतंत्रता दिवस के 80वें वर्ष पर हुए आयोजन में जिला प्रशासन, बिलासपुर ने राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की प्राणीशास्त्र की सहायक आचार्य डॉ. सोनिया राठौर को शैक्षणिक गतिविधियों, विद्यार्थी कल्याण एवं सामाजिक जागरूकता में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रशंसा-पत्र देकर सम्मानित किया। प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने उनकी ईमानदारी एवं कर्मठता की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने विशेष रूप से दो प्रमुख उपलब्धियाँ रेखांकित कीं–पहली, डॉ. राठौर के मार्गदर्शन में छात्रा मानसी शर्मा ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला में प्राणीशास्त्र में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरी, उनके प्रयासों से महाविद्यालय का रेड रिबन क्लब एचआईवी/एड्स जागरूकता में हिमाचल प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा, जिसके लिए उन्हें एचपीएसएसीएस व डीएपीओ बिलासपुर से भी सराहना मिली।

न्यूज ब्रीफ

चुराह के शुरनाला में पाकिस्तानी झंडा और गुब्बारे मिलने से लोगों में हड़कंप

अनंत ज्ञान, भरमौर। चुराह विधानसभा क्षेत्र की हिमगिरी पंचायत के शुरनाला में रविवार को पाकिस्तानी झंडा और 30 से अधिक गुब्बारे मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने झंडे और सभी गुब्बारों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि गुब्बारों पर 'दिल दिल पाकिस्तान' लिखा हुआ था। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि ये गुब्बारे और झंडा यहां कैसे पहुंचे और कहीं इन्हें जानबूझकर तो नहीं छोड़ा गया। इससे पहले डलहौजी क्षेत्र में भी पाकिस्तानी गुब्बारे मिलने का मामला सामने आ चुका है।

बदहाल पद्दर मैदान, खिलाड़ियों में भारी रोष

अनंत ज्ञान, बनीखेत। बनीखेत का ऐतिहासिक पद्दर मैदान इन दिनों बदहाली का शिकार है। भुरू नाग देवता मेले के समाप्त हुए करीब दो माह बीत चुके हैं, लेकिन मैदान अब तक खेल गतिविधियों के लिए तैयार नहीं हो पाया है। जगह-जगह गड्ढे, जलभराव और खड़े वाहनों से खिलाड़ियों को अभ्यास में परेशानी हो रही है। खिलाड़ियों ने प्रशासन से जल्द मैदान की मरम्मत करवाने और जलभराव की समस्या दूर करने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी कि जल्द कार्रवाई न हुई तो संबंधित कार्यालयों का घेराव किया जाएगा।

डीसी ने हरदासपुर, मुगला व करियां में जल निकासी व्यवस्था में सुधार के दिए निर्देश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा। उपायुक्त मुकेश रेप्सवाल की अध्यक्षता में आज राष्ट्रीय उच्च मार्ग-154ए के तहत मोहल्ला हरदासपुर, मुगला तथा करियां इत्यादि स्थानों पर जल निकासी व्यवस्था के उन्नयन एवं सुधार कार्यों को लेकर राष्ट्रीय उच्च मार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के स्थानीय अधिकारियों के साथ उपायुक्त कार्यालय कक्ष में बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त ने वर्तमान स्थिति की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को व्यवस्था सुधार को लेकर आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। मुकेश रेप्सवाल ने उपमंडलीय प्रशासन को राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा स्थलीय निरीक्षण करने को निर्देशित किया। साथ में उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जल निकासी नालियों के आसपास हुए अतिक्रमण एवं लोगों द्वारा रखी गई घर निर्माण सामग्री को तुरंत हटाया जाए। उपायुक्त के समक्ष राष्ट्रीय उच्च मार्ग प्राधिकरण के स्थानीय अधिकारियों ने इन क्षेत्रों में बेहतर जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए तैयार कार्ययोजना की जानकारी साझा की तथा मौके पर उत्पन्न हो रही विभिन्न समस्याओं से भी अवगत करवाया।सहायक आयुक्त मनमोहन सिंह, उपमंडलाधिकारी चंबा चिराग शर्मा, एनएचएआई के डीएम यशवंत सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण में सहयोग करें लोग

अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा। उपायुक्त मुकेश रेप्सवाल ने जिला वासियों से जुलाई से दिसंबर, 2026 तक आयोजित किए जा रहे आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण में पूर्ण सहयोग प्रदान करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय द्वारा भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार जिला चंबा के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में यह सर्वेक्षण करवाया जा रहा है, जिसके माध्यम से रोजगार, बेरोजगारी एवं श्रम बल से संबंधित विश्वसनीय आंकड़े एकत्रित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण दल चयनित परिवारों से ई-सिग्मा सॉफ्टवेयर के माध्यम से जानकारी एकत्रित करेंगे। उन्होंने लोगों से सर्वेक्षण टीमों को सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध करवाने तथा सर्वेक्षण के सुचारू संचालन में सहयोग देने का आग्रह किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि एकत्रित जानकारी गोपनीय रखी जाएगी और इसका उपयोग केवल सांख्यिकीय उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।

ग्रौंड़ी स्कूल में 111 बच्चे और पढ़ाने के लिए महज दो शिक्षक

अभिभावकों ने दी तालाबंदी की चेतावनी, बोले- बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ नहीं होगा बर्दाश्त

अनंत ज्ञान

गैहरा (चंबा)। शिक्षा खंड गैहरा के अंतर्गत सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी और बार-बार डेपुटेशन से शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। राजकीय प्राथमिक पाठशाला ग्रौंड़ी में 111 बच्चों पर केवल दो शिक्षक होने से अभिभावकों और ग्रामीणों में भारी रोष है। स्थिति उस समय और गंभीर हो जाती है, जब इन शिक्षकों में से किसी एक की बीएलओ, डेपुटेशन अथवा अन्य गैर-शैक्षणिक कार्यों में ड्यूटी लगा दी जाती है। ऐसे में स्कूल की पूरी शैक्षणिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि छात्र संख्या के लिहाज से ग्रौंड़ी स्कूल पूरे शिक्षा खंड गैहरा में दूसरे स्थान पर है, लेकिन इसके बावजूद यहां पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध नहीं करवाए जा रहे हैं। दो शिक्षकों में से एक के गैर-शैक्षणिक कार्य में व्यस्त होने पर एक ही शिक्षक को पांचों कक्षाओं के बच्चों को एक साथ पढ़ाने की मजबूरी बन जाती है। इससे न तो बच्चों को पर्याप्त समय मिल पा रहा है और न ही शिक्षा की गुणवत्ता बरकरार रह पा रही है। राजकीय प्राथमिक पाठशाला अलमी में भी शिक्षकों की कमी को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। अभिभावकों का आरोप है कि समस्या का स्थायी समाधान करने के बजाय शिक्षा विभाग एक स्कूल से दूसरे स्कूल में शिक्षक भेजकर अस्थायी व्यवस्था बनाने में जुटा है। ग्रामीणों ने मांग उठाई है कि यदि अलमी स्कूल के लिए तत्काल शिक्षक की व्यवस्था करनी है तो ग्रौंड़ी स्कूल से शिक्षक हटाने के बजाय संबंधित GSSS कंपलैक्स से शिक्षक की तैनाती की जाए, ताकि पहले से ही शिक्षकों की कमी झेल रहे।

डीसी को सौंपेंगे ज्ञापन, हड़ताल की भी दी चेतावनी

मामले को लेकर ग्रामीण जल्द ही उपायुक्त चंबा को ज्ञापन सौंपने की तैयारी में हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि शिक्षकों की कमी दूर करने और डेपुटेशन व्यवस्था को लेकर तत्काल कार्रवाई नहीं हुई तो स्कूलों के मुख्य द्वार पर तालाबंदी कर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी। ग्रामीणों की प्रमुख मांगों में ग्रौंड़ी और अलमी सहित अन्य स्कूलों में छात्र संख्या के अनुपात में स्थायी शिक्षकों की नियुक्ति, अलमी के लिए त्रस्स्स कंपलैक्स से शिक्षक की व्यवस्था, शिक्षकों को बीएलओ व अन्य गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्त करना तथा मनमाने डेपुटेशन पर रोक लगाना शामिल है। इस संबंध में पूजा देवी, वार्ड सदस्य ग्रौंड़ी, उतम चंद, पवन कुमार और सुभाष कुमार निवासी ग्रौंड़ी ने विभाग से तत्काल हस्तक्षेप कर बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने की मांग की है।

अधूरे पलाणी पुल पर जान जोखिम में डालकर लोग कर रहे आवाजाही

अनंत ज्ञान

भरमौर। जनजातीय क्षेत्र भरमौर की ग्राम पंचायत बडग्रां के पलाणी पुल से सामने आई तस्वीरों ने ग्रामीणों की मुश्किलों और प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अधूरा पड़ा पुल होने के बावजूद ग्रामीणों को तेज बहाव के बीच जान जोखिम में डालकर आवाजाही करनी पड़ रही है।

सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में ग्रामीणों को अधूरे लोहे के पुल से गुजरते हुए देखा जा सकता है। पुल के नीचे उफनता नाला और आसपास की खतरनाक परिस्थितियां किसी बड़े हादसे की आशंका को बढ़ा रही हैं। ऐसे में जरा-सी चूक लोगों की जान पर भारी पड़ सकती है। ग्रामीणों का कहना है कि पलाणी पुल उनके लिए रोजमर्रा की आवाजाही का महत्वपूर्ण साधन है। पुल निर्माण पूरा होने की उम्मीद में वर्षों बीत गए, लेकिन काम अब तक अधूरा है। ग्रामीणों के अनुसार वे इस समस्या को लेकर कई बार प्रशासन के समक्ष आवाज उठा चुके हैं और आंदोलन भी कर चुके हैं, बावजूद इसके स्थायी समाधान नहीं हुआ। एक स्थानीय युवा ने मौके की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया के माध्यम से साझा कर समस्या को सामने रखा है। ग्रामीणों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से पुल का निर्माण जल्द पूरा करवाने की मांग की है। उनका सवाल है कि क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। लोगों ने हादसा होने से पहले सुरक्षित आवाजाही की व्यवस्था करने की मांग की है।

बनीखेत-खैरी मार्ग पर भूस्खलन से सड़क क्षतिग्रस्त, फसल को नुकसान

अनंत ज्ञान

बनीखेत। चंबा जिले के बनीखेत-खैरी मुख्य मार्ग पर बड़ेरू के समीप सोमवार सुबह भारी भूस्खलन होने से यातायात प्रभावित हो गया। तड़के अचानक पहाड़ी दरकने से बड़ी-बड़ी चट्टानें और भारी मात्रा में मलबा सड़क पर आ गिरा। इसकी चपेट में आने से सड़क का एक हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। भूस्खलन इतना जबरदस्त था कि सड़क के आसपास का क्षेत्र मलबे और पत्थरों से भर गया। गनीमत रही कि घटना सुबह के समय हुई, जब मार्ग पर वाहनों और लोगों की आवाजाही कम थी। इसके चलते कोई जनहानि नहीं हुई। भूस्खलन का असर सड़क तक ही सीमित नहीं रहा। पहाड़ी से गिरे मलबे और चट्टानों की चपेट में आसपास के खेत भी आ गए, जिससे किसानों की खड़ी मक्के की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। इससे प्रभावित किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के कारण पहाड़ी से मलबा गिरने का खतरा बना हुआ है। ऐसे में मार्ग पर आवाजाही करने वाले लोगों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ गई है। प्रभावित किसानों और स्थानीय लोगों ने प्रशासन से भूस्खलन से हुए नुकसान का जल्द आकलन करवाने की मांग की है। साथ ही फसल नुकसान का उचित मुआवजा जल्द जारी करने की अपील की है।

किसान व मजदूर उठाएं जीवन सुरक्षा योजना का लाभ

अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा। कृषि विभाग की ओर से किसानों एवं खेतीहर मजदूरों के हितों और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना संचालित की जा रही है। योजना के तहत कृषि कार्य के दौरान दुर्घटना होने पर प्रभावित किसान और खेतीहर मजदूरों को आर्थिक सहायता प्रदान करने का प्रावधान है। कृषि उपनिदेशक चंबा भूपेंद्र सिंह ने बताया कि कृषि कार्य करते समय होने वाली दुर्घटनाओं में प्रभावित किसानों एवं मजदूरों को आर्थिक मदद उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से यह योजना चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग किसानों के हित में विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रहा है। उन्होंने किसानों से कृषि कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखने का आग्रह किया, ताकि दुर्घटनाओं से बचाव सुनिश्चित किया जा सके।

चिरचिंड पावर हाउस के पास ब्लास्टिंग से खतरा, कंपनी ने जताई चिंता

अनंत ज्ञान

भरमौर। चंबा-भरमौर राष्ट्रीय राजमार्ग-154ए पर चिरचिंड 5 मेगावॉट अंडरग्राउंड पावर हाउस के समीप हो रही कथित अनियंत्रित ब्लास्टिंग को लेकर चिरचिंड हाइड्रो पावर प्राइवेट लिमिटेड ने गंभीर चिंता जताई है। कंपनी ने पूनिया कंस्ट्रक्शन कंपनी के फाउंडिंग मैनेजिंग डायरेक्टर को पत्र भेजकर संवेदनशील क्षेत्र में ब्लास्टिंग तत्काल रोकने की मांग की है।

कंपनी के अनुसार सड़क निर्माण एवं विस्तार कार्य के दौरान पावर हाउस के भूमिगत कैवर्न से महज 12 से 15 मीटर की दूरी पर ब्लास्टिंग की जा रही थी। कंपनी का दावा है कि इससे पावर हाउस में कंपन महसूस हुई और कर्मचारियों, इलेक्ट्रो-मैकेनिकल उपकरणों तथा परियोजना संरचनाओं की सुरक्षा को खतरा पैदा हुआ। कंपनी ने नियंत्रित तकनीक अथवा डिमोलिशन हैमर से कार्य करवाने का आग्रह किया था। पत्र में कंपनी ने दावा किया कि ब्लास्टिंग के कारण स्टाफ शौचालय-बाथरूम ब्लॉक क्षतिग्रस्त हुआ, जिससे करीब चार लाख रुपये का नुकसान हुआ। टेल रेस टनल क्षेत्र में रखी स्टील पाइपें भी मलबे में दबने से प्रभावित होने की बात कही गई है। कंपनी के अनुसार ट्रांसमिशन लाइन टूटने से करीब एक दिन बिजली उत्पादन भी प्रभावित रहा, जिससे लगभग चार लाख रुपये का नुकसान हुआ। कंपनी ने चेतावनी दी है कि ब्लास्टिंग जारी रहने पर पावर हाउस, स्विचयार्ड और ट्रांसमिशन लाइन को गंभीर नुकसान हो सकता है तथा कुल नुकसान 20 करोड़ रुपये से अधिक पहुंच सकता है।

साथ ही कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई गई है। वहीं, पूनिया कंस्ट्रक्शन कंपनी के साइड इंजीनियर सोनू ने कहा कि फिलहाल कोई ब्लास्टिंग नहीं हो रही है। कंपनी प्रबंधन और परियोजना प्रबंधन के बीच बातचीत हो चुकी है। उन्होंने कहा कि उन्हें इस संबंध में कोई पत्र प्राप्त नहीं हुआ है।

चंडीगढ़ में शिवाश्री ऋतु 7 सितंबर को सुनाएंगी 'कथा मेरे महादेव की'

अनंत ज्ञान

चंडीगढ़। भारत की प्रसिद्ध एस्ट्रोलॉजर एवं शिव सूत्र प्रवक्ता शिवश्री ऋतु एक बार फिर अपने लोकप्रिय आध्यात्मिक आयोजन 'कथा मेरे महादेव की (द रिदम ऑफ शिवा)' के साथ श्रद्धालुओं के बीच चंडीगढ़ पहुंच रही हैं। इस भव्य शिव उत्सव का आयोजन 7 सितंबर 2026 को चंडीगढ़ के सेक्टर 21-C स्थित प्राचीन शिव मंदिर प्रांगण में किया जा रहा है।

यह आयोजन भगवान शिव की आराधना, आध्यात्मिक चिंतन और शिव तत्व के गहन ज्ञान को जन-जन तक पहुंचाने के साथ साथ महादेव शिव व ज्योतिष के आपसी संबध पर भी केंद्रित रहेगा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिवभक्तों के शामिल हो रहे हैं जिनके बीच शिवाश्री ऋतु अपने विशेष शिव सूत्र प्रवचनों के माध्यम से उन्हें आध्यात्मिक मार्गदर्शन देंगी। इस भव्य आयोजन से चंडीगढ़ की सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र की प्रमुख हस्तियां जुड़ी हैं। कार्यक्रम के मुख्य आयोजकों में सुमिता कोहली -प्रेसिडेंट एवं को फाउंडर द लास्ट बेंचर,अमिता मित्तल वाईस प्रेसिडेंट-भारत विकास परिषद ईस्ट 1, अंजू अग्रवाल-राम भंडारा समिति, आशा मलहोत्रा (संयोजक) शामिल हैं। इन महिला नेत्रियों ने बताया कि यह शिव महोत्सव केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि यह समाज में आध्यात्मिक जागरूकता, सकारात्मक ऊर्जा और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के प्रचार-प्रसार का भी एक महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा। चंडीगढ़ में आयोजित होने जा रहे इस समारोह को भव्य स्तर पर आयोजित किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार, कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। इस दौरान भगवान शिव की भक्ति, आध्यात्मिक प्रवचन और सामूहिक आराधना के माध्यम से भक्तों को एक दिव्य एवं आध्यात्मिक अनुभव प्रदान किया जाएगा।

शिवाश्री ऋतु का मानना है कि भगवान शिव का संदेश मानवता, आत्मज्ञान और आंतरिक शांति का मार्ग प्रशस्त करता है। इसी उद्देश्य के साथ 'कथा मेरे महादेव की' (द रिदम ऑफ शिवा) देश के विभिन्न शहरों में आयोजित किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोग भारतीय आध्यात्मिक परंपरा और शिव तत्व से जुड़ सकें।

'द कॉर्पोरेट हेल्थ प्रोटेक्शन पल्स-2026' रिपोर्ट में खुलासा

स्वास्थ्य सेवाओं की बढ़ती लागत बनी कॉर्पोरेट इंडिया की सबसे बड़ी चिंता

अनंत ज्ञान

लुधियाना। टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस कंपनी ने आज कॉर्पोरेट कर्मचारियों की बदलती स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं पर केंद्रित अपनी ताजा स्टडी—'द कॉर्पोरेट हेल्थ प्रोटेक्शन पल्स 2026' के निष्कर्ष साझा किए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, स्वास्थ्य सेवाओं पर होने वाला बढ़ता खर्च कॉर्पोरेट कर्मचारियों के लिए सबसे बड़ी वित्तीय चिंता बन चुका है। इस बढ़ते खर्च के दबाव ने नौकरी की सुरक्षा, ईएमआई के भुगतान और वैश्विक अस्थिरता जैसी अन्य प्रमुख चिंताओं को भी पीछे छोड़ दिया है। 94% लोगों का मानना है कि अचानक आने वाले मेडिकल खर्च उनके वित्तीय तनाव का सबसे बड़ा कारण हैं। 10 में से लगभग 7 लोग नौकरी जाने की स्थिति में सिर्फ 6 महीने या उससे कम समय तक ही अपना खर्च चला सकते हैं। 84% लोग कंपनी के बीमा के अलावा

नौकरी की सुरक्षा और ईएमआई को छोड़ा पीछे

अलग से हेल्थ कवर को जरूरी मानते हैं, इसके बावजूद लगभग आधे लोगों के पास कंपनी से मिलने वाले ग्रुप मेडिकल कवर (जीएमसी) के अलावा खुद की कोई पर्सनल पॉलिसी नहीं है। जागरूकता की कमी और 'बाद में खरीदेंगे' वाला रवैया ही पर्सनल हेल्थ इंश्योरेंस न खरीदने के सबसे बड़े कारण हैं। इस स्टडी पर अपने विचार साझा करते हुए टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस के रिटेल-हेल्थ अंडरराइटिंग हेड, डॉ. संतोष पुरी ने कहा, 'इस स्टडी को करने का हमारा उद्देश्य यह बेहतर ढंग से समझना था कि कॉर्पोरेट कर्मचारी कंपनी की तरफ से मिलने वाले हेल्थ इंश्योरेंस को कैसे देखते हैं। साथ ही, हम जागरूकता और तैयारियों के स्तर पर मौजूद कमियों की पहचान करना चाहते थे। इसमें कोई शक नहीं है कि ग्रुप मेडिकल कवर कर्मचारियों की भलाई और सुरक्षा का एक मजबूत स्तंभ है, लेकिन इस स्टडी के नतीजे बताते हैं कि कई लोग अब भी इस बात को लेकर आश्वस्त नहीं हैं कि उनकी पॉलिसी में क्या-क्या कवर है। वे इस बात को लेकर भी असमंजस में हैं कि कोई मेडिकल इमरजेंसी आने या नौकरी बदलने के दौरान यह कवर उनके लिए काफी होगा या नहीं। स्वास्थ्य सेवाओं के बढ़ते खर्च को देखते हुए हमारा मानना है कि आने वाले समय में जागरूकता और वित्तीय रूप से तैयार रहना बेहद जरूरी हो जाएगा। हमें उम्मीद है कि इन नतीजों से कर्मचारी अपनी स्वास्थ्य सुरक्षा से जुड़े सही फैसले लेने के लिए प्रेरित होंगे। साथ ही, कामकाजी वर्ग को आर्थिक रूप से अधिक सुरक्षित बनाने के लिए कंपनियों, बीमा प्रदाताओं और पॉलिसीमेकर्स के बीच आपसी सहयोग को बढ़ावा मिलेगा।'

नागपंचमी पर प्रवीण शर्मा टीटू ने लगाया खीर व मालपुड़े का लंगर

अनंत ज्ञान

चंडीगढ़। नागपंचमी और सावन माह के तीसरे सोमवार के शुभ अवसर पर सेक्टर 37 स्थित परशुराम भवन के सामने खीर और मालपुड़े और आलू की सब्ज़ी का लंगर लगाया गया। लंगर प्रसाद का यह आयोजन भगवान शिव के अनन्य भक्त और समाजसेवी प्रवीण शर्मा टीटू और उनके परिवार की तरफ से लगाया गया था। लंगर प्रसाद वितरण से पहले प्रवीण शर्मा टीटू और उनके परिवार द्वारा भगवान शिव की पूजा अर्चना करने और प्रसाद का भोग लगाने के बाद भक्तों में बांटा गया। चंडीगढ़ कांग्रेस प्रेसिडेंट हरमोहिंदर सिंह लक्की भी इस अवसर पर भी विशेष रूप से उपस्थित थे, उन्होंने भी लंगर प्रसाद वितरण में सेवा निभाई। लोगों ने भी लंगर प्रसाद श्रद्धाभाव से ग्रहण किया और हर हर महादेव के जयकारे भी लगाए। इस अवसर पर पारिवारिक सदस्यों श्रीमती संगीता शर्मा,प्रवेश क़ुर्ल, श्रेया आहलूवालिया, समीर गुप्ता, दीप्ति शर्मा, कांग्रेस नेता अच्छे लाल और विक्टर सिद्धू सहित वेंकटेशन ने भी लंगर सेवा में योगदान दिया।

समाजसेवी प्रवीण शर्मा टीटू ने बताया कि पवित्र सावन माह चल रहा है। आज तीसरे सोमवार के दिन नाग पंचमी का भी संयोग बना है। इसी पावन अवसर पर आज प्रभु भक्तों के लिए लंगर प्रसाद का आयोजन किया गया। आज श्रद्धा के साथ खीर- मालपुड़े और आलू की सब्ज़ी का लंगर व प्रसाद बांटा गया है, जो सावन महीने का एक पारंपरिक और लोकप्रिय प्रसाद है।

एचडीएफसी ने फ्रॉड अवेयरनेस के लिए 'विजिल आंटी सेज-लेजीनेस सेव्स' कैंपेन किया लांच

अनंत ज्ञान

चंडीगढ़/लुधियाना/जालंधर/अमृत सर। देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस के जश्न के बीच भारत के लीडिंग प्राइवेट सेक्टर बैंक, एचडीएफसी बैंक ने आज 'विजिल आंटी सेज़ - लेज़ीनेस सेव्स' नाम का एक फ्रॉड अवेयरनेस कैंपेन लॉन्च करने की घोषणा की है। यह कैंपेन ग्राहकों को डिजिटल ट्रांज़ैक्शन करते समय बिना सोचे-समझे फैसले लेने से पहले रुकने के लिए बढ़ावा देने के लिए बनाया गया है। यह कैंपेन भारत के कुछ सबसे मशहूर स्टैंड-अप कॉमेडियन के साथ-साथ डिजिटल फ्रॉड पर बैंक की सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर विजिल आंटी को एक ज़रूरी मैसेज 'जब फ्रॉड की बात आती है, तो थोड़ा रुकना असल में आपको बचा सकता है 'देने के लिए एक साथ लाता है। एचडीएफसी बैंक के मुख्य विपणन अधिकारी और समूह प्रमुख श्री रवि संथानम ने कहा, 'धोखाधड़ी करने वाले लोगों को त्वरित गलतियां करने के लिए घबराहट और जल्दबाजी का इस्तेमाल करते हैं। 'विजिल आंटी कहती है 'आलस्य बचाता है' का इरादा दर्शकों से उनकी पसंदीदा कॉमेडी भाषा में बात करना है। भारत के शीर्ष स्टैंड-अप कॉमेडियन और विजिल आंटी धोखेबाजों द्वारा उपयोग किए जाने वाले तौर-तरीकों के बारे में जागरूकता फैलाएंगे। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लेनदेन करते समय सतर्क रहने का संदेश साझा करने के लिए व्यापक दर्शकों तक पहुंचने के इस प्रयास में जियोहॉटस्टार के नेटवर्क का लाभ उठाने पर हमें प्रसन्नता हो रही है।' सात-एपिसोड का कॉमेडी स्पेशल 'विजिल आंटी सेज़- लेज़ीनेस सेव्स' 15 अगस्त, 2026 से जियोहॉटस्टार पर विशेष रूप से स्ट्रीम होना शुरू होगा। यह अभियान सभी प्रकार की डिजिटल धोखाधड़ी में एक सामान्य घटना को संबोधित करता है, धोखेबाज़ जल्दबाजी में फलते-फूलते हैं। चाहे वह एक फर्जी ओटीपी अनुरोध हो, एक फ़िशिंग लिंक हो, या डिजिटल गिरफ्तारी धोखाधड़ी हो, वे चाहते हैं कि लोग तुरंत प्रतिक्रिया दें। 'विजिल आंटी सेज़- लेज़ीनेस सेव्स' का उद्देश्य पूरे देश में सरल धोखाधड़ी रोकथाम आदतों को फैलाना और लोगों को जल्दबाजी में प्रतिक्रिया करने से पहले रुकने के लिए प्रोत्साहित करना है। यह एक संदिग्ध अनुरोध का सामना करने पर 'कुछ नहीं करने' को सबसे चतुर चाल के रूप में रखता है।

सुखबीर पर हमले को हरसिमरत ने बताया सुनियोजित साजिश

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। शिरोमणि अकाली दल की सांसद हरसिमरत कौर बादल ने अपने पति और पार्टी नेता सुखबीर सिंह बादल पर हुए हमले को राजनीतिक साजिश करार दिया है। उन्होंने कहा कि पिछले 48 घंटे परिवार के लिए बेहद कठिन रहे हैं, लेकिन इस घटना से उनका हौसला नहीं टूटा है। उन्होंने कहा कि जितना उन्हें तोड़ने की कोशिश की जाएगी, वे उतने ही मजबूत होकर उभरेंगे। खन्ना जिले के इसरू गांव में गोवा मुक्ति आंदोलन के शहीद करनैल सिंह इसरू की स्मृति में आयोजित सम्मेलन में हरसिमरत ने कहा कि सुखबीर बादल को कार्यक्रम में शामिल होना था, लेकिन हमले के कारण वह नहीं पहुंच सके। उन्होंने कहा कि सुखबीर पर उस समय हमला हुआ, जब वह पंजाब में शांति और खुशहाली की प्रार्थना कर रहे थे। सुखबीर बादल पर गुरुवार को महाराष्ट्र के नांदेड़ स्थित गुरुद्वारे में प्रार्थना के दौरान एक निहंग ने कृपाण से हमला किया था। उनके दाहिने हाथ पर चोट लगी थी। पुलिस ने हमलावर को मौके से गिरफ्तार कर लिया था। हरसिमरत ने आरोप लगाया कि सुखबीर पर दो वर्षों में यह दूसरा हमला है और इसके पीछे राजनीतिक साजिश हो सकती है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2015 से पंजाब में शांति भंग करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने हमलावर की कार्रवाई की निंदा करते हुए कहा कि गुरु के स्थान पर ऐसी घटना को अंजाम देने वाला व्यक्ति सच्ची सिख भावना का प्रतिनिधित्व नहीं करता।

उत्कृष्ट कार्यों के लिए सचिन सिंगला सम्मानित

चंडीगढ़ में सहायक जनसंपर्क अधिकारी के रूप में दे रहे सेवाएं

अनंत ज्ञान

राकेश मलकानिया, चंडीगढ़। जनसंपर्क विभाग चंडीगढ़ में सहायक जनसंपर्क अधिकारी के रूप में कार्यरत सचिन सिंगला को जनसंपर्क क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं, पेशेवर दक्षता, कार्य के प्रति प्रतिबद्धता और कर्तव्यनिष्ठा के लिए प्रशंसा प्रमाण-पत्र से सम्मानित किया गया। वर्ष 2018 से जनसंपर्क विभाग से जुड़े सचिन सिंगला ने पिछले कई वर्षों के दौरान विभागीय कार्यों को प्रभावी ढंग से निभाते हुए मीडिया और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सचिन सिंगला विभाग में प्रेस विज्ञप्तियों को तैयार करने और उनके प्रसार से लेकर विभिन्न महत्वपूर्ण सरकारी कार्यक्रमों की मीडिया कवरेज से संबंधित कार्यों को संभालते रहे हैं। इसके अलावा अधिकारियों एवं वरिष्ठ प्रशासनिक पदाधिकारियों के भाषणों की तैयारी, प्रेस कॉन्फ्रेंस के आयोजन एवं समन्वय तथा मीडिया प्रतिनिधियों के साथ आवश्यक संपर्क बनाए रखने की जिम्मेदारी भी वह लगातार निभाते आ रहे हैं। विभिन्न वी.आई.पी. दौरों के दौरान भी सिंगला ने मीडिया समन्वय से संबंधित जिम्मेदारियों को कुशलतापूर्वक पूरा किया है। महत्वपूर्ण सरकारी एवं प्रशासनिक कार्यक्रमों के दौरान प्रेस प्रतिनिधियों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध करवाने, कार्यक्रमों के सुचारू मीडिया प्रबंधन और विभागीय सूचनाओं को समय पर पहुंचाने में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार, जनसंपर्क जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में समयबद्धता, सटीकता, बेहतर संचार कौशल और विभिन्न पक्षों के साथ प्रभावी समन्वय बेहद आवश्यक होता है। सिंगला ने इन सभी जिम्मेदारियों को पूरी पेशेवर दक्षता और समर्पण के साथ निभाया है। उनके कार्य में जिम्मेदारी की भावना और बदलती मीडिया आवश्यकताओं के अनुरूप कार्य करने की क्षमता भी विशेष रूप से देखने को मिली है। वर्ष 2018 से अब तक की उनकी सेवाओं के दौरान उन्होंने विभाग के विभिन्न कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई और सरकारी योजनाओं, नीतियों तथा प्रशासनिक गतिविधियों से संबंधित सूचनाओं को मीडिया तक पहुंचाने की प्रक्रिया में सहयोग दिया। उनके निरंतर और समर्पित योगदान को मान्यता देते हुए उन्हें प्रशंसा प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। यह प्रशंसा प्रमाण-पत्र सचिन सिंगला की पेशेवर कार्यक्षमता, उत्कृष्ट सेवा और कर्तव्य के प्रति समर्पण की सराहना के रूप में दिया गया है। उनके इस सम्मान को जनसंपर्क विभाग में उनके अब तक के योगदान और जिम्मेदारियों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की महत्वपूर्ण मान्यता के रूप में देखा जा रहा है।

एंड्रिया बोटेज का खूबसूरत अंदाज

कनाडा। एंड्रिया बोटेज एक कनाडाई शतरंज खिलाड़ी, कंटेंट क्रिएटर, डीजे और ट्विच स्ट्रीमर हैं। वह चैंपियन शतरंज खिलाड़ी एलेक्जेंड्रा बोटेज की बहन भी हैं। वह अपनी खेल के साथ अपनी खूबसूरती के लिए भी दुनियाभर में मशहूर हैं।

गॉल टेस्ट में भारत को 178 रन की बढ़त

श्रीलंका 284 रन पर ऑलआउट; सोनल दिनूषा ने बनाए 100 रन, जडेजा के 350 विकेट पूरे

एजेंसी, कोलंबो

गॉल टेस्ट के तीसरे दिन श्रीलंका की पहली पारी 284 रन पर सिमट गई। इसके साथ ही भारत को पहली पारी में 178 रन की बढ़त मिल गई। भारत ने पहली पारी में 462 रन बनाए थे। खराब रोशनी के चलते दिन का खेल समय से पहले खत्म कर दिया गया। श्रीलंका से सोनल दिनूषा ने 100 रन की पारी खेली। उन्होंने 4 चौके और 2 छक्के लगाए। निरोशन डिकवेला ने 80 रन बनाए। दोनों ने छठे विकेट के लिए 146 रन की साझेदारी की।

जडेजा ने तीन, कुलदीप और सिराज ने लिया 1-1 विकेट

भारत की ओर से मानव सुथार ने 4 विकेट लिए। गॉल टेस्ट के तीसरे दिन भारत के ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को 3 विकेट मिले। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में अपने 350 विकेट भी पूरे किए। रवींद्र जडेजा ने टेस्ट क्रिकेट में 350 विकेट पूरे कर लिए हैं। उन्होंने गॉल टेस्ट के तीसरे दिन 66.4 ओवर में केशरा नुवानथा को 2 रन पर आउट कर यह उपलब्धि हासिल की। नुवानथा ने जडेजा की टर्न लेती गेंद पर शॉट खेला, लेकिन गेंद शॉर्ट लेग के पास खड़े खिलाड़ी से लगकर हवा में उछल गई। शुभमन गिल ने पीछे की ओर दौड़ते हुए कैच लपक लिया। कुलदीप यादव और मोहम्मद सिराज ने 1-1 विकेट लिया। इससे पहले भारत ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी थी। देवदत्त पडिक्कल ने 167 रन की पारी खेली। केएल राहुल ने 82 और ध्रुव जुरेल ने 51 रन बनाए। (अनंत ज्ञान)

डिकवेला-सोनल की दमदार साझेदारी

लगातार झटकों के बाद सोनल दिनुशा और निरोशन डिकवेला ने श्रीलंकाई पारी को संभाला। इन दोनों बल्लेबाजों ने छठे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी की और दूसरे सत्र में भारतीय गेंदबाजों को विकेट के लिए तरसा दिया। श्रीलंका ने एक समय 90 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे, लेकिन सोनल और डिकवेला ने शानदार साझेदारी कर भारत को विकेट के लिए तरसा दिया और चायकाल तक भारत को और सफलता हासिल नहीं करने दी। चाय ब्रेक के बाद आखिरकार प्रसिद्ध कृष्णा निरोशन डिकवेला और सोनल दिनुषा की साझेदारी को तोड़ने में कामयाब रहे। प्रसिद्ध कृष्णा ने डिकवेला को विकेटकीपर पंत के हाथों कैच कराया। डिकवेला ने 115 गेंद में सात चौके की मदद से 80 रन की पारी खेली। उन्होंने सोनल के साथ छठे विकेट के लिए 146 रन की साझेदारी निभाई।

एशियाई खेलें : भारत ने 36 खेलों में 504 प्लेयर्स की मांगी मंजूरी

एजेंसी, नई दिल्ली। एशियाई खेलों में इस बार पिछली बार के मुकाबले भारत का दल छोटा रहेगा। हांगझोउ एशियाड में भारत ने 40 खेलों में 661 सदस्यीय दल उतारा था, लेकिन इस बार भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने 36 खेलों में 504 खिलाड़ियों को उतारने की सरकार से मंजूरी मांगी है। इनमें 275 पुरुष और 229 महिला खिलाड़ी शामिल हैं।

खेल मंत्रालय की मंजूरी के बाद भारतीय दल की संख्या या तो और कम हो सकती है या फिर इसमें मामूली बढ़ोतरी होगी। 504 खिलाड़ियों के साथ 167 कोचिंग और सपोर्ट स्टाफ के अलावा 68 अतिरिक्त टीम ऑफिशियल्स की मंजूरी मांगी गई है। क्रिकेट के कद को देखते हुए पिछले एशियाड में स्वर्ण जीतने वाली पुरुष और महिला टीम के साथ सबसे बड़ा सपोर्ट स्टाफ दल जोड़ा जा रहा है। बीसीसीआई ने पुरुषों के लिए 15 और महिलाओं की 15 सदस्यीय टीम के साथ 10-10 का सपोर्ट स्टाफ भेजने का फैसला लिया है। वहीं, पिछले एशियाड में देश को सर्वाधिक सात स्वर्ण समेत 22 पदक दिलाने वाली शूटिंग टीम भी 30 सदस्यीय है, लेकिन उसके लिए 15 सदस्यीय सपोर्ट स्टाफ की मांग की गई है। (अनंत ज्ञान)

स्पोर्ट्स विंडो

न्यूजीलैंड के घरेलू क्रिकेट सत्र की 28 अक्तूबर से होगी शुरुआत

एजेंयसी, वेलिंगटन। न्यूजीलैंड के 2026-27 घरेलू क्रिकेट सत्र की शुरुआत 28 अक्तूबर से फोर्ड ट्रॉफी के मुकाबले के साथ होगी। गत चैंपियन सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स अपने अभियान की शुरुआत नेल्सन के सेक्स्टन ओवल में नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के खिलाफ करेगा। फोर्ड ट्रॉफी के पहले दौर में ऑकलैंड का सामना कैंटरबरी से, जबकि वेलिंगटन की भिड़ंत ओटागो से होगी। दस दौर की पुरुष एकदिवसीय प्रतियोगिता पिछले कुछ सत्रों की तरह ही आयोजित की जाएगी। इसके शुरुआती पांच दौर अक्टूबर और नवंबर में खेले जाएंगे। इसके बाद प्लंकेट शील्ड और सुपर स्मैश के लिए प्रतियोगिता में विराम होगा। फोर्ड ट्रॉफी फरवरी में फिर शुरू होगी और इसके बाद फाइनल्स वीकेंड का आयोजन किया जाएगा। महिला घरेलू सत्र की शुरुआत 14 नवंबर से होगी। गत चैंपियन नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स पामर्स्टन नॉर्थ के फिट्जहर्बर्ट पार्क में सेंट्रल हिंड्स के खिलाफ हेलीबर्टन जॉनस्टोन शील्ड में अपने खिताब का बचाव शुरू करेगा। पुरुष और महिला दोनों प्रतियोगिताओं के दौरान कुल 14 मैदानों पर मुकाबले खेले जाएंगे। ऑकलैंड का कॉलिन मेडन पार्क भी 2023 के बाद घरेलू कार्यक्रम में वापसी करेगा। मैदान के पुनर्विकास के बाद यहां फिर से मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

यूरोपीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में एमी हंट ने बनाया नया रिकॉर्ड

एजेंसी, बर्मिंघम। ब्रिटेन की एमी हंट ने रविवार को यूरोपीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026 में एक संस्करण में चार स्वर्ण पदक जीतकर नया रिकॉर्ड बनाया। वहीं, स्वीडन के स्टार पोल वॉल्टर आर्मंड 'मोंडो' डुप्लांटिस ने लगातार चौथी बार यूरोपीय चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। हंट ने मिश्रित 4|100 मीटर रिले में ब्रिटेन को स्वर्ण दिलाया। जेरेमिया अज़ू, दीना एशर-स्मिथ, झार्नेल ह्यूज और हंट की टीम ने 39.97 सेकंड के समय के साथ पहला स्थान हासिल किया। जर्मनी 40.11 सेकंड के साथ दूसरे और स्पेन 40.42 सेकंड के साथ तीसरे स्थान पर रहा। हंट इससे पहले 100 और 200 मीटर के व्यक्तिगत खिताब के अलावा शनिवार को महिला 4|100 मीटर रिले का स्वर्ण भी जीत चुकी थीं। एंकर लेग में उन्होंने जर्मनी की जीना लुकेंकेम्पर को पीछे छोड़ते हुए ब्रिटेन को जीत दिलाई। हंट ने कहा, 'मैं बेहद खुश हूं। खेल में अपने कुछ सबसे अच्छे दोस्तों के साथ इसे खत्म करना अविश्वसनीय है। हमने यह सब मिलकर किया और यह शानदार एहसास है।' (अनंत ज्ञान)

महिला हॉकी विश्व कप में भारतीय टीम ने ड्रॉ से किया आगाज

एजेंसी, एम्सटलवीन। भारतीय महिला हॉकी टीम ने हॉकी वर्ल्ड कप में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता चीन को 2-2 की बराबरी पर रोक दिया। पूल डी के इस मुकाबले में भारत ने पहले हाफ तक 2-1 की बढ़त बना ली थी, लेकिन चीन ने तीसरे क्वार्टर में बराबरी हासिल कर ली। भारत के लिए नवनीत कौर ने आठवें मिनट में फील्ड गोल किया, जबकि दीपिका ने 26वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर टीम को बढ़त दिलाई। चीन की ओर से झांग यिंग ने 14वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल किया और मा निंग ने 39वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के जरिए बराबरी का गोल दागा। भारत ने मुकाबले की शुरुआत आक्रामक अंदाज में की। भारत अब 18 अगस्त को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना अगला पूल मुकाबला खेलेगा। दिन के एक अन्य मैच में इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका को 4-0 से हराया। (अनंत ज्ञान)

बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारत ने जीत से की शुरुआत

हरिहरन और अर्जुन की जोड़ी अगले राउंड में पहुंची

एजेंसी, नई दिल्ली

बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारत ने जीत के साथ शुरुआत की है। नई दिल्ली में मेंस डबल्स के पहले राउंड में हरिहरन अम्साकरुणन और एमआर अर्जुन की जोड़ी ने आयरलैंड के स्कॉट गिल्डिया और पॉल रेनॉल्ड्स को हरा दिया।

2026 वर्ल्ड चैंपियनशिप का आयोजन नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में हो रहा है। यह चैंपियनशिप 17 से 23 अगस्त तक चलेगी। भारत ने आखिरी बार 2009 में इस टूर्नामेंट की मेजबानी की थी। (अनंत ज्ञान)

भारत में 17 साल के बाद हो रही वर्ल्ड चैंपियनशिप

आयरलैंड की जोड़ी मैच से हटी

भारतीय जोड़ी ने पहला गेम 21-16 से अपने नाम किया। दूसरे गेम में भी भारतीय जोड़ी 6-4 से आगे थी, तभी आयरलैंड की जोड़ी ने चोट की वजह से मैच से हटने का फैसला किया। आयरलैंड की जोड़ी मैच के दौरान चोटिल होने के कारण मैच से हट गई। आयरलैंड की जोड़ी मैच के दौरान चोटिल होने के कारण मैच से हट गई।

आयुष शेट्टी के सामने पहले राउंड में ही डिफेंडिंग चैंपियन

भारत के आयुष शेट्टी को पहले ही राउंड में बड़ा मुकाबला खेलना है। उनका सामना चीन के टॉप सीड और डिफेंडिंग चैंपियन शी यू ची से होगा। दोनों खिलाड़ियों के बीच अब तक 3 मुकाबले हुए हैं और तीनों में भारतीय खिलाड़ी को हार मिली है।

मैनचेस्टर सुपर जायंट्स पहली बार बना द हंड्रेड चैंपियन

एजेंसी, लंदन। लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर मैनचेस्टर सुपर जायंट्स (पूर्व में मैनचेस्टर ओरिजिनल्स) ने आखिरकार अपने तीसरे प्रयास में खिताब जीत ही लिया। टिम सेफर्ट की तूफानी 72 रन की पारी के दम पर सुपर जायंट्स ने फाइनल में शीर्ष पर रहने वाली ट्रेंट रॉकेट्स को पांच विकेट से हराकर पहली बार पुरुष द हंड्रेड का खिताब अपने नाम किया। इस जीत के साथ मैनचेस्टर सुपर जायंट्स ने फाइनल में मिली पिछली दो हार का हिसाब भी चुकता कर दिया। टीम 2022 में ट्रेंट रॉकेट्स और 2023 में ओवल इनविंसिबल्स से फाइनल में हार गई थी। मैनचेस्टर सुपर जायंट्स के सामने 159 रन का लक्ष्य था। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सुपर जायंट्स को टिम सेफर्ट ने शुरुआत से ही आक्रामक अंदाज दिया। सेफर्ट ने महज 23 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया और 38 गेंदों में सात छक्कों की मदद से 72 रन बनाकर टीम की जीत की नींव रखी। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (एमवीपी) भी चुना गया। उन्होंने टूर्नामेंट में कुल 394 रन बनाए। (अनंत ज्ञान)

ट्रेंट रॉकेट्स को 5 विकेट से हराया

रोनाल्डो और जॉर्जिना की शादी की पहली झलक आई सामने

फैशन मैगजीन वोग ने जारी की दोनों की शादी की तस्वीरें

एजेंसी, कास्केस

क्रिस्टियानो रोनाल्डो और जॉर्जिना रोड्रिगेज की शादी आखिरकार दुनिया के सामने आ गई है। लंबे समय से अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में रहने वाले इस कपल ने बेहद सादगी से शादी की थी। अब फैशन मैगजीन वोग ने उनकी शादी की पहली तस्वीरें जारी की हैं, जिनमें इस खास दिन की कई झलकियां देखने को मिली हैं।

रोनाल्डो और जॉर्जिना ने 11 अगस्त को पुर्तगाल के कास्केस स्थित अपने घर में शादी की। समारोह में उनके पांच बच्चे और सिर्फ चार गवाह मौजूद रहे। इसी दौरान रोनाल्डो ने अपने फुटबॉल करियर के भविष्य और संभावित संन्यास को लेकर भी बड़ा संकेत दिया। खास बात यह रही कि यह तारीख उनके पहली बार मिलने की 10वीं सालगिरह भी थी। दोनों की पहली मुलाकात मैड्रिड के एक गुच्ची स्टोर में हुई थी, जहां उस समय जॉर्जिना सेल्स असिस्टेंट के तौर पर काम करती थीं।

जॉर्जिना ने मैगजीन वोग को बताया कि बचपन में वह अपनी शादी को बेहद भव्य तरीके से देखती थीं। हालांकि, समय के साथ उनकी सोच बदल गई। उन्होंने कहा, 'जब मैं छोटी थी, तो मैं सबसे बड़े महल, सबसे शानदार बग्घी, सबसे लंबी ड्रेस और हीरों से भरे मुकुट का सपना देखती थी।' उन्होंने आगे कहा, 'अब मैं कहती हूं- नहीं। मैं अपने पार्टनर और बच्चों के साथ घर पर कुछ निजी और अंतरंग चाहती हूं। क्योंकि महल, घर, द्वीप, घोड़े और कारें हमारे पास हर दिन हैं। लेकिन कुछ निजी और अंतरंग होना हमारे लिए बहुत दुर्लभ है।' (अनंत ज्ञान)

अमेरिकी सैनिकों को मारने पर 28 लाख का इनाम : ईरान

ईरानी सेना बोली-महिला को इनाम दोगुना, मारने वाला हथियार खरीदकर म्यूजियम में रखेंगे

एजेंसी, तेहरान

ईरानी सेना ने ऐलान किया है कि किसी अमेरिकी सैनिक को मारने या पकड़ने वाले व्यक्ति को 30 हजार डॉलर (करीब 28 लाख रुपए) का इनाम दिया जाएगा। अगर यह काम कोई महिला करती है तो इनाम की रकम दोगुनी यानी 60 हजार डॉलर कर दी जाएगी। ईरानी सेना के कमांडर-इन-चीफ अमीर हातमी ने तेहरान में कहा कि यह योजना कई मांगों के बाद बनाई गई है। यह उन लोगों के लिए है, जो फाइनेंशियल जिहाद के जरिए देश के युद्ध प्रयासों में आर्थिक रूप से मदद करना चाहते हैं। (अनंत ज्ञान)

अमेरिकी सेना को पीछे हटने पर मजबूर किया : हातमी

कमांडर-इन-चीफ हातमी ने कहा कि इस संघर्ष ने अमेरिका के सैन्य दबदबे को कमजोर किया है। साथ ही कई देशों को अपनी सुरक्षा के लिए दूसरे विकल्प तलाशने पर मजबूर किया है। हातमी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान की भी आलोचना की, जिसमें उन्होंने ईरान की हार के बाद होर्मुज स्ट्रेट को अमेरिका का क्षेत्र घोषित करने की बात कही थी। द यरुशलम पोस्ट के मुताबिक हातमी ने दावा किया कि ईरान ने अमेरिकी सेना को प्रभावी रूप से पीछे हटने पर मजबूर किया है। अब उसे फारस की खाड़ी, ओमान सागर या होर्मुज स्ट्रेट में प्रवेश की अनुमति नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को न्यूयॉर्क में कहा था कि ईरान को हराने के बाद वह होर्मुज स्ट्रेट को अमेरिका का इलाका घोषित करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को न्यूयॉर्क में कहा था कि ईरान को हराने के बाद वह होर्मुज स्ट्रेट को अमेरिका का इलाका घोषित करेंगे।

कतर ने हमारे 3 पायलटों को 5 महीने से कैद कर रखा

ईरान ने आरोप लगाया है कि कतर ने उसके तीन पायलटों को 2 मार्च से कैद कर रखा है। ईरान के मुताबिक, उस दिन अमेरिका और इजराइल के साथ युद्ध के शुरुआती दिनों में उनके एसयू-24 विमान कतर की एयर डिफेंस की चपेट में आए थे। पायलट पैराशूट से नीचे उतरे और जिंदा बच गए, लेकिन इसके बाद कतर के अधिकारियों ने उन्हें पकड़ लिया। यह दावा ईरानी सेना में लापता लोगों की तलाश करने वाली समिति के प्रमुख जनरल सैयद मोहम्मद बाघेरजादेह ने रेड क्रॉस को लिखे पत्र में किया है। बाघेरजादेह ने जिन पायलटों के नाम बताए, उनमें जवाद सालेही, अब्दुलमजीद दश्तियान और उमरान बेहरावेशियन शामिल हैं।

कतर ने ईरान के आरोप किए खारिज

कतर के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजेद अल-अंसारी ने ईरान के आरोप को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि कतर ने किसी भी ईरानी पायलट को हिरासत में नहीं लिया है। उनके मुताबिक, ईरानी विमानों ने कतर के हवाई क्षेत्र में प्रवेश किया था। कतर ने पायलटों से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन जवाब नहीं मिला। इसके बाद अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अपनी सीमा की रक्षा के लिए कार्रवाई की गई। कतर ने मार्च की शुरुआत में ही कहा था कि उसकी वायुसेना ने दो ईरानी स्ह्व-24 विमानों को मार गिराया है। कतर का कहना है कि इसके बाद उसके खोज और बचाव दलों ने पायलटों की तलाश की। एक पायलट का शव मिलने पर उसे ईरान को सौंपने के लिए संपर्क किया गया था।

तमिलनाडु में किसानों का 75 हजार रुपए तक का कर्ज माफ

एजेंसी, चेन्नई

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी विजय जोसेफ ने सोमवार को राज्य विधानसभा में फसल कर्ज माफी योजना का दायरा बढ़ाने का ऐलान किया। इसके साथ ही कुल वित्तीय मदद बढ़कर 6,220 करोड़ रुपए हो गई है। राज्यभर के 13.34 लाख किसानों को इसका लाभ मिलेगा।

3.34 लाख किसानों को मिलेगा लाभ : सीएम विजय

मुख्यमंत्री विजय जोसेफ ने कहा कि उनकी सरकार अपने 100 दिन पूरे करने के करीब है और वह गांवों में लोगों की रोजी-रोटी को लेकर अपनी प्रतिबद्धता पर कायम है। उन्होंने दोहराया कि किसानों और खेती की भलाई तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। विजय ने कहा, अगर तमिलनाडु की जनता हमारी जिंदगी है, तो किसान हमारी जीवनरेखा हैं। किसानों की रोजी-रोटी की रक्षा करना, उनका कर्ज का बोझ कम करना और खेती को मजबूत करना इस सरकार की सबसे बड़ी जिम्मेदारियों में शामिल है। उन्होंने कहा कि जिन किसानों ने सहकारी बैंकों से 75 हजार रुपए तक का फसल कर्ज लिया है, अब उनका पूरा कर्ज माफ किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नई व्यवस्था के तहत 75 हजार रुपये से 1 लाख रुपये तक के कर्ज पर अधिकतम 75 हजार रुपये की माफी होगी। इससे 2,38,264 किसानों को 40 हजार रुपए तक का अतिरिक्त लाभ मिलेगा। (अनंत ज्ञान)

पाक-सऊदी-तुर्किये रक्षा समझौते से ट्रंप खुश

अमेरिकी राष्ट्रपति बोले- मजबूती से अपनी रक्षा कर सकेंगे तीनों देश

एजेंसी, वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान, सऊदी अरब और तुर्किये के बीच हुए मक्का संयुक्त रक्षा समझौते का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इस डील से तीनों देश मिलकर अपनी रक्षा ज्यादा मजबूती से कर सकेंगे।

ट्रंप ने रविवार को ट्रुथ सोशल पर लिखा, 'मुझे बहुत खुशी है कि पाकिस्तान, सऊदी अरब और तुर्किये ने आखिरकार मक्का संयुक्त रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए। इससे पता चलता है कि मिडिल-ईस्ट एकजुट हो रहा है और देश अब ज्यादा मजबूती से अपनी रक्षा कर सकेंगे।' ट्रंप ने तीनों देशों के नेताओं को बधाई देते हुए डील को 'बड़ा, साहसी और अहम पहला कदम' बताया। (अनंत ज्ञान)

तीनों में पिछले सप्ताह हुआ था रक्षा समझौता

रक्षा समझौते पर 7 अगस्त को मक्का में हस्ताक्षर हुए थे। समझौते पर सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान, तुर्किये के राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोगन और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हस्ताक्षर किए। एर्दोगन ने कहा है कि आगे दूसरे देश भी इस रक्षा व्यवस्था का हिस्सा बन सकते हैं। उन्होंने खास तौर पर मिस्र के जुड़ने की संभावना बताई है। डील का मकसद तीनों देशों के बीच सैन्य और सुरक्षा सहयोग बढ़ाना है।

लेविट को मुझसे ज्यादा अपने बच्चे पसंद : ट्रंप

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट के पद छोड़ने पर मजाक किया। उन्होंने कहा, 'मुझे पता चला है कि कैरोलिन लेविट मुझे पसंद करने से ज्यादा अपने बच्चों को पसंद करती हैं। मैं इसे लेकर बहुत चिंतित हूं।' टप ने साथ ही कहा कि लेविट की जगह लेना आसान नहीं होगा। लेविट अगस्त के आखिर में व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी की नौकरी छोड़ेंगी। उन्होंने अपने दो छोटे बच्चों के साथ ज्यादा समय बिताने के लिए यह फैसला लिया है। लेविट ने इसी हफ्ते पद छोड़ने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि वह अपने परिवार और दो छोटे बच्चों को ज्यादा समय देना चाहती हैं।

कावेरी जल विवाद पर सुप्रीम कोर्ट में एक हफ्ते टली सुनवाई

एजेंसी, नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कावेरी जल विवाद पर सुनवाई एक हफ्ते के लिए टाल दी। याचिका तमिलनाडु सरकार की तरफ से दायर की गई थी। याचिका में कर्नाटक सरकार को तमिलनाडु के हिस्से का कावेरी पानी तुरंत छोड़ने की मांग की गई है।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय ने 3 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने 12 अगस्त को कहा कि मामले में तमिलनाडु सरकार और अन्य पक्षों की ओर से दाखिल याचिकाओं पर 17 अगस्त को सुनवाई की जाएगी। अब अगली सुनवाई 24 अगस्त को होगी। (अनंत ज्ञान)

तमिलनाडु को पानी का तय हिस्सा नहीं मिल रहा

तमिलनाडु सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल अपनी याचिका में दावा किया कि कावेरी जल विनियमन समिति की ओर से राज्य के लिए तय पानी की मात्रा और कर्नाटक की ओर से छोड़ा गया पानी, दोनों ही काफी कम हैं। 28 जुलाई को हुई कावेरी जल विनियमन समिति की बैठक में कर्नाटक को 29 जुलाई से 15 दिनों तक रोजाना 3,500 क्यूसेक पानी छोड़ने का निर्देश दिया गया था। हालांकि, तमिलनाडु सरकार के मुताबिक, 29 जुलाई से 2 अगस्त के बीच बिलिगुंडुलु में पानी का प्रवाह 158 से 550 क्यूसेक के बीच ही रहा।

सेंसेक्स 280 अंक गिरकर 77,728 पर बंद

आईटी और एफएमसीजी के शेयर्स में सबसे ज्यादा बिकवाली

एजेंसी, मुंबई

शेयर बाजार में 17 अगस्त को गिरावट रही। सेंसेक्स 280 अंक गिरकर 77,728 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी करीब 78 अंक की गिरावट रही, यह 24,287 पर बंद हुआ। आईटी और एफएमसीजी शेयर्स में सबसे ज्यादा बिकवाली हुई।

वहीं, दूसरी ओर होराइजन इंडस्ट्रियल पार्क्स और ललिता ज्वेलरी मार्ट के आईपीओ आज से ओपन हो गए हैं। इनमें निवेशक 19 अगस्त तक बोली लगा सकेंगे। ललिता ज्वेलरी मार्ट इस आईपीओ के जरिए 1,700 करोड़ रुपए और होराइजन इंडस्ट्रियल पार्क्स 2,600 करोड़ रुपए जुटाना चाहती है। (अनंत ज्ञान)

सोना 1703 रुपए बढ़कर 1.54 लाख पर पहुंचा

एजेंसी, नई दिल्ली। सोने-चांदी की कीमतों में आज यानी 17 अगस्त को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,703 रुपए बढ़कर 1.54 लाख रुपए पर पहुंच गया है। एक किलो चांदी की कीमत 2,531 रुपए बढ़कर 2.36 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इस महीने यानी अगस्त में सिर्फ 17 दिन में ही सोना 11 हजार और चांदी 18 हजार रुपए महंगी हो चुकी है।